संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, सोमवार, 30 अक्टूबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 08 अंक: 290 पृष्ठ: 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



छत्तीसगढ़ दौरे पर आए कांग्रेसी नेता राहुल गांधी ने चुनावी रैली से पहले कटिया गांव में खेत में जा पहुंचे। खेत में जाकर राहुल ने उस समय सभी को हैरान कर दिया।

# केरल: प्रार्थना सभा में 3 ब्लास्ट, एक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/एनार्कुलम**

**केरल** के एनार्कुलम में रविवार को एक कन्वेंशन सेंटर में तीन धमाके हुए। इसमें एक की मौत और 52 लोग घायल हो गए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कलामासेरी में स्थित इस कन्वेंशन सेंटर में सुबह साढ़े 9 बजे के करीब 2 हजार लोग प्रार्थना कर रहे थे, उसी दौरान 5 मिनट के अंदर लगातार तीन धमाके हुए। राज्य के एडीजीपी (लॉ एंड ऑर्डर) अजित कुमार ने बताया कि एक शख्स ने कोडकारा पुलिस स्टेशन में सरेंडर किया है। उसका दावा है कि उसने ही कन्वेंशन सेंटर में बम रखा था।

**52 घायल**

**8 52 लोग घायल, त्रिशूर में एक शख्स ने सरेंडर किया, बोला- बम मैंने ही रखे, किया सरेंडर**

आरोपी का नाम डोमिनिक मार्टिन है। हालांकि, मार्टिन ने अभी तक यह नहीं बताया कि किस वजह से उसने ये धमाके किए। इस पूरे मामले में पुलिस की जांच जारी है। इससे पहले कन्नूर पुलिस ने भी एक व्यक्ति को उसके बैग में



संदिग्ध सामान मिलने के बाद हिरासत में ले लिया। बताया जा रहा है कि वह झारखंड का रहने वाला है। वह मंगलुरु से एरिकोड जा रहा था।

**52 घायलों में 6 की हालत गंभीर:** केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने बताया कि 52 लोगों को शहर के अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। इनमें 18 लोग आईसीयू में भर्ती हैं। एक 6 साल के बच्चे समेत 6 लोगों की हालत गंभीर है। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई है, जिसकी पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। जेहोवाज विटनेसेस संस्थान के स्थानीय प्रवक्ता टीए श्रीकुमार ने कहा कि कन्वेंशन हॉल में 9:45 बजे प्रेयर खत्म होने के बाद पहला धमाका हॉल के बीचों-बीच हुआ।

कुछ सेकेंड बाद हॉल के दोनों तरफ दो और धमाके हुए। एनार्कुलम में जहां ब्लास्ट हुआ है, उसके आसपास बड़ी संख्या में यहूदी समुदाय के लोग रहते हैं।

## धमाकों के समय केरल के सीएम दिल्ली में धरना दे रहे थे

**जिस** समय केरल में धमाके हुए, उस वक्त राज्य के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन दिल्ली में धरना दे रहे थे। यह धरना कम्युनिस्ट पार्टी ने गाजा पर इजराइल के हमले के विरोध में आयोजित किया है। धमाकों के बाद भी विजयन धरने में ही मौजूद रहे। हालांकि उन्होंने धमाकों को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि धमाके के बाद के हालात को लेकर उन्होंने राज्य के डीजीपी से बात की है। ब्लास्ट की खबर के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गृह मंत्रालय और सुरक्षा एजेंसियों के अफसरों के साथ हाई-लेवल मीटिंग की।

## एनार्कुलम के सभी अस्पताल अलर्ट पर, डॉक्टरों की छुट्टियां रद्द

**केरल** की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने विस्फोट में घायल हुए लोगों को बेहतर इलाज करने के लिए विभाग के अफसरों को निर्देश जारी किया गया है। एनार्कुलम के सभी अस्पतालों को अलर्ट कर दिया गया है। मंत्री ने डॉक्टरों समेत सभी स्वास्थ्य कर्मियों को, जो छुट्टी पर हैं, तुरंत लौटने का निर्देश दिया है। इसके अलावा कलामासेरी मेडिकल कॉलेज, एनार्कुलम जनरल हॉस्पिटल और कोट्टायम मेडिकल कॉलेज में अतिरिक्त सुविधाएं बढ़ाने के भी निर्देश दिए गए हैं। एक दिन पहले फिलिस्तीन के समर्थन वाली रैली में हमास नेता वर्चुअली शामिल हुआ था

केरल में पिछले कुछ दिनों से फिलिस्तीन के समर्थन में मुस्लिम संगठन लगातार रैलियां कर रहे हैं। दो दिन पहले एनार्कुलम में हमास के समर्थन में भी एक रैली हुई थी। 27 अक्टूबर को भी मल्लपुरम में

# 'वही सामान खरीदें, जिसमें देशवासी का पसीना हो'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री ने एशियन** गेम्स और पैरा एशियन गेम्स में भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन की भी तारीफ की और साथ ही खिलाड़ियों को बधाई दी। इसके बाद प्रधानमंत्री ने गुजरात के अंबाजी मंदिर के रास्ते में बनीं प्रतिमाओं के बारे में दिलचस्प जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये प्रतिमाएं कबाड़ से बनी हैं। प्रधानमंत्री ने इसके बाद असम के कामरूप जिले में स्थित एक स्कूल का जिक्र किया, जहां के छात्र प्लास्टिक वेस्ट जमा करते हैं और उससे इको फ्रेंडली ईंटे और अन्य सामान बनता है। पीएम ने कहा कि इस पहल के जरिए बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरुक किया जा रहा है।

**आदिवासी योद्धाओं को किया याद:** प्रधानमंत्री ने कहा कि 'भारतवर्ष में आदिवासी योद्धाओं का समृद्ध इतिहास रहा है। देश अपने आदिवासी समाज का कृतज्ञ है, जिन्होंने राष्ट्र के स्वाभिमान और उत्थान को हमेशा सर्वोपरि रखा है। इनमें तिलका मांझी ने अन्याय के



**मन की बात**

**8 भारतवर्ष में आदिवासी योद्धाओं का समृद्ध इतिहास रहा है। देश अपने आदिवासी समाज का कृतज्ञ है**

खिलाफ आवाज उठायी। सिद्धो कान्हू ने समानता की आवाज उठाई। टंट्या भील पर हमें गर्व है और शहीद वीर नारायण सिंह को श्रद्धा से याद करते हैं। वीर रामजी गोंड हों, वीर गुंडाधुर या भीमा नायक, उनके साहस से हम आज भी प्रेरित होते हैं।

# विजयनगरम जिले में दो ट्रेनों की टक्कर; तीन की मौत, 10 घायल

**टीम एक्शन इंडिया/ विशाखापत्तनम**

**आंध्र** प्रदेश के विजयनगरम जिले में दो ट्रेनों की टक्कर हो गई है। हादसे में 10 लोग घायल बताए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, विशाखापत्तनम से आ रही एक यात्री ट्रेन रायगढ़ा जा रही थी। कुछ रिपोर्ट में तीन लोगों की मौत होने का भी दावा किया जा रहा है। यह भी दावा किया गया कि एक एक्सप्रेस ट्रेन खड़ी रेलगाड़ी से टकरा गई। आंध्र प्रदेश के सीएम वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया और अधिकारियों को घायल लोगों को सहायता प्रदान करने का आदेश दिया।

आंध्र प्रदेश सीएमओ के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने राहत उपाय करने और विजयनगरम के निकटतम जिलों विशाखापत्तनम और अनाकापल्ली से अधिक से अधिक एम्बुलेंस भेजने और अच्छी चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए आसपास के अस्पतालों में उचित व्यवस्था करने का आदेश दिया।

# 'एक से केवल सीएनजी, इलेक्ट्रिक व बीएस-6 बसें ही दिल्ली में कर सकेंगी प्रवेश'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने रविवार को वाहन प्रदूषण को कम करने को लेकर कश्मीरी गेट आईएसबीटी का औचक निरीक्षण किया। आईएसबीटी में एनसीआर राज्यों से आने वाली डीजल बसों के ड्राइवर को जागरूक किया। एक नवंबर से दिल्ली में सिर्फ इलेक्ट्रिक, सीएनजी एवं बीएस-श्क बसें ही प्रवेश कर सकेंगी। दिल्ली में सभी बसें सीएनजी पर चल रही हैं। मंत्री गोपाल राय ने कहा कि केंद्र सरकार हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के एनसीआर क्षेत्रों में संचालित होने वाली बीएस-3 और बीएस- 4 बसों को दिल्ली में प्रवेश को प्रतिबंधित करे। एक नवंबर से सभी एंट्री पॉइंट पर परिवहन विभाग द्वारा चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। एक नवंबर से दिल्ली में सिर्फ इलेक्ट्रिक, सीएनजी एवं बीएस-श्क बसें ही आ सकती हैं।

**सख्ती**

**8 एनसीआर क्षेत्रों में संचालित होने वाली बीएस-3 और बीएस-4 बसों को दिल्ली में प्रवेश को प्रतिबंधित करे**



# 'महाराजा अजमीढ़ देव धर्म कर्म में विश्वास रखने वाले न्यायप्रिय राजा थे'

## जिनके खिलौने और आभूषण बनाने के शौक के चलते स्वर्णकार समाज की उत्पत्ति हुई: राजीव जैन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने स्वर्णकार समाज के प्रवर्तक महाराजा अजमीढ़ देव जी की जन्म जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह धर्म कर्म में विश्वास रखने वाले न्यायप्रिय राजा थे जिनके खिलौने और आभूषण बनाने के शौक के चलते स्वर्णकार समाज की उत्पत्ति हुई। महाराजा अजमीढ़ स्वर्णकार सेवा सोसायटी द्वारा निजी गार्डन में जयंती कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई तथा समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। राजीव जैन ने अतिथि के तौर पर पहुँच कर दीप प्रवज्जलन किया और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। कलश यात्रा में महाराजा अजमीढ़



के स्वरूप की झांकी आकर्षण का केन्द्र थी। राजीव जैन ने कहा कि महापुरुषों की शिक्षा एक समाज के लिए नहीं बल्कि सर्व समाज के उत्थान एवं कल्याण के लिए होती हैं और उनकी जयंती मनाने से प्रेरणा एवं ऊर्जा मिलती है। उन्होंने कहा कि देश की भावी पीढ़ी में अच्छे संस्कार पैदा हो इसके लिए उन्हें महापुरुषों के इतिहास से अवगत करवाते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में डेढ़ करोड़ की लागत से महाराजा अजमीढ़ के नाम पर सब्जी मंडी के पीछे एक विशाल भवन का निर्माण करवाया गया था और महाराजा अजमीढ़ स्वर्णकार सेवा सोसाइटी को भवन बनाने के

**जन्म जयंती**

**8 देश की भावी पीढ़ी में अच्छे संस्कार पैदा हो इसके लिए उन्हें महापुरुषों के इतिहास से अवगत करवाते रहना चाहिए**

लिए जमीन देने का प्रस्ताव सरकार को भिजवाया जा रहा है। कार्यक्रम में जितेंद्र वर्मा (बिट्टू), संजय वर्मा, प्रवीण वर्मा, राजू वर्मा, महेन्द्र वर्मा, रवींद्र वर्मा, सतीश सोनी , मुकेश वर्मा, सुरेश वर्मा फरीदाबाद , हरियाणा पुलिस सेवक अशोक वर्मा, आनंद कटेवडिया, कौशल वर्मा, राकेश माहिच, सोसाइटी के संरक्षक, पदाधिकार, सदस्यगण और अजमीढ़ रत्न मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# पोस्ट ऑफिस वाली गली का निर्माण कार्य का हुआ श्रीगणेश: मिथुन वर्मा

**विकास कार्य**

**8 मिथुन वर्मा ने बताया कि नगर निगम से इस कार्य के लिए पांच लाख रुपये का टेंडर पास हुआ है**

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
अंबाला शहर नगर निगम वार्ड नंबर 10 के कांग्रेसी पार्षद (सदस्य) मिथुन वर्मा द्वारा अंबाला शहर के रेलवे रोड़ स्थित पोस्ट ऑफिस वाली गली के निर्माण कार्य का शुभारंभ मां दुर्गा शक्ति की प्रतिमा को पुष्पमाला पहनाकर व पूजा अर्चना करने के उपरान्त निर्माण कार्य का श्रीगणेश वार्ड की सम्मानित शख्सियत श्रीमति विजय तुली द्वारा कस्सी चला कर किया गया। मिथुन वर्मा ने बताया कि नगर निगम से इस कार्य के लिए पांच लाख रुपये का टेंडर पास हुआ है। जिसके अंतर्गत दोनों ओर की नालियों में



अंडरग्राउंड पाइप डालकर गली का निर्माण कार्य किया जाएगा। उन्होंने वार्ड वासियों से कहा कि क्षेत्र के विकास कार्य को निरन्तर गति प्रदान की जा रही है तथा प्राथमिकता के आधार पर सभी विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। मिथुन वर्मा ने कहा कि अब तक वार्ड में लाखों रुपये की लागत से अनेक विकास कार्य करवाए जा चुके हैं तथा जल्द ही शेष बचे विकास कार्यों को भी पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि वार्ड 10 के लोगों की विकास से जुड़ी सभी जायज मांगों को एक-एक करके पूरा किया जा रहा है। क्षेत्रवासियों की जो भी समस्याएं हैं उनका त्वरित समाधान करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि वार्ड 10 उनका परिवार है ऐसे में इस वार्ड के लोगों को अपने कार्य करवाने में कोई भी परेशानी नहीं आने दी जाएगी। इस मौके पर देविंदर वर्मा, राहुल, दीपक, चंदन, रोमा, विजय तुली, अजय पाल सिंह, रमेश कुमार सूद, चंदन, जितेंदर कुमार, बब्बू तुली, सागर, ज्योति, रेखा, रमन पूरी, राजेश कुमार, इंदर गुलाटी, अमित बंसल इत्यादि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# प्रचार वैन वोट बनाने के लिए कर रही जागरूक



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत,**
जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार के निर्देशन में जिला निर्वाचन कार्यालय की प्रचार वैन जिला में गांव-गांव जाकर 01 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं और महिलाओं जिन्होंने अभी तक अपनी वोट नहीं बनवाई है उनको जागरूकर कर रही है। साथ ही मतदाता सूची को दुरुस्त करने की जानकारी भी मतदाताओं को दे रही है। उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि आने वाले लोकसभा चुनावों के दृष्टिगत तैयार की जा रही मतदाता सूची तैयार की जा रही है। मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन से पहले मतदाता सूची को दुरुस्त करने का कार्य किया जाएगा, जिसमें सबका सहयोग अपेक्षित है। मतदाता सूची को अपडेट करने के लिए दावे तथा आपत्तियां दर्ज की जाएगी, जिसके लिए 9 दिसंबर तक कोई भी व्यक्ति दावे-

**मतदाता सूची**

**8 आने वाले लोकसभा चुनावों के दृष्टिगत तैयार की जा रही मतदाता सूची तैयार की जा रही है**

आपत्ति दर्ज करवा सकता है। इसके लिए विशेष रूप से अवकाश दिवसों पर शनिवार-रविवार को 4 नवंबर व 5 नवंबर तथा 2 दिसंबर व 3 दिसंबर को सभी बीएलओ अपने-अपने बूथों पर उपलब्ध रहकर दावे-आपत्तियां लेंगे। मतदाताओं को इस विशेष कैंपेन का लाभ उठाना चाहिए। उपायुक्त ने कहा कि एक जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा अपना वोट जरूर बनवाएं । विशेष रूप से महिला मतदाताओं को वोट बनवाने के लिए प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है।

## 'पटेल जयंती पर 31 अक्टूबर को होगा रन फॉर यूनिटी का आयोजन'

**पानीपत, कमाल हुसैन**
डीसी वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर 31 अक्टूबर को जिला में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। पानीपत में जिला स्तरीय तथा समालखा में उप मंडल स्तर पर इन कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। डीसी ने बताया कि हर वर्ष की तरह 31 अक्टूबर को होने वाले इस कार्यक्रम में आमजन की भागीदारी भी रहेगी। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागी दौड़ लगाएंगे। यह दौड़ जिला सचिवालय से सुबह 6:30 बजे शुरू होगी।

# साइबर सुरक्षा को लेकर पुलिस ने आमजन को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साईबर हरियाणा ओ.पी. सिहँ के निदेर्शानुसार व पुलिस अधीक्षक अम्बाला श्री जशनदीप सिहँ रंधावा के कुशल मार्गदर्शन में बस स्टैंड अम्बाला शहर पर अम्बाला पुलिस ने साईबर जागरूकता अभियान चलाकर आमजन/ कर्मचारियों को साईबर अपराधों के बारे जागरूक किया और साईबर अपराधों से बचने के उपाये बताए। इस साईबर सुरक्षा जागरूकता अभियान मे कार्यक्रम में काफी संख्या में आमजन/महिलाऐ/बच्चे व पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया। साईबर जागरूकता कार्यक्रम के दौरान उपस्थितगणों को साईबर



थाना अम्बाला की निरीक्षक सतविन्द्र कौर, स.उ.नि. शम्भू लाल इन्चार्ज चैंकी नम्बर-3 अम्बाला शहर व साईबर एक्सपर्ट बबीत कुमार ने साईबर अपराधो से बचने की विशेष जानकारी दी। जिसमे उन्होंने बतलया कि किसी भी अनजान व्यक्ति की काल पर भरोसा करके आप अपने बैक खाता/क्रैडिट/डेबिट कार्ड की जानकारी साझां ना करे। गुगल पर सर्च किये गए कस्टमर केयर के

**सावाधानी बरते**

**8 अनजान व्यक्ति की काल पर भरोसा करके आप अपने बैक खाता/क्रैडिट/डेबिट कार्ड की जानकारी साझां ना करे**

नम्बर का इस्तेमाल ना करे। अपने फेसबुक,व्हटसप का पासवर्ड माह में बदलते रहे। सोशल मिडिया का सावधानी से इस्तेमाल करें, ऑनलाइन खरीद- बिक्री पर सावधानी रखे, लोन एप्स, जॉब, ओएलएक्स फ्रॉड आदि से सावधान रहें। अपना कोई भी पासवर्ड किसी से भी शेयर ना करे, किसी भी अनजान व्यक्ति का विडियो काल ना उठाएं। बिना जानकारी के लालच में आकर आनलाईन सस्ते सामान को ना खरीदे जिससे कि आपको नुक्सान उठाना पढे। उन्होने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगो को साईबर अपराधों व धोखधडी करने वालो से बचाना और जागरूक करना है।

साईबर अपराध घटित होने पर तुरन्त साईबर क्राईम हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर काल करें व वेबसाइट साइबर क्राईम डाट जीओवी डाट इन पर अपनी शिकायत दर्ज करवाये। अम्बाला पुलिस द्वारा अक्तूबर माह को साईबर सुरक्षा जागरूकता माह के रूप मे व सी यू इन साइबर की थीम के साथ मनाया जा रहा है।

# राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में निकाली 37 किमी यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
"**देखो** अपनी घर की छत पर कहीँ प्यारा तिरंगा खंडित तो नही " इस सन्देश के साथ मे सामाजिक कार्यकर्ता व माँ भारती रक्तवाहिनी सँस्था के सचिव प्रेम गौतम ने सोनीपत से गन्नौर 37 किलोमीटर की साइकिल यात्रा की। इस तरह के अनेकों सामाजिक सन्देश देते हुए गौत्तम 200 से ज्यादा छोटी बड़ी 35 हजार किलोमीटर की साइकिल यात्रा कर चुके है। सन्देश देते हुए बताया कि 15 अगस्त व 26 जनवरी को हम



राष्ट्रीय पर्व मनाते है और राष्ट्रीय ध्वज बड़े फक्र से फहराते है लेकिन उसे लगा कर भूल जाते है और वह कुछ समय के बाद खंडित व बदहाल अवस्था मे आ जाता है जिसे हम सबको सम्मान सहित उतार लेना चाहिए।

**संदेश**

**8 गौत्तम 200 से ज्यादा छोटी बड़ी 35 हजार किमी की साइकिल यात्रा कर चुके हैं**

# महर्षि वाल्मीकि संस्कृत भाषा के पितामाह थे: प्रो. रामबिलास



**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना महेंद्रगढ़।**
महर्षि वाल्मीकि संस्कृत भाषा के पितामाह थे, जिन्होंने बुराई पर नेकी की जीत का संदेश अपने महान ग्रंथ श्री रामायण के जरिए दिया। उन्होंने समाज से भेदभाव को दूर करने के लिए भी प्रेरित किया और सभी को आपस में मिलजुल कर रहने की प्रेरणा दी। उनके जीवन से प्रेरणा लेकर हमें समाज की भलाई के काम करने चाहिएं। यह विचार पूर्व शिक्षा मंत्री प्रोफेसर रामबिलास शर्मा ने मोहल्ला वाल्मीकि में भगवान महर्षि वाल्मीकि के प्रकटोत्सव पर व्यक्त किए। इस मौके पर पूर्व मंत्री प्रोफेसर रामबिलास शर्मा ने समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी ने पवित्र रामायण की रचना कर पूरी मानवजाति के कल्याण के लिए धर्म का मार्ग प्रशस्त किया। समरसता व सद्भाव के प्रतीक महर्षि वाल्मीकि जी की शिक्षा व विचार हमें एक समृद्ध व गौरवशाली समाज की रचना करने की प्रेरणा देते है। शहर में शोभायात्रा निकाली जिसकी सभी दर्शकों ने प्रशंसा की। इस मौके पर नगर पालिका के अध्यक्ष रमेश सैनी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# जिला सचिवालय परिसर से कलश यात्रा दिल्ली के लिए हुई रवाना

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**आजादी** के अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी-मेरा देश, मिट्टी व वीरों को नमन कार्यक्रम के अंतिम चरण में उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया के दिशा-निर्देश पर समालखा उपमण्डल के खण्ड एवं विकास पंचायत अधिकारी नितिन यादव के नेतृत्व में जिला सचिवालय परिसर से कलश यात्रा को रविवार के दिन दिल्ली के लिए रवाना किया गया। इस यात्रा में सभी खण्डों के अलावा समालखा उपमण्डल व नगर निगम से कलशों को लेकर प्रतिनिधि पहुंचे थे। उपायुक्त ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत कार्यक्रम का यह अंतिम



चरण है। इसमें सभी खण्डों से एकत्रित किए गए कलश को दिल्ली में ले जाया जाएगा। मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम की श्रृंखला कार्यक्रम में अमृत काल के पांच प्रण पर मुख्य जोर रहा है। उपायुक्त ने बताया कि यह कार्यक्रम पूरी तरह आजादी के वीरों को समर्पित है। उनकी याद में यह कलश यात्रा आयोजित की जा रही है। इस कलश यात्रा में ले जाई जा रही मिट्टी देश के गौरव का व एकता

**गर्व का पल**

**8 कलश यात्रा मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम का अंतिम चरण, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे कलश लेकर आए देश के सभी प्रतिनिधियों को संबोधित**

का स्मरण कराती है। पूरे देश की भावनाएं इस कलश यात्रा के साथ जुड़ी हुई है। इस कलश यात्रा का वीरों के लिए एक ही मुख्य संदेश है। डीसी वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत सबसे पहले हर गांव की मिट्टी को खंड स्तर पर एक कलश में इक्का किया गया था और खंड स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। इसके बाद जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर इस मिट्टी को इक्का किया गया था। यह सभी प्रतिनिधि दिल्ली के लिए रवाना किए गए हैं। जहां पर सोमवार को इनका प्रशिक्षण होगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन सभी प्रतिनिधियों को संबोधित करेंगे। देश के प्रत्येक गांव से इकी की गई इस माटी से दिल्ली में अमृत वाटिका स्थापित की जाएगी। इस कलश यात्रा की रवानगी के दौरान नेहरू युवा केन्द्र की यूथ अधिकारी स्नेहलता, लेखाकार कनिका, वोलेंटियर सौरभ आदि मौजूद थे।

# इनेलो प्रदेशाध्यक्ष नफे सिंह राठी ने वाल्मीकि जयंती समारोह में की शिरकत

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़**
महर्षि वाल्मीकि के जीवन से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। उनके द्वारा दी गई सभी सीख अनुकरणीय है। इसलिए समस्त मानव जाति को उनके दिखाए मार्ग पर चलकर जनहित में कार्य करने चाहिए। यह बात इंडियन नेशनल लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष नफे सिंह राठी ने गांव कानौंदा में आयोजित महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही। समारोह में पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका पगड़ी बांध कर व फूलमालाओं से जोरादार स्वागत किया।
भगवान महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित करने के बाद इनेलो प्रदेशाध्यक्ष नफे



सिंह राठी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने रामायण महाकाव्य की रचना की और उन्हें आदि कवि कहा जाता है। रामायण एक पावन ग्रंथ है जिसमें प्रेम, त्याग, तप व यश की भावनाओं को महत्व दिया गया है। जिसके अंदर भगवान श्रीराम के जीवन वृतांत को विस्तार से बताया गया है। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि विचारों से प्रेरणा लेकर आज सभी को सदमार्ग पर चलते हुए मानव जाति के भलाई के लिए कार्य करने चाहिए। क्योंकि एक-दूसरे की मदद करने से ही जीवन को सुगम तरीके से जीया जा सकता है। इसके अलावा उन्होंने अपनी नेक कमाई से समारोह के आयोजकों को 11 हजार रुपये भेंट किए। इस दौरान ग्रामीणों ने वाल्मीकि धर्मशाला बनाए जाने की बात भी कही। जिस पर इनेलो प्रदेशाध्यक्ष नफे सिंह राठी ने कहा कि इनेलो की सरकार आते ही गांव कानोंदा में वाल्मीकि धर्मशाला बनवाई जाएगी, जिसमें ग्रामीणों को खर्च नहीं लगने दिया जाएगा।

**प्रेरणास्त्रोत**

**8 महर्षि वाल्मीकि के दिखाए सदमार्ग पर चले लोग: नफे सिंह राठी, इनेलो प्रदेशाध्यक्ष**

# धर्मपाल गुप्ता ने जनसंपर्क अभियान के तहत गांव ददलाना का दौरा किया

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**हरियाणा** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट धर्मपाल गुप्ता ने अपने जनसंपर्क अभियान के तहत गांव ददलाना का दौरा किया तथा ग्रामवासियो ने फूलमाला पहना कर स्वागत किया। ग्रामवासियो ने बताया की सरकार ने हमारे राशन कार्ड काट दिये है,बिजली के बिल बहुत ज्यादा आ रहे है, सरकारी स्कूल बद हाल में है, सरकारी अस्पताल में कोई डॉक्टर नहीं है नाही दवाइयां हैं, कभी भी हमारे गांव में दवाई का छिड़काव नहीं हुआ डेंगू की बीमारी चल रही है। और हमारे गांव के साथ



जो नाला बह रहा है। उसमें रिफाइनरी का केमिकल युक्त पानी भरपूर मात्रा में छोड़ा जा रहा है जिससे पूरे गांव में कैंसर की बीमारी तक लोग पीड़ित है तथा पुलिस गाँव के ही बाहर नाजायज चालान काट रही है, हमारे गांव में इस सरकार ने अभी तक कोई भी नौकरी देने का काम नहीं किया है और बच्चे बेरोजगार घूम रहे हैं रिफाइनरी में भी हमारे बच्चों को नौकरियां नहीं मिलती जबकि रिफाइनरी भी हमारे गांव की जमीन में बसी हुई है तथा गांव की सारी गलीयाँ व सड़के टूटी हुई है।




## न्यूज फ्लैश

### सामाजिक संगठन ने पपीहा पार्क के गेट की सफाई कर जताया रोष, मुख्यमंत्री को पत्र लिखा

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
नगर परिषद द्वारा हाल ही में शहर के सही पड़े डिवाइडर, शहर के मुख्य पपीहा पार्क के गेट व फव्वारे को तोडकर 4 करोड़ के लगभग लागत से इन्हें दोबारा बनाकर जनता के पैसे को बर्बाद करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। इसके विरोध स्वरूप रविवार को सामाजिक संस्था सिटी वेलफेयर क्लब द्वारा शहर के जागरूक नागरिकों के साथ मिलकर पपीहा पार्क के गेट की दीवारों को साफ कर अनोखे तरीके से अपना रोष प्रकट किया। सैर करने आने वाले लोगों सतीश, राजकुमार, विरेन्द्र, महेंद्र मदान, हिमांशु मित्तल आदि ने भी संस्था को अपना समर्थन दिया और नगर परिषद द्वारा बेफिजूल के काम कर जनता के पैसों को बर्बाद करने के आरोप लगाए। इस अवसर पर संस्था सदस्यों ने पपीहा पार्क के गेट की दीवारों की सफाई की वहीं इसकी ग्रिलों व गेटों पर रंग कर इसे चमका दिया गया। संस्था अध्यक्ष विनोद अरोड़ा ने कहा कि इस पार्क का गेट सही अवस्था में पड़ा है और इसकी दीवारों पर धौलपुरी पत्थर लगा हुआ है। यह महंगा पत्थर होता है जिसे आम लोग अपने घरों तक में नहीं लगवा सकते। नगर परिषद इसे तोडकर लाखों करोड़ों रुपए से नया गेट बनाना चाहती है जोकि सरासर भ्रष्टाचार व जनता के पैसो की बर्बादी है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद यहां के बाथरूम की सफाई तक नहीं करवाती और यहां की दीवारो पर पोस्टर लगा गंदा करने वालों पर कार्रवाई तक तो करती नहीं है। दूसरी तरफ सही पड़े गेटों को तोडकर नया बनाने का षड्यंत्र पैसे खाने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने इसके लिए सीधे-सीधे नगर परिषद अधिकारियों पर आरोप लगाया, जो शहर की टूटी हुई गलियां है, उन्हें बनाया नहीं जा रहा उसके उल्ट साफ सुथरी गलियां तोडकर बनाई जा रही है। इनके इस भ्रष्टाचार से जनता त्रस्त है। शहर के नागरिक जागरुक है वह सब जानते हैं और इस तरह से भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### आजादी का अमृत महोत्सव व मेरी माटी मेरा देश के समापन समारोह के प्रतिभागी पहुंचे गुरुग्राम के धनचिरी कैंप

**चंडीगढ़:** मेरी माटी मेरा देश के राष्ट्रव्यापी अभियान व आजादी के अमृत महोत्सव के समापन कार्यक्रम में भागीदारी करने हरियाणा सहित देश के सभी जिलों के अमृत कलश यात्री राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली पहुंच चुके हैं। इन यात्रियों के ठहराव की व्यवस्था दिल्ली बॉर्डर पर गुरुग्राम के धनचिरी कैंप व नई दिल्ली स्थित राधा स्वामी सत्संग ब्यास के परिसर में की गई है। हरियाणा से 259 अमृत कलश यात्री रविवार को मिट्टी के 231 कलश लेकर कैम्प में पहुंचे। हरियाणा से पहुंचे प्रतिनिधियों में 236 पुरुष व 23 महिला है।इसके साथ ही हरियाणा के सभी जिलों से नेहरू युवा केन्द्र के 260 वालंटियर भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए है। हरियाणा के 496 सदस्यीय दल का संस्कृति मंत्रालय के अधिकारियों ने कैम्प में पहुंचने पर स्वागत किया। हरियाणा के सभी जिलों के प्रतिनिधि अपने खण्ड व स्थानीय निकाय की मिट्टी के 231 कलश लेकर रविवार की शाम को धनचिरी कैंप में पहुंचे। हरियाणा के दल का भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अधिकारियों ने स्वागत किया। हरियाणा सरकार की ओर से सूचना, जनसंपर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग के संयुक्त निदेशक (एनसीआर) आरएस सांगवान कार्यक्रम के लिए समन्वयक बनाया गया है। भारत सरकार की ओर से अमृत कलश यात्रियों के ठहरने की अच्छी व्यवस्था की है। प्रदेश के सभी जिलों के 259 अमृत कलश यात्री इस शिविर में ठहरेंगे।
संयुक्त निदेशक एनसीआर ने बताया कि 30 अक्टूबर को, हरियाणा सहित देश के सभी राज्य अपने-अपने प्रखंड और शहरी स्थानीय निकायों का प्रतिनिधित्व करते हुए तथा एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को दशार्ते हुए अपने कलश से मिट्टी को एक विशाल अमृत कलश में डालेंगे। अमृत कलश में मिट्टी डालने के समारोह के दौरान प्रत्येक राज्य के लोकप्रिय कला रूपों को प्रदर्शित किया जाएगा। धनचिरी कैंप में देश की सांस्कृतिक विविधता करने तथा एक भारत-श्रेष्ठ भारत के विराट स्वरूप को प्रदर्शित करने के लिए विशाल सांस्कृतिक मंच भी बनाया गया है। जहां रविवार व सोमवार को देश के सभी राज्यों के कलाकार अपने परंपरागत लोक नृत्यों, लोक गीतों व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे। स अवसर पर सूचना, जनसंपर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा की उपनिदेशक उषा रानी सहित प्रदेश के सभी जिलों से अमृत कलश यात्रा में शामिल प्रतिनिधि भी उपस्थित रहें।

# ग्रुप डी भर्ती अगले माह तक पूरा करने की घोषणा

## ऑटो मार्केट सिरसा की राशि ब्याज समेत देने की घोषणा, सिरसा ऑटो मार्केट में पेट्रोल पंप व दुकानें आदि के लिए भूमि अलाट करने की घोषणा, थेहड़ से विस्थापितों को

**मिलेंगी नौकरियां**

8 मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश की गौशालाओं के लिए 2 रुपए प्रति यूनिट की दर से बिजली उपलब्ध करवा रही है



**टीम एक्शन इंडिया/ चण्डीगढ़/दीपिका शर्मा**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि 1997-98 में ऑटो मार्केट सिरसा से ली गई 70 लाख रुपये की राशि बैंक ब्याज सहित वापस लौटाई जाएगी। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने ऑटो मार्केट में दुकानें, पैट्रोल पम्प, सर्विस स्टेशन, रेस्टोरेंट आदि के लिए निर्धारित भूमि अलाट करने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री सिरसा की ऑटो मार्केट का औचक निरीक्षण करने उपरांत दुकानदारों की समस्याओं की सुनवाई कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑटो मार्केट में 7 करोड़ की लागत से 210 नई दुकानों का निर्माण करवाकर नीलामी के माध्यम से इन दुकानों को अलाट किया जाएगा। ये दुकानें केवल उन्हीं लोगों को वितरित की जाएंगी जो लोग इसी सेक्टर से जुड़े क्षेत्र में काम कर रहे हैं। इस प्रकार सही लोगों को दूकानों का लाभ मिलेगा और आटो मार्केट भी पूर्ण रूप से विकसित हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑटो मार्केट में निर्धारित पेट्रोल पंप की जमीन पर पेट्रोल पंप लगाने के लिए भी जल्द ही नीलामी की जाएगी। इसकी मिनिमम बेस प्राइस 9 करोड़ रुपये रखी जाएगी ताकि आसपास के लोगों को इसका भरपूर लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि ऑटो मार्केट में नगर परिषद द्वारा लगभग एक एकड भूमि पर 36 दुकानें बनाई गई हैं जिन्हें कलेक्ट्रेट रेट के हिसाब से ऑटो मार्केट को दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आटो मार्केट में दो सर्विस स्टेशन और रेस्टोरेंट के लिए भी जगह निर्धारित की गई है। इस भूमि को भी नीलामी के जरिए बेचा जाएगा। इस प्रकार आटो मार्केट को सभी सुविधाओं से युक्त किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने सिरसा ऑटो मार्केट में पहुँचकर और 38 वर्ष पूर्व स्थापित मार्केट का निरीक्षण कर दुकानदारों की समस्याएं सुनी।

### सीएम ने मेडिकल कॉलेज बाबा सरसाई नाथ के नाम पर करने की घोषणा की

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़/सिरसा**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल रविवार को सिरसा के गांव सिकंदरपुर स्थित डेरा ब्यास में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने साध संगत के साथ बैठकर बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लो की शब्दवाणी सुनी। तत्पश्चात मुख्यमंत्री ने बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लो के निवास स्थान पर जाकर उनसे मुलाकात की तथा उन्हें शॉल भेंट कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल सत्संग के बाद सिरसा के रेडक्रोस भवन में बनने वाले नशा मुक्ति पुनर्वास केंद्र की जमीन का निरीक्षण किया और उपायुक्त पार्थ गुप्ता को आवश्यक निर्देश दिये कि नशा मुक्ति भवन का नक्शा इस प्रकार से तैयार किया जाये कि उस पुनर्वास केंद्र का भविष्य में आसानी से विस्तार किया जा सके। मुख्यमंत्री ने इसके बाद सिरसा में बनाए जाने वाले मेडिकल कॉलेज की जमीन का निरीक्षण करते हुए कहा कि सिरसा बाबा सरसाई नाथ के नाम पर बसा हुआ है।
इसलिए मुख्यमंत्री ने सिरसा बनने वाले मेडिकल का कॉलेज का नाम बाबा सरसाई नाथ के नाम पर करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज के भवन निर्माण की मंजूरी सरकार द्वारा दी जा चुकी है और जल्द ही इसका निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा ताकि आसपास के लोगों को और अधिक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ हो सके।

## देश में कोई ऐसा व्यापार नहीं है जो हरियाणा से अछूता होः दुष्यंत चौटाला



**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
**उपमुख्यमंत्री** दुष्यंत चौटाला ने कहा कि आज देश में कोई ऐसा ट्रेड (व्यापार) नहीं है जो हरियाणा से अछूता हो। सरकार के स्तर पर इंडस्ट्रीज को और कैसे बेहतर सहयोग किया जाए, इसके लिए निरंतर नीति निर्धारण का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक संस्थानों का मानना है कि हरियाणा से बेहतर व सुरक्षित व्यापार का माहौल किसी राज्य में नहीं है। यह बात उन्होंने सेक्टर-29 में एमएसएमई निदेशालय व फेडरेशन ऑफ नेशनल इंडस्ट्रीज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित गुरुग्राम इंडस्ट्रियल एक्सपो व जिला प्रशासन गुरुग्राम द्वारा आयोजित जिला व्यापार मेले के समापन समारोह में कही।उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी निवेशक किसी प्रदेश में इन्वेस्ट करने से पहले वहां व्यापार अनुकूल वातावरण के साथ वहां ट्रांसपोर्ट कनेटिविटी को प्राथमिकता देता है। हरियाणा छोटा प्रदेश होने के बावजूद आज यहां 11 एक्सप्रेसवे हैं। यही हमारे एडवांटेज हैं, जिसमें और बढ़ोतरी करने व पहले से मौजूद इंफ्रा को और बेहतर करने के लिए हरियाणा सरकार निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में एशिया का सबसे बड़ा सात मंजिला वेयर हाउस गुरुग्राम जिला में फ्लिप्कार्ट द्वारा बनाया जा रहा है।चीन के बाद छोटे फोन की बैट्री का सबसे बड़ा संयत्र जिला नूंह में लगाया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि आज जो सेक्टर हरियाणा से संबंध नहीं रखता, उसमे भी तेज गति से काम आगे बढ़ रहा है। एरो डिफेंस इसका प्रमुख उदाहरण है। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने सिमिलर माइंड गेट टुगेदर कथन का उल्लेख करते हुए कहा कि जब एक सोच वाले व्यक्ति सकारात्मक माहौल में एक साथ इक्कठे होते हैं, तब कुछ नया इनोवेशन होता है।

## प्रदेश की गौशालाओं को दी जा रही है 2 रुपये प्रति यूनिट बिजली: रणजीत सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़/ काजल रानी**
**हरियाणा के** ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में बिजली का लाइन लॉस 2 प्रतिशत कम हुआ है तथा मौजूदा समय में बिजली विभाग लगभग 1500 करोड़ के लाभ में है। हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश की गौशालाओं के लिए 2 रुपए प्रति यूनिट की दर से बिजली उपलब्ध करवा रही है। प्रदेश की जनता को निर्बाध व सस्ती बिजली उपलब्ध करवाना ही प्रदेश सरकार का लक्ष्य है। ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह ने यह बात रविवार को तावडू के गांव बिस्सर-अकबरपुर में स्थित कामधेनु आरोग्य वेलनेस संस्थान में हाइड्रोपोनिक्स फाडर प्लांट का उद्घाटन करने के उपरांत उपस्थित लोगों को संबोधित करते कही। उन्होंने इस अवसर पर कामधेनु आयुर्वेदिक वेलनेस संस्थान व गौशाला का अवलोकन भी किया और कामधेनु गाय को हरा चारा और गुड़ भी खिलाया। प्रदेश सरकार ने गौशालाओं के लिए कई नीतियां बनाई हैं। हरियाणा में गौ सेवा आयोग बनाया और गौ संरक्षण के लिए नए कानून बनाए। इसके अलावा, गौशालाओं को चारे आदि का प्रबंध करने के लिए सरकार की ओर से आर्थिक रूप से मदद दी जा रही है।

**बिजली आपूर्ति**


8 मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश की गौशालाओं के लिए 2 रुपए प्रति यूनिट की दर से बिजली उपलब्ध करवा रही है

### मंदिर में वृद्ध महंत की अज्ञात हमलावर ने की निर्मम हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**
सांगीपुर पुलिस नाके पर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के वृद्ध महंत राजाराम (75) निवासी रादौर की अज्ञात हमलावरों ने डंडों व ईंटो से पीट पीटकर हत्या कर दी।
सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सीन ऑफ क्राइम की टीम ने मौके पर पहुंचकर सबूत जुटाए। पुलिस ने शव का रविवार को पोस्टमार्टम कराकर परिजन को सौप दिया। अज्ञात हमलावरों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी।

### खेडकी दौला टोल प्लाजा के लिए तीस एकड़ जमीन देने को तैयार

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने केन्द्रीय सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर एनएचएआई को 30 एकड़ जमीन मुफ्त देने की पेशकश करके इस भूमि पर खेडकी दौला टोल प्लाजा को स्थानांतरित करने का अनुरोध किया है। रविवार को केंद्रीय मंत्री को लिखे गए पत्र में मुख्यमंत्री ने कहा कि खेडकी दौला टोल प्लाजा एनएच 48 पर गुरुग्राम क्षेत्र में यातायात वाहनों का जाम लगता रहता है। हरियाणा सरकार ने खेडकी दौला का टोल प्लाजा बदलकर पंचगांव गांव में एक नया टोल प्लाजा स्थापित करने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को 30 एकड़ जमीन मुफ्त में देने की पेशकश की है। यह रणनीतिक यातायात प्रवाह को सुगम व सुविधाजनक बनाने और गुरुग्राम शहरी समूह में वाहनों की भीड़भाड़ को कम करने में मददगार होगी।




## गुरुग्राम: संघ के पथ संचलन पर विधायक सिंगला ने की पुष्पवर्षा

### गुरुग्राम में आरएसएस स्वयंसेवकों ने विजयदशमी के उपलक्ष्य में किया पथ संचलन

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
**रविवार को** गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में विजयदशमी के शुभ अवसर पर स्वयंसेवकों ने पथ संचलन का स्वागत किया। इस दौरान विधायक ने पथ संचलन के स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। इस दौरान संघ के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी के साथ आम कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम में आरएसएस प्रान्त संघ चालक पवन जिंदल, महानगर संघचालक जगदीश ग्रोवर व भाग संघ चालक वेद प्रकाश मंगला उपस्थित रहे।
राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हरियाणा प्रान्त कार्यवाह प्रताप सिंह ने कहा कि



भारत दुनिया की श्रेष्ठ संस्कृति वाला देश है। भारत की सनातन अवधारणाएं ही विश्व को शान्ति के मार्ग पर ले जा सकती है। स्वयंसेवकों ने शहर में पथ संचलन भी किया। जिसमें 825 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। प्रान्त कार्यवाह प्रताप ने कहा कि विजय दशमी उत्सव संघ के छह उत्सवों में से एक है। यह उत्सव इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि इस दिन डॉ केशव बलिराम हेडगेवार जी ने 1925 में आरएसएस की स्थापना थी। आज का दिन शिवाजी महाराज, पांडवों की शक्ति के प्रगटीकरण का दिन भी है। उनके अनुसार विजयदशमी उत्सव हम मां दुर्गा की नौ दिन की उपासना के उपरांत मनाते है। भक्ति के साथ शक्ति की उपासना भारत की सनातन परंपरा रही है। शक्तिहीन समाज न केवल अपनी बल्कि अपनी मान्यताओं, परम्पराओं की भी रक्षा नहीं कर सकता। उन्होंने ऐतिहासिक उदाहरण देते हुए कहा कि क्षमा भी उसी को शोभती है जिसके पास शक्ति होती है। उनके अनुसार सतयुग में सत्य और तप में शक्ति होती थी, त्रेता में मन्त्रों से शक्ति प्राप्त होती रही, द्वापर युग में युद्ध में जबकि कलयुग में संगठन ही शक्ति का मूलाधार है। उन्होंने पर्यवरण, गौ संवर्धसन, धार्मिक मान्यताओं व नागरिक कर्तव्य निर्वहन करने पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि कुछ समाज विरोधी शक्तियां गलत विमर्श के आधार समाज तोडने का कुप्रयास कर रही है। भारत की पारिवारिक मान्यताओं को विकृत कर रही हैं। हम सामाजिक मान्यताओं से नहीं जो हमारे मन में आएगा, वही करेंगे, भारत एक नहीं बल्कि विभिन्न समूहों से बना देश हैं, ऐसे विमर्श खड़े किए जा रहे हैं।

**पथ संचलन**

8 भारत की पारिवारिक मान्यताओं को विकृत कर रही हैं। जो हमारे मन में आएगा, वह करेंगे

## न्यूज फ्लैश

### पूर्व मुख्यमंत्रियों ने किया अपने-अपने क्षेत्रों का विकास: ज्ञानचंद गुप्ता

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**हरियाणा विधानसभा** अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता के अनुसार प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्रियों ने सत्ता में रहते अपने-अपने क्षेत्रों का विकास किया जबकि भाजपा राज में सभी 90 हलकों में समान विकास कार्य कराये गये हैं। उन्होंने कहा कि अगला लोकसभा चुनाव भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लड़ा जायेगा और भाजपा पहले से अधिक सीटें हासिल करेगी। ज्ञानचंद गुप्ता आज घरौंडा के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण, करनाल की मेयर रेनू बाला, नगर पालिका चेयरमैन हैप्पीलक गुप्ता, एसडीएम घरौंडा अदिति, ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष राजेश पाल, समाजसेवी विजय जैन आदि मौजूद थे। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि 2014 में भाजपा ने सबका साथ-सबका विकास और हरियाणा एक-हरियाणवी एक का नारा दिया था, जिसे सरकार ने साकार कर दिखाया है। राज्य के सभी 90 हलकों में बराबर विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों में क्षेत्रवाद को बढ़ावा दिया जाता रहा, जबकि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में राज्य में सभी जिलों में समग्र विकास कराया गया। पूर्व के मुख्यमंत्रियों ने उत्तरी हरियाणा के जिलों की पूरी तरह से उपेक्षा की। भाजपा सरकार ने नौकरियों में पारदर्शिता बरतते हुये बिना सिफारिश के एक लाख 13 हजार युवाओं को स्थायी नौकरी दी। हरियाणा कौशल रोजगार निगम की अस्थायी नौकरियों की संख्या अलग है।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(कमाल हुसैन)
(मो. नं.: 9813507693)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं.: 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं.: 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं.: 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं.: 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं.: 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं.: 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पंचकूला
(मैनपाल)
(मो. नं.: 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
कुरुक्षेत्र
दलबीर मलिक
(मो. नं.: 94162 71181)

# माइंडस्केप ओडिसी कार्यशाला का किया आयोजन

## 'नई शिक्षा नीति के अनुसार बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना अनिवार्य'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**ओपीएस विद्या** मंदिर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को ध्यान में रखते हुए माइंडस्केप ओडिसी कार्यशाला का आयोजन किया गया। नई शिक्षा नीति के अनुसार बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना अनिवार्य है। इसमें माता-पिता की प्रमुख भूमिका है, क्योंकि बच्चे ज्यादा समय परिवार के साथ बिताते हैं। इसको ध्यान में रखते हुए अभिभावकों को काउंसलिंग के लिए खासतौर पर आमंत्रित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ.मनोज मित्तल और डॉ. दीपा पुरी ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान की देवी सरस्वती जी के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया गया। प्रधानाचार्या डॉ. जसजीत सूद द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का स्वागत फूलों का गुलदस्ता भेंट करके किया गया। तदुपरांत कक्षा दो के विद्यार्थियों ने स्वागत गीत की मनमोहक पंक्तियों से सभी को अपनी ओर



आकर्षित कर लिया।

कार्यक्रम की श्रृंखला में सर्वप्रथम बच्चों द्वारा श्री कृष्ण जी का लौकिक नृत्य प्रस्तुत किया गया। उसके उपरांत डा. दीपा पुरी द्वारा अर्ली चाइल्डहुड एजुकेशन के बारे में विस्तार से बताया गया, जिसके अंतर्गत उन्होंने कहा कि प्री.स्कूल बच्चों के अंदर कॉन्फिडेंस बढ़ाने के साथ-साथ स्कूल तक जाने के लिए ब्रिज का काम करता है। यह मानसिक विकास के साथ-साथ शारीरिक विकास में सहयोग देता है।

अभिभावकों को संबोधित करते हुए उन्होंने

**जागरूक किया**

**8 प्री.स्कूल बच्चों के अंदर कॉन्फिडेंस बढ़ाने के साथ-साथ स्कूल तक जाने के लिए ब्रिज का काम करता है**

कहा कि बढ़ते हुए बच्चे की विशिष्ट आवश्यकताओं को समझना, उसके बदलते व्यवहार को समझना बहुत आवश्यक है। इस उम्र में ही बच्चे व्यावहारिक चीजों का अनुभव करना और सीखना शुरू करते हैं। इसमें प्री-स्कूल का प्रमुख योगदान रहता है। उसके उपरांत प्री-प्राइमरी के विद्यार्थियों ने स्टार्स ऑफ अर्थ पर अपनी शानदार प्रस्तुति दी, जिसको देखकर सभी दर्शकगणों ने करतल ध्वनि से बच्चों का उत्साह बढ़ाया।

मुख्य अतिथि डा. मनोज मित्तल ने कहा कि बच्चों के खानपान का उनके मानसिक विकास पर गहरा असर पड़ता है। खान-पान के साथ-साथ उन्होंने मानसिक विकास के लिए बच्चों को योग करने, मेडिटेशन करने के लिए प्रोत्साहित किया तथा मोबाइल से दूर रहने का आग्रह किया। कार्यक्रम की श्रृंखला में कक्षा एक व दो के विद्यार्थियों ने सिग्नेचर मूव के द्वारा दर्शकों के साथ भावनात्मक रूप से जुडने का शानदार प्रयत्न किया।

चेयरपर्सन सुषमा बंसल ने कहा कि प्री-स्कूल बच्चों के भविष्य की नींव होता है। इस नींव को मजबूत बनाने के लिए प्री-स्कूल अहम भूमिका निभाता है। मैनेजिंग डायरेक्टर अमन बंसल ने कहा कि बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए एक अच्छे प्री-स्कूल के सा-साथ अभिभावकों का सहयोग भी बहुत जरूरी है। एकेडमिक डायरेक्टर पूर्ति बंसल ने कहा कि आज के आधुनिक वातावरण को देखते हुए प्री-स्कूल का बहुत महत्व है।

## रोटरी क्लब ने किया परिवार मिलन कार्यक्रम का आयोजन



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** रोटरी क्लब करनाल द्वारा शहर के एक प्रमुख होटल में आगामी दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में परिवार मिलन का आयोजन किया गया, जिसमें समस्त परिवारजनों ने दीपमालिका प्रज्वलित करने के उपरांत गीत, नृत्य और मनोरंजन के अतिरिक्त फुलझडि?ां प्रकाशित कर दीपों के त्योहार दीवाली का आगाज किया। सभी ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी, स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया और उपहार भेंट किए। कार्यक्रम में रोटेरियन विक्रम मित्तल, डॉ. पीके जैन, मिनाक्षी जैन, राजेश बाम्भा, डॉ. डीडी शर्मा, ऊषा शर्मा, डॉ. अरूण सूद, डॉ. सुषमा सूद, कुलभूषण जैन, जगदीश अग्रवाल, आशीष शर्मा, अन्नू बाम्भा, विनी, ध्रुवी मित्तल व स्नेहा जैन आदि उपस्थित रहे।

## '2024 के चुनाव में केंद्र व प्रदेश में फिर से बनेगी भाजपा सरकार'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**केंद्र व** प्रदेश की मनोहर सरकार के कार्यकाल के 9 वर्ष पूरे होने भाजपा जिला कार्यालय कर्ण कमल में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया, जिसको राज्यसभा सांसद कृष्ण पंवार एवं प्रदेश प्रवक्ता प्रोफेसर वीरेंद्र चौहान ने सम्बोधित किया।

राज्यसभा सांसद कृष्ण पंवार ने केंद्र व प्रदेश सरकार की अपने शासनकाल की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि आने वाले 2024 के चुनावों में देश व प्रदेश में फिर से भाजपा सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की वर्तमान सरकार ने नौ साल में कांग्रेस के दस साल के कार्यकाल की तुलना में 25 हजार अधिक सरकारी नौकरियां दी हैं।




कृष्ण लाल पंवार और भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि मनोहर सरकार के नौ साल में 1 लाख 10 हजार से अधिक नौजवान और नवयुवतियों को पक्की सरकारी नौकरी मेरिट के आधार पर दी जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि जातिवाद और क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर पारदर्शिता के साथ उस सबके कल्याण के लिए कार्य करना, इस सरकार की सबसे बड़ी विशेषता है।

उन्होंने कहा कि पिछली सरकारें गांवों को पिछड़ा रखना चाहती थी, इसलिए उन्होंने कभी गांवों में 24 घंटे बिजली देने का प्रयास नहीं किया। म्हारा गाँव जगमग गाँव योजना के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी की वर्तमान सरकार ने 5800 से अधिक गांवों में 24 घंटे बिजली पहुंचाकर यह प्रमाणित किया है कि यह सरकार गाँव और शहर में कोई फर्क नहीं करती। हर ग्रामीण घर में नल से शुद्ध जल पहुँचाने का काम इसी सरकार ने किया है और अब डेरे और ढाणियों में यह सुविधा देने के लिए काम किया जा रहा है।

डा. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में करनाल जिले में कई राजकीय महाविद्यालयों के अलावा महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय और पंडित दीनदयाल उपाध्याय चिकित्सा विश्वविद्यालय, कुटेल की स्थापना हुई है। अधर में अटके कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज का काम पूरा कर इसी सरकार ने कॉलेज में मेडिकल की पढ़ाई शुरू करवाई थी और अब यहाँ हर साल एमबीबीएस की 120 सीटों पर दाखिले होते हैं।

# घरौंडा में महाराजा अग्रसेन भवन का किया उद्घाटन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**हरियाणा विधानसभा** अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने घरौंडा में महाराजा अग्रसेन भवन का उदघाटन और उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने भवन के विस्तार के लिये 21 लाख रुपये देने की घोषणा की। साथ ही अग्रवंशियों से अपील की कि वे राष्ट्र सेवा की भावना के साथ राजनीति में भी आगे आयें। उन्होंने कहा कि पिछले एक पखवाड़े से देश-प्रदेश में अग्रसेन जयंति के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। दान परंपरा की शुरूआत महाराजा अग्रसेन ने ही की थी। वे अहिंसा के पुजारी, समाजवाद के प्रवर्तक, गरीबों के मसीहा, राष्ट्रवाद के समर्थक और

**उद्घाटन**

**8 अग्रवंशियों से अपील की कि वे राष्ट्र सेवा की भावना के साथ राजनीति में भी आगे आयें**

गणतंत्र के समर्थक थे। हर परिवार से एक ईंट व एक रुपया दान देने की परंपरा की शुरूआत की। उनकी साम्राज्य की राजधानी अग्रोहा थी। महाराजा अग्रेसन अहिंसा के पुजारी थे। उनकी सोच थी कि उनके साम्राज्य में आने वाला कोई भी गरीब बिना मकान व बिना व्यवसाय के न रहे। स्पीकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी समाज में निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा में लाने के लिये जन-धन योजना, हर घर नल योजना, स्टार्ट अप जैसी अनेक योजनायें शुरू की है। आज अग्रवंशी युवा किसी भी क्षेत्र में कम नहीं हैं। बिना आरक्षण के वे अपनी योग्यता और मेहनत के बल पर आगे बढ़े हैं जो गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि आज देश की अर्थव्यवस्था विश्व में 5वें स्थान पर है। इसमें अग्रवंशियों का अहम योगदान है। श्री गुप्ता ने कहा आजादी के बाद देश में 56 सांसद अग्रवाल समाज थे लेकिन आज इनकी संख्या घटकर 15-16 रह गई है। बोले-राजनीति बुरी चीज नहीं है। लोगों ने इसे बदनाम किया है। राजनीति के शुद्धिकरण के लिये प्रतिष्ठित लोगों को आगे आना चाहिये। राजनीति का लक्ष्य पैसा कमाना नहीं, राष्ट्र व जन सेवा होना चाहिये। उन्होंने अग्रवाल भवन के विस्तार के लिये 21 लाख रुपये की ग्रांट देने का ऐलान किया।

**पार्क का नाम महाराजा अग्रसेन के नाम पर:** घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण ने शहर में बनाये जाने वाले चिल्डर्न पार्क का नाम महाराजा अग्रसेन के नाम पर रखने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पार्क में आधुनिक पुस्तकालय और स्वीमिंग पूल का निर्माण भी कराया जायेगा।

## रक्तदान से बड़ा पुण्य का कार्य और कोई नहीं : कपिल किशोर



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**रास रेजीडेंसी** वेलफेयर एसोसिएशन, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड और जिला रेडक्रास सोसायटी के सहयोग से थैलिसिमिया से पीड़ित बच्चों के लिए विशाल रक्तदान महाकल्याण शिविर का आयोजन रास रेजीडेंसी में किया गया। शिविर के लिए लगभग 65 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया और 55 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। डॉक्टर विकास सैनी के नेतृत्व में कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज की टीम ने रक्त एकत्रित किया। शिविर के संयोजक कपिल किशोर ने कहा कि रक्तदान बहुत ही पुण्य का कार्य है। हर इंसान को नियमित रक्तदान अवश्य करना चाहिए। इससे जहां हम जरूरतमंद मरीज की जान बचाने में सहायता करते हैं, वहीं नियमित रक्तदाता को भी कई बीमारियों से छुटकारा मिलता है। उन्होंने बताया कि थैलेसिमिया जैसी बीमारी से बचने के लिये शादी से पहले हर लडका एवं लडकी को अपना ब्लड टैस्ट अवश्य कराना चाहिए। हर गर्भवती महिला को भी अपने रक्त की जांच अवश्य करानी चाहिए। सभी रक्त दाताओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। उन्होंने बताया कि अगला रक्तदान शिविर 5 नवंबर दिन रविवार को देवी मंदिर, मेन बाजार, इंद्री में सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक लगाया जाएगा।

रक्तदान शिविर के आयोजन में राजीव सुनेजा, विनोद राणा, रविंद्र कुमार, अमरदीप कंबोज, लोकेश कुमार, पंकज मलिक, विजय कुमार, एचएस चौधरी, प्रितपाल सिंह, राजीव गुप्ता, विवेक कंबोज, राजपाल कादयान, चंदर भूषण, संदीप कंबोज, मुल्तान सिंह, सुबोध कुंडू, प्रदीप गुप्ता, सागर पंथ, अमित अग्रवाल, सुनील बला, सतीश शर्मा, सितेश पांडे, असजद गौड़, पंकज गोयरिला, अजय जैन, जगदीप कौशिक, रितेश गर्ग, जितेंद्र सचदेवा, प्रहलाद गुप्ता, जितेंद्र गर्ग, पुनीत भाटिया, निखिल भाटिया, वीरेंद्र भाटिया, कमलजीत मोतिया, रेजिडेंस वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर 7 के प्रधान संजीव बजाज, एचडीएफ सी बैंक से संजीव उप्पल, दर्पण वालेचा, राजीव, काजल, हिमांगनी का विशेष सहयोग रहा।

# मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में युवा स्वयंसेवक लेंगे भाग

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **स्वतंत्रता** सेनानियों व शहीदों को समर्पित मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत जिला करनाल की कलश यात्रा रविवार को स्थानीय कर्ण स्टेडियम से राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम के लिए रवाना हुई। कलश यात्रा को जिला युवा अधिकारी रेनू सिलग ने हरी झंडी देकर रवाना किया। बस के माध्यम से यह कलश यात्रा दिल्ली में राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम में 30 व 31 अक्तूबर को मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत माटी को नमन वीरो का वंदन दिल्ली में कर्तव्य पथ पर आयोजित समारोह




में शामिल होगी, जिसमें पूरे देश की सभी पंचायतों की मिट्टी से अमृत वाटिका का निर्माण किया जाएगा साथ ही स्वतंत्रता सैनानियों व शहीदों को श्रदांजली दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि जिला करनाल के सभी खंडों में चलाए गए मेरी माटी मेरा देश अभियान के माध्यम से प्रत्येक गांव, तीर्थ स्थल व ऐतिहासिक स्थलों की मिट्टी व चावल से भरे कलश को जिला स्तर पर एकत्रित करते हुए राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम के लिए रवाना किया गया है। इस कलश यात्रा में सभी 9 खंडों के कलश शामिल हैं तथा नेहरू युवा केन्द्र से जुड़े 20 वॉलियंटियर भी कलश यात्रा के साथ दिल्ली गए हैं, जो राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय व संस्कृति मंत्रालय द्वारा अगस्त माह से चलाए जा रहे मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत हर ग्राम में 75 पौधारोपण व वीरों का सम्मान किया गया था।

## अलग-अलग मामलों में डोडा पोस्त सहित दो आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **स्पेशल** स्टॉफ असंध की टीम द्वारा अलग-अलग मामलों में विश्वसनीय सूचना पर आरोपी गुरमुख सिंह पुत्र निशान सिंह वासी अलीपुर विरान को बस अड्डा चौगामा और आरोपी मालक सिंह पुत्र हरनाम सिंह वासी अलीपुर विरान को बस अड्डा मर्दानहेड़ी से गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों के कब्जे से एक-एक किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद की गई। इस संबंध में दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना असंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं।



पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में पाया गया कि दोनों आरोपी नशा करने के अत्यधिक आदि हैं। दोनों डोडा पोस्त अपनी नशापूर्ति के लिए ही गांव मंडवाल कैथल से किसी अनजान व्यक्ति से लेकर आए थे। दोनों आरोपियों को आज न्यायालय में पेश किया गया।

## 'मांग पत्रों एवं समस्याओं के निवारण पर सीएम का है फोकस'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**आमजन** द्वारा जन संवाद में मिलने वाले मांग पत्रों एवं समस्याओं के निवारण पर सीएम मनोहर लाल विशेष फोक्स कर रहे हैं। इतना ही जन संवाद में मिलने वाली समस्याओं और मांगपत्र को मुख्यमंत्री कार्यालय में पहुंचते ही तुरंत संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के पास निवारण हेतु भेज दिया जाता हैं। उक्त बातें थानेसर के विधायक सुभाष सुधा ने रविवार को जन संवाद कार्यक्रम के तहत घरौंडा विधानसभा क्षेत्र के गांवों में आमजन को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने बेगमपुर, खोराखेडी, चोरा, अमृतपुर कलां तथा डबकरी गांवों में जन संवाद कार्यक्रम के



तहत लोगों की समस्याओं को सुना और मौके पर ही अधिकारियों को निवारण के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कुछ लोगों को मौके पर ही बुड़ापा पेंशन व कुछ विधवा महिलाओं को पेंशन के प्रमाण पत्र भी वितरित किये।

जन संवाद कार्यक्रम में सुभाष सुधा ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान केन्द्र व भाजपा सरकार समान भावना से हर क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास कार्य कर रही है। प्रदेश में युवाओं को पारदर्शिता से नौकरी मिलना, फैमली आईडी से सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलने से आज पूरे देशभर में हरियाणा को नया कीर्तिमान रचने जैसी उपलब्धि की दृष्टि से देखा जाता है। केन्द्र और प्रदेश की भाजपा सरकार राष्ट्र सर्वप्रथम की नीति से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की मनोहर लाल सरकार ने वर्षों से चली आ रही व्यवस्थाओं सुधारने का काम किया है। विधायक सुधा ने लोगों की समस्याओं को सुनकर तुरंत अधिकारियों को निवारण के निर्देश दिए। उन्होंने बेगमपुर, खोराखेड़ी, चौरा, अमृतपुर कलां तथा डबकरी गांव के सरपंचों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनके मांग पत्र अगले दिन ही मुख्यमंत्री के समक्ष भेज दिये जायेंगे ताकि निर्धारित समय में ही सभी मांगें पूरी हो सकें।

## संपादकीय

# हवा में घुलता जहर-सांसों पर कहर

**दीवाली** से कई दिन पहले ही दिल्ली-एनसीआर की हवा में जहर घुल चुका है। वायु प्रदूषण का स्तर इतना बढ़ रहा है कि दमघोंटू हवा में लोगों का सांस लेना मुश्किल हो गया है। वैसे तो वर्तमान में मुंबई में भी वायु गुणवत्ता मध्यम श्रेणी में दर्ज की गई है और वहां बीएमसी द्वारा बिगड़ते वायु प्रदूषण को रोकने के लिए दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं लेकिन देश के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में तो वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में है। दिल्ली हो या नोएडा अथवा आसपास के अन्य इलाके, एक्यूआई 300 के ऊपर जा चुका है तथा माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में यह 400 के पार पहुंच जाएगा, तब लोगों को सांस लेने में काफी तकलीफ महसूस होने लगेगी। वैसे अभी से सांस संबंधी परेशानियों के साथ बड़ी संख्या में लोग अस्पताल पहुंचने लगे हैं। सिस्टम ऑफ एयर क्वालिटी एंड वेदर फॉरकास्टिंग एंड रिसर्च (सफर) के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में पहुंच गई है। सफर की स्थापना भारत में महानगरों के प्रदूषण स्तर और वायु गुणवत्ता को मापने के लिए पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की पहल के तहत 2010 में की गई थी।

भारत मौसम विज्ञान विभाग के अधिकारियों के मुताबिक आने वाले कुछ दिनों में दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता बहुत खराब रहेगी, जिसका कारण तापमान में कमी और पराली जलाने से होने वाला उत्सर्जन है। केंद्र सरकार के डिसीजन सपोर्ट सिस्टम फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (डीएसएस) ने पराली जलाए जाने की गतिविधियों में वृद्धि की आशंका जताई है, जिससे अगले कुछ दिनों में वायु गुणवत्ता बेहद खराब होने की आशंका है। चिंता का विषय यह है कि हर साल दिल्ली सहित हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश इत्यादि राज्यों में इस सीजन में खेतों में बड़े स्तर पर पराली जलाई जाती है, जिसके चलते प्रदूषण का यही आलम देखने को मिलता है। यह बेहद चिंता की बात है कि किसानों से खेतों में पराली नहीं जलाए जाने के निरंतर अनुरोधों के बाद भी इस बार दशहरे के मौके पर तो जैसे किसानों में पराली फूंकने की होड़ सी लगी दिखी। खेतों में जलती पराली, विकास के नाम पर अनियोजित तथा अनियंत्रित निर्माण कार्यों के चलते बिगड़ते हालात, वाहनों और औद्योगिक इकाइयों के कारण अत्यधिक प्रदूषित हो रहे वातावरण के भयावह खतरों को हम इसी प्रकार साल-दर-साल झेलने को विवश हैं। हालांकि पर्यावरण तथा प्रदूषण नियंत्रण के मामले में देश में पहले से ही कई कानून लागू हैं लेकिन उनकी पालना कराने के मामले में पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण विभाग में सदैव उदासीनता का माहौल देखा जाता रहा है। देश की राजधानी दिल्ली तो वक्त-बेवक्त स्मॉग से लोगों का हाल बेहाल करती रही है। न केवल दिल्ली-एनसीआर में बल्कि देशभर में वायु, जल तथा ध्वनि प्रदूषण का खतरा निरन्तर मंडरा रहा है। वायु, जल तथा अन्य प्रदूषण के कारण अब हर साल देशभर में लाखों लोग जान गंवाते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक मानव निर्मित वायु प्रदूषण के ही कारण प्रतिवर्ष करीब पांच लाख लोग मौत के मुंह में समा जाते हैं। अब देश का शायद ही कोई ऐसा शहर हो, जहां लोग धूल, धुआं, कचरा और शोर के चलते बीमार न हो रहे हों। पयार्वरण तथा मानवाधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत डेविड आर. बॉयड का कहना है कि विश्वभर में इस समय छह अरब से भी ज्यादा लोग इतनी प्रदूषित हवा में सांस ले रहे हैं, जिसने उनके जीवन, स्वास्थ्य और बेहतरी को खतरे में डाल दिया है और सर्वाधिक चिंता की बात यह है कि इसमें करीब एक-तिहाई संख्या बच्चों की है।

# सरदार पटेल भारत के बिस्मार्क

**रमेश सर्राफ धमोरा**

> “इस प्रकार यदि घटनाक्रम सामान्य रहता तो सरदार पटेल भारत के पहले प्रधानमंत्री होते। सरदार पटेल को भारत का लौह पुरुष कहा जाता है। गृहमंत्री बनने के बाद भारतीय रियासतों के विलय की जिम्मेदारी उनको ही सौंपी गई थी। उन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए 562 छोटी-बड़ी रियासतों का भारतीय संघ में विलीनीकरण कर-के भारतीय एकता का निर्माण किया। विश्व के इतिहास में एक भी व्यक्ति ऐसा नहीं हुआ जिसने इतनी बड़ी संख्या में राज्यों का एकीकरण करने का साहस किया हो। देशी रियासतों का विलय स्वतंत्र भारत की पहली उपलब्धि थी और निर्विवाद रूप से पटेल का इसमें विशेष योगदान था। नीतिगत दृढ़ता के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने उन्हें सरदार और लौह पुरुष की उपाधि दी थी”



**सरदार** वल्लभभाई पटेल को भारत के लौह पुरुष के रूप में जाना जाता है। महात्मा गांधी ने वल्लभभाई पटेल को सरदार की उपाधि दी थी। उन्हें भारत के बिस्मार्क के रूप में भी जाना जाता है क्योंकि उन्होंने भारत को एकजुट करने में एक प्रमुख भूमिका निभाई थी। भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन को वैचारिक एवं क्रियात्मक रूप में एक नई दिशा देने के कारण सरदार पटेल ने राजनीतिक इतिहास में एक गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त किया। उनके कठोर व्यक्तित्व में संगठन कुशलता, राजनीति सत्ता तथा राष्ट्रीय एकता के प्रति अटूट निष्ठा थी। भारत के स्वतंत्रता संग्राम मे उनका महत्वपूर्ण योगदान था। देश के वो पहले गृहमंत्री गृहमंत्री थे जिन्होंने भारतीय नागरिक सेवाओं (आई.सी.एस.) का भारतीयकरण कर इन्हें भारतीय प्रशासनिक सेवाएं (आई.ए.एस.) बनाया। अंग्रेजों की सेवा करने वालों में विश्वास भरकर उन्हें राजभक्ति से देशभक्ति की ओर मोड़ा। यदि सरदार पटेल कुछ वर्ष और जीवित रहते तो संभवतः नौकरशाही का पूर्ण कायाकल्प हो जाता। स्वतंत्र भारत के पहले तीन वर्ष सरदार पटेल देश के प्रथम उप-प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, सूचना प्रसारण मंत्री रहे। पटेल ने भारतीय संघ में उन रियासतों का विलय किया जो स्वयं में सम्प्रभुता प्राप्त थीं। उनका अलग झंडा और अलग शासक था। सरदार पटेल ने आजादी के पूर्व ही देशी राज्यों को भारत में मिलाने के लिये कार्य आरम्भ कर दिया था। सरदार पटेल के प्रयास से 15 अगस्त 1947 तक हैदराबाद, कश्मीर और जूनागढ़ को छोडकर शेष भारतीय रियासतें भारत संघ में सम्मिलित हो चुकी थी।

सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 में गुजरात के नाडियाड में लेवा पट्टीदार जाति के एक जमींदार परिवार में हुआ था। वे अपने पिता झवेरभाई पटेल एवं माता लाड़बाई की चौथी संतान थे। सरदार पटेल ने करमसद में प्राथमिक विद्यालय और पेटलाद स्थित उच्च विद्यालय में शिक्षा प्राप्त की थी। लेकिन उन्होंने अधिकांश ज्ञान स्वाध्याय से ही अर्जित किया। 16 वर्ष की आयु में उनका विवाह हो गया। 22 साल की उम्र में उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा पास की और जिला अधिवक्ता की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। जिससे उन्हें वकालत करने की अनुमति मिली। सरदार पटेल के पांच भाई व एक बहन थी। 1908 में पटेल की पत्नी की मृत्यु हो गई। उस समय उनके एक पुत्र और एक पुत्री थी। इसके बाद उन्होंने विधुर जीवन व्यतीत किया। वकालत के पेशे में तरक्की करने के लिए कृतसंकल्प पटेल ने अध्ययन के लिए अगस्त 1910 में लंदन की यात्रा की।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुछ वर्ष पूर्व गुजरात के नर्मदा जिले में सरदार पटेल के स्मारक का उद्घाटन किया था। इसका नाम एकता की मूर्ति (स्टैच्यू ऑफ यूनिटी) रखा गया है। यह मूर्ति स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी से दुगनी ऊंचाई 182 मीटर ऊंची बनाई गयी है। इस प्रतिमा को केवडिया के निकट साधुबेट नामक एक छोटे चट्टानी द्वीप में सरदार सरोवर बांध के सामने नर्मदा नदी के मध्य में स्थापित किया गया है। सरदार वल्लभ भाई पटेल की यह प्रतिमा दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा है।

सरदार पटेल की इस प्रतिमा को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि उनका व्यक्तित्व कितना विशाल था। सरदार यानि नेतृत्व करने का गुण तो उनमें जन्मजात था ही।

संघर्षो में तपकर उनका मनोबल लौहे की तरह दृढ़ हो गया था। अपनी इसी इच्छा शक्ति व दृढ़ मनोबल के दम पर उन्होने देश की आजादी के बाद एक भारत बनाने का ऐसा मुश्किल काम कर दिखाया जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। भारत के राजनीतिक इतिहास में सरदार पटेल के योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। देश की आजादी के संघर्ष में उन्होने जितना योगदान दिया उससे ज्यादा योगदान उन्होने स्वतंत्र भारत को एक करने में दिया। पटेल राष्ट्रीय एकता के बेजोड़ शिल्पी व नये भारत के निमार्ता थे। देश के विकास में सरदार वल्लभभाई पटेल के महत्व को सैदव याद रखा जायेगा। सरदार पटेल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अघ्यक्ष पद के तीन बार उम्मीदवार बने मगर तीनो ही बार महात्मा गांधी ने हस्तक्षेप कर पण्डित जवाहरलाल नेहरू को कांग्रेस का अध्यक्ष बनवा दिया था। 1930 में नमक सत्याग्रह के दौरान पटेल को तीन महीने की जेल हुई। मार्च 1931 में उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के करांची अधिवेशन की अध्यक्षता की। जनवरी 1932 में उन्हें फिर गिरफ्तार कर लिया गया। जुलाई 1934 में वह रिहा हुए और 1937 के चुनावों में उन्होंने कांग्रेस पार्टी के संगठन को व्यवस्थित किया। अक्टूबर 1940 में कांग्रेस के अन्य नेताओं के साथ पटेल भी गिरफ्तार हुए और अगस्त 1941 में रिहा हुए। 1945-1946 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद के लिए सरदार पटेल प्रमुख उम्मीदवार थे। लेकिन महात्मा गांधी ने हस्तक्षेप करके जवाहरलाल नेहरू को अध्यक्ष बनवा दिया। कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में नेहरू को ब्रिटिश वाइसरॉय ने अंतरिम सरकार के गठन के लिए आमंत्रित किया।

इस प्रकार यदि घटनाक्रम सामान्य रहता तो सरदार पटेल भारत के पहले प्रधानमंत्री होते। सरदार पटेल को भारत का लौह पुरुष कहा जाता है। गृहमंत्री बनने के बाद भारतीय रियासतों के विलय की जिम्मेदारी उनको ही सौंपी गई थी। उन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए 562 छोटी-बड़ी रियासतों का भारतीय संघ में विलीनीकरण करके भारतीय एकता का निर्माण किया। विश्व के इतिहास में एक भी व्यक्ति ऐसा नहीं हुआ जिसने इतनी बड़ी संख्या में राज्यों का एकीकरण करने का साहस किया हो। देशी रियासतों का विलय स्वतंत्र भारत की पहली उपलब्धि थी और निर्विवाद रूप से पटेल का इसमें विशेष योगदान था। नीतिगत दृढ़ता के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने उन्हें सरदार और लौह पुरुष की उपाधि दी थी। वल्लभ भाई पटेल ने आजाद भारत को एक विशाल राष्ट्र बनाने में उल्लेखनीय योगदान दिया।

जूनागढ़ के नवाब के विरुद्ध जब वहां की प्रजा ने विरोध कर दिया तो वह भागकर पाकिस्तान चला गया और इस प्रकार जूनागढ भी भारत में मिला लिया गया। जब हैदराबाद के निजाम ने भारत में विलय का प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया तो सरदार पटेल ने वहां सेना भेजकर निजाम का आत्मसमर्पण करा लिया। निःसंदेह सरदार पटेल द्वारा 562 रियासतों का एकीकरण विश्व इतिहास का एक आश्चर्य था। भारत की यह रक्तहीन क्रांति थी। लक्षद्वीप समूह को भारत में मिलाने में भी पटेल की महत्त्वपूर्ण भूमिका थी। इस क्षेत्र के लोग देश की मुख्यधारा से कटे हुए थे और उन्हें भारत की आजादी की जानकारी 15 अगस्त 1947 के कई दिनों बाद मिली। हालांकि यह क्षेत्र पाकिस्तान के नजदीक नहीं था लेकिन पटेल को लगता था कि इस पर पाकिस्तान दावा कर सकता है। इसलिए ऐसी किसी भी स्थिति को टालने के लिए पटेल ने लक्षद्वीप में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए भारतीय नौसेना का एक जहाज भेजा। इसके कुछ घंटे बाद ही पाकिस्तानी नौसेना के जहाज लक्षद्वीप के पास मंडराते देखे गए। लेकिन वहां भारत का झंडा लहराते देख उन्हें वापस लौटना पड़ा। जब चीन के प्रधानमंत्री चाऊ एन लाई ने जवाहरलाल नेहरू को पत्र लिखा कि वे तिब्बत को चीन का अंग मान लें तो पटेल ने नेहरू से आग्रह किया कि वे तिब्बत पर चीन का प्रभुत्व कतई न स्वीकारें अन्यथा चीन भारत के लिए खतरनाक सिद्ध होगा। जवाहरलाल नेहरू नहीं माने बस इसी भूल के कारण हमें चीन से पिटना पड़ा और चीन ने हमारी सीमा की भूमि पर कब्जा कर लिया। सरदार पटेल के ऐतिहासिक कार्यों में सोमनाथ मंदिर का पुनर्निमाण, गांधी स्मारक निधि की स्थापना, कमला नेहरू अस्पताल की रूपरेखा आदि कार्य शामिल हैं।

## कविता

अजनबी बस्ती है, अजनबी सा बसेरा,
हवाएं जाएंगी जहां, हमारा वहां सवेरा।

चंद पल के अंधेरों से ओझल नहीं सूरज,
रवि फिर चमकेगा सजेगा नया सवेरा।

नन्ही चिड़ियों का होगा मीठा कलरव,
बसेगा सांवली जिंदगी का रुपहला सवेरा।

तमस नहीं कोई अंतिम परिणति,
नन्हें हाथ लाएंगे सूरज का सुनहरा चेहरा,

फिर महकेंगे बाग, उपवन और कलियां,
भंवरो के गुंजन से लजाएगा यौवन का सवेरा

संजीव ठाकुर

## क्या धरी रह गई इंडिया गठबंधन की प्लानिंग?

**इस** साल पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले इंडिया गठबंधन को लेकर तरह-तरह की अटकलें शुरू हो गई हैं। मुंबई में करीब डेढ़ महीने पहले हुई विपक्षी दलों की मेगा मीटिंग के बाद कांग्रेस और समाजवादी पार्टी में तनातनी खुलकर सामने आई। मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस द्वारा उम्मीदवारों की घोषणा के बाद अखिलेश यादव ने खुलकर निशाना साधा। इस बीच अब चर्चा है कि आपसी टकरार के चलते इंडिया गठबंधन शुरूआती प्रचार प्रसार और दलों की बैठकों में किए गए बड़े-बड़े वादों को पूरा करने की तैयारियां धरी रह गई हैं। साझा रैली से लेकर लोगो तक अब भी तय नहीं हो सका है। तृणमूल कांग्रेस की चीफ ममता बनर्जी और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने विपक्षी दलों की बैठकों में आग्रह किया था कि सीटों का बंटवारा सितंबर तक पूरा हो जाना चाहिए। इस दौरान विपक्षी पार्टियों ने संकल्प भी लिया था। इसमें कहा गया था कि हम, इंडिया पार्टियां, आगामी लोकसभा चुनाव जहां तक संभव हो मिलकर लड़ने का संकल्प लेते हैं। विभिन्न राज्यों में सीट-बंटवारे की व्यवस्था तुरंत शुरू की जाएगी और लेन-देन की सहयोगात्मक भावना के साथ जल्द से जल्द इसे पूरा किया जाएगा। हालांकि गठबंधन के इस प्रस्ताव पर अब तक भी कोई प्रगति नहीं हुई है। सूत्रों ने संकेत दिया है कि ममता बनर्जी उक्त प्रस्ताव में सीट बंटवारे की कोई निश्चित समय सीमा नहीं दिए जाने से भी नाराज थीं, क्योंकि इसमें कहा गया है कि इंडिया पार्टियां जहां तक संभव हो लोकसभा चुनाव लड़ने की कोशिश करेंगी। आगामी विधानसभा चुनावों में ही गठबंधन में शामिल पार्टियों के बीच खटास नजर आने लगी है। कारण, कांग्रेस ने फिलहाल लोकसभा चुनावों से ध्यान हटाकर राज्यों में होने वाले विधानसभा पर फोकस शुरू कर दिया है। इसके लिए वह इंडिया गठबंधन में शामिल पार्टियों को भी साथ लेने से परहेज करती नजर आ रही है।

बता दें कि वाम दल, आम आदमी पार्टी और समाजवादी पार्टी विधानसभा चुनावों में गठबंधन के जरिए मुंबई में बने रिश्ते को आगे बढ़ाने की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन इसे लेकर कांग्रेस का रवैया कुछ और ही नजर आ रहा है। एक वामपंथी नेता के अनुसार हमारे नेताओं ने इस मुद्दे को समन्वय समिति की बैठक में भी उठाया था, हम अभी भी तेलंगाना और राजस्थान पर उनके जवाब का इंतजार कर रहे हैं। और हो भी क्यों न, हम सभी यहां चुनावी राजनीति के लिए आए हैं और उम्मीद करते हैं कि कांग्रेस कुछ उदारता दिखाएगी। इंडिया गठबंधन में शामिल पार्टियों ने दूसरा संकल्प जनहित के लिए और जनता की भलाई के मुद्दों पर देश के विभिन्न हिस्सों में जल्द से जल्द सार्वजनिक रैलियां आयोजित करने का लिया था। हालांकि इसे रद्द कर दिया गया था। रैली के लिए 2 अक्टूबर की तारीख तय की गई थी और भोपाल को रैली के स्थल के रूप में घोषित भी किया गया था।

## विचार

# जीवन मे जिजीविषा और संघर्ष सफलता के उत्तम मार्ग

**संजीव**

**मन** के जीते जीत है मन के हारे हार। निरंतर जिजीविषा और संयम के साथ संघर्ष हर बड़ी जीत और सफलता के उत्तम मार्ग हैं। निराशा से बढ़कर कोई अवरोध नहीं अतः निराशा, हताशा को त्यागें और ऊर्जा उत्साह के साथ आगे बढ़े, सफलता आपके कदमों पर होगी। हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता है' जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता है' बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं।यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैं' सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता , प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैं' मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों,सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए ' यदि व्यक्ति की आकांक्षा,सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती है' जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय अविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता है' यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी है'

मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं' सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिए'इसमें कोई संदेह नहीं की विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य ,करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती है' और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती है' भारत में प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही है'ऋषि-मुनियों ने तो यहां तक कहा है कि जिसका चरित्र तथा माननीय आदर्श चला गया वह व्यक्ति, मृतक लाश की तरह हो जाता है। भारतीय संस्कृति में आदर्शों तथा मूल्य के पोषक उदाहरणों की अंतहीन सूची है जिनमें कबीर, रैदास, संत,ज्ञानेश्वर तुकाराम,मोइनुद्दीन चिश्ती, निजामुद्दीन औलिया, रहीम,खुसरो, गांधी,नेहरू, टैगोर, सुभाष, विवेकानंद जैसे महान लोग सिद्धांतों की प्रतिबद्धता को अपने जीवन की सफलता मानकर अपने जीवन को समाज को सौंप दिया था।परिणाम स्वरूप व्यक्ति को महज सफलता का पुजारी ना बन कर मूल्यों के प्रति प्रतिबंध होने का प्रयास करना चाहिए। ताकि तनिक सफलता के स्थान पर चिरस्थाई एवं समाज उपयोगी सफलता प्राप्त हो सके। वर्तमान में यह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि व्यक्ति स्वाद तथा सफलता के लिए अक्सर अपने मूल्यों को तिलांजलि दे देता है। वर्तमान सुख एवं लालच चिरस्थाई सफलता के सामने महत्वपूर्ण एवं प्राथमिक हो जाता है ।आज मनुष्य तत्काल एवं अस्थाई सफलता के पीछे माननीय मूल्यों प्रतिबद्धताओं को किनारे कर उस मरीचिका की तरफ दौड़ रहा है जो अत्यंत अस्थाई एवं पानी के बुलबुले की तरह है। और इससे न तो कोई इतिहास बनता है और ना ही कोई प्रतिमान ही स्थापित होता है। पानी का पतला रेला नदी का रूप नहीं ले सकता। उसी तरह बिना मूल्यों की सफलता स्थाई नहीं होती है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# कीटनाशक का उपयोग सुरक्षित तरीके से किया जाना चाहिए

**विजय गर्ग**

**कीटनाशक** न केवल उन लोगों के स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं जो इन कृषि उत्पादों का उपभोग करते हैं, बल्कि उन किसानों के स्वास्थ्य पर भी प्रभाव डालते हैं जो उनका उपयोग करते हैं कृषि में सफलता का कीटनाशकों के बढ़ते उपयोग से गहरा संबंध है। यद्यपि मनुष्य प्राचीन काल से ही कीटों को नियंत्रित करने के लिए रसायनों का उपयोग कर रहा है, लेकिन आर्सेनिक, पारा, सीसा आदि जैसे जहरीले रसायनों का बड़े पैमाने पर उपयोग 20 वीं शताब्दी की शुरूआत में शुरू हुआ। हरित क्रांति जिसने फसलों की उत्पादकता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया, ने इसके उपयोग में तेजी ला दी।

कीटनाशक रासायनिक यौगिक हैं जो विशेष रूप से कीटों से निपटने और उन्हें खत्म करने के लिए तैयार किए जाते हैं। इस श्रेणी में कई प्रकार के जीवों को नियंत्रित करने और खत्म करने के लिए उपयोग किए जाने वाले पदार्थों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है, जैसे कि पौधे, कीड़े, नेमाटोड, मोलस्क, मछली, पक्षी, कृंतक, बैक्टीरिया, कवक और लैम्प्रे। शाकनाशी कीटनाशकों का सबसे व्यापक प्रकार है, जो दुनिया भर में कीटनाशकों की खपत का लगभग 50% है। मुख्य रूप से, कीटनाशकों को वनस्पति रक्षा एजेंटों के रूप में काम करने, पौधों को खरपतवार, कवक या कीड़ों के खतरों से बचाने के लिए डिजाइन किया गया है। कीटनाशक एक रासायनिक अणु है, जैसे काबार्मेट, या एक जैविक एजेंट, जैसे वायरस, जीवाणु, या कवक, जो कीटों को रोकता है, अक्षम करता है, समाप्त करता है, या अन्यथा हतोत्साहित करता है।

विभिन्न वैज्ञानिक अध्ययनों से पता चला है कि कीटनाशकों का संपर्क कैंसर, न्यूरोडीजेनेरेटिव बीमारियों, जन्म संबंधी बीमारियों, प्रजनन विकारों आदि जैसे स्वास्थ्य मुद्दों से जुड़ा हुआ है। वे पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन को भी नुकसान पहुंचाते हैं। वर्तमान में हमारे देश में पैदा होने वाली हर सब्जी, फल या मसाले में कीटनाशकों के अवशेष होते हैं। कीटनाशक न केवल उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं, बल्कि उनका उपयोग करने वाले किसानों को भी बुरी तरह प्रभावित करते हैं।

## जानलेवा वायु प्रदूषण, सरकार और जनमानस

**प्रेम शर्मा**

**बरसात समा**प्ति के साथ ही उत्तर भारत के साथ मध्ध्य भारत भी वायु प्रदूषण की चपेट में आ गया है। क्या दिल्ली, मुंबई सहित कई शहर वायु प्रदूषण की गिरफ्त में है। केंद्र और राज्य सरकारों के तमाम दावों के बाद भी हर वर्ष ठंड शुरू होते ही देश के एक बड़े हिस्से में वायु प्रदूषण एक गंभीर संकट का रूप ले लेता है। चूंकि ऐसा वर्षों से होता चला आ रहा है, इसलिए इस नतीजे पर पहुंचने के अलावा और कोई चारा नहीं कि वायु प्रदूषण के कारणों का निवारण करने के मामले में केवल कोरे वादे किए जा रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की 2019 की रिपोर्ट के अनुयार देश के 99.5 प्रतिशत जिलों में हवा खराब है। लेकिन केन्द्र ओर राज्य सरकार ने अब तक इससे निपटने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा पाई है। दूसरी तरफ वायु प्रतिवर्ष विकराल रूप धारण करता जा रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार विश्व के 50 सबसे प्रदूषित शहरों में 39 शहर हमारे देश से हैं। इनमें 20 शहर उत्तर प्रदेश के हैं। केंद्र की आईएमडी विभाग की वेबसाइट से पता चलता है कि दिल्ली में 70 फीसदी प्रदूषण बाहरी राज्यों से आ रहा हैं। इसको लेकर दिल्ली की आप सरकार ने बाहरी राज्यों से दिल्ली में आ रहे प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए आवाज उठाई तो केंद्र ने उस वेबसाइट पर आंकड़े देने बंद कर दिए। केजरीवाल सरकार ने उत्तर भारत के सभी राज्यों के पर्यावरण मंत्रियों की एक उच्चस्तरीय मीटिंग बुलाई जाए और सफर वेबसाइट पर आंकड़े देना शुरू किया जाए। आकड़ो के मुताबिक एनसीआर में 2000 ईंट के भट्ठे हैं जो पुरानी तकनीक से चल रहे हैं। उसमें से 150 भट्ठे गाजियाबाद व 250 मुजफ्फरनगर में हैं। इनका धुआं दिल्ली में आता है। एनजीटी ने आर्डर पास किया कि सभी इंडस्ट्रीज को स्वच्छ ईंधन यानी कि पीएनजी पर चलाया जाए। वैश्विक रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि दिल्ली में वाष्पों का हानिकारक मिश्रण यहाँ के निवासियों की जीवन प्रत्याशा से लगभग 12 वर्ष की कटौती कर रहा है। यह प्रशासनिक उदासीनता की एक भयावह तस्वीर पेश करता है जिसके कारण साल दर साल वायु की गुणवत्ता बिगड़ती जा रही है और स्टॉप-गैप उपायों के साथ केवल तभी हस्तक्षेप किया जाता है।

# जमीन बेचने के नाम पर 25 लाख की धोखाधड़ी, आरोपी काबू

## पानीपत, थाना औद्योगिक सेक्टर 29 पुलिस ने जमीन बेचने के नाम पर 25 लाख रूपए की धोखाधड़ी मामले में नामजद आरोपी पृथी सिंह निवासी नांगल खेड़ी को शनिवार को गांव नांगल खेड़ी से गिरफ्तार किया

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**थाना औद्योगिक सेक्टर** 29 प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश ने बताया कि सोनीपत के गांव चटिया देवा निवासी संजीव पुत्र रामफल ने पानीपत पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत देकर बताया था की उसने नांगल खेड़ी गांव में 24 कनाल 14 मरले 8 सरसाई जमीन गांव नागल खेड़ी निवासी पृथी सिंह पुत्र रामदिया से साढ़े 62 लाख रूपए प्रति एकड़ के हिसाब से खरीदी थी। उसने 9 जून 2023 को रविंद्र व औम प्रकाश निवासी नांगल खेड़ी व सूरजभान निवासी भादी के सामने पृथी सिंह को 25 लाख रूपए ब्याना दिया था। जिसमें उसने 10 लाख का चेक व 15 लाख रूपए नकद पृथी सिंह को दिए थे। उसको पृथी सिंह ने इसका एग्रीमेंट दिया था। रजिस्ट्री का समय 9 जून 2024 तक का था। जमीन का सौदा करने में पृथी सिंह की बेटी गीता, सरिता व दामाद अनिल निवासी सरसाढ़ शामिल थे। 3 जुलाई 2023 को उसके जानकार ने फोन कर उसको बताया की जो जिस जमीन का तुमने पृथी सिंह के साथ सौदा किया है पृथी सिंह उस जमीन की तहसील में बेटी गीता व सरिता के नाम डीड ट्रांसफर करवा रहा है। वह तहसील में पहुंचा जहा पर पृथी सिंह बेटी सरिता, गीता व दामाद अनिल के साथ मौजूद मिला। उसने पृर्थी सिंह को गलत काम ना करने के लिए कहा तो सभी ने जान से मारने की धमकी दी। उसने जमीन का रिकार्ड निकलवाया जिसमें पाया गया पृथी सिंह ने तहसीलदार के सामने झूठे तथ्य देकर 2 एकड़ जमीन की डीड बेटियों के नाम ट्रांसफर करवा दी। जिसमें पृथी सिंह ने लिखवाकर दिया है की इस जमीन का उसने किसी के साथ इकरारनामा नही किया है। आरोपियों ने साजिश के तहत जमीन बेचने के नाम पर उसके साथ 25 लाख रूपए की धोखाधड़ी कर ली। पैसे मांगने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते है। शिकायत पर जांच उपरांत थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में नामजद आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई गई थी। इंस्पेक्टर राकेश ने बताया कि पूछताछ में आरोपी पृथी सिंह ने जमीन बेचने के नाम पर धोखाधड़ी की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। पूछताछ के बाद पुलिस ने रविवार को आरोपी पृथी सिंह को न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया।



# हरियाणा बेरोजगारी व नशे के मामले में प्रथम श्रेणी में आता है: सचिन कुंडू



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/कमाल हुसैन**

**हरियाणा प्रदेश** युवा कांग्रेस ने बुधवार को पानीपत युवा कांग्रेस द्वारा ह्लयुवा जोड़ो-हरियाणा जोड़ोह्व अभियान की शुरूवात की व जिला स्तर की बैठक कर इस अभियान बारे विस्तृत जानकारी दी युवा कांग्रेस अध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है कि प्रदेश युवा कांग्रेस आने वाले दिनों में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में प्रयासरत युवाओं को एक साथ संगठित करके उनसे जुड़े विभिन्न मुद्दों को सरकार के समक्ष प्रखरता से उठाने का कार्य करेगी। यह एक ऐसा अनोखा कार्यक्रम होगा जिसके माध्यम से हर वर्ग का युवा एक मंच पर आएगा और अपनी समस्या व अधिकारों की आवाज को दृढ़ता से सरकार के समक्ष रखेगा। उन्होंने प्रदेश के युवाओं को प्रभावित करने वाले सात मुख्य मुद्दे बेरोजगारी, अग्निवीर सेना भर्ती, नशा, सरकारी भर्तियाँ, विदेशी पलायन, शिक्षा, खेल आदि के तहत नौजवानों को इस अभियान के तले जोड़ने की बात कही , उन्होंने बताया कि प्रदेश का युवा आज इन समस्याओं से जूझ रहा है, और इन समस्याओं का क्या समाधान हो सकता इस विषय पर युवा कांग्रेस इस अभियान के माध्यम से युवाओं के बीच जाकर संवाद कार्यक्रम करेगी। उन्होंने कहा कि हम एक युवा राष्ट्र है, और अगर किसी प्रदेश का युवा अगर हर समय दिक्कत और परेशानियों से ही घिरा रहेगा तो फिर उस प्रदेश का न तो कोई विकास हो सकता और न ही उस प्रदेश का कोई भविष्य सोचा जा सकता है, इसलिए युवा जोड़ो-हरियाणा जोड़ो अभियान के माध्यम से युवा कांग्रेस इन सभी विषयो पर युवाओं के साथ संवाद करेगी और उन समस्याओं के लिए सरकार से संघर्ष भी करेगी। उन्होंने कहा कि एचएसएससी/एचपीएससी द्वारा भर्ती परीक्षाओं में किया जा रहा भ्रष्टाचार, लापरवाही व गलत कायदे-कानून से की जा रही भर्तियों के खिलाफ भी हरियाणवीं युवाओं को लामबंद कर सरकार पर नकेल कसने का कार्य इस अभियान के माध्यम से करेगें। उन्होंने बताया कि इस अभियान में इसके साथ साथ संगठन विस्तार कार्यक्रम भी किए जाएँगे , जिसमें जिला,विधानसभा व ब्लॉक इकाइयों का गठन व लीगल, डॉक्टर , रीसर्च , आदि सेल के गठन भी इसी अभियान के माध्यम से किए जाएँगे इस दौरान उनके साथ हरियाणा युवा कांग्रेस पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सचिन कुंडू जी , प्रदेश प्रभारी प्रदीप सूर्य , प्रदेश महासचिव व जिला प्रभारी सौमिल संधू , जिला अध्यक्ष मोहित बिंझौल ,प्रदेश महासचिव नरेंदर बजाज , प्रदेश सचिव प्रियांश मालिक ,प्रदेश सचिव रजनीश छौक्कर ,जिला सह प्रभारी राहुल नरवाल,जिला सह प्रभारी मनीष रांगी ,पानीपत शहर विधानसभा अध्यक्ष माधव शर्मा ,पानीपत ग्रामीण विधानसभा अध्यक्ष तेजी चंदौली व युवा नेता मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### विश्व मानव अधिकार दिवस की तैयारियों पर की चर्चा

**सोनीपतः मानव** अधिकार सरंक्षण संघ द्वारा विश्व मानव अधिकार दिवस पर कि आयोजित होने वाले वार्षिक सम्मान समारोह की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई । संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयवीर गहलावत ने कहा कि इस वर्ष का वार्षिक सम्मान समारोह संघ के पूर्व राष्ट्रीय सचिव स्व. धर्मप्रकाश आर्य को समर्पित करते हुए प्रताप सिंह मेमोरियल स्कूल खरखोदा में किया जाएगा । इस सम्मान समारोह में समाज सुधार के लिए बेहतरीन कार्य करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता को सम्मानित किया जाएगा । सभा में राजसिंह सांगवान ने कहा कि बाल विवाह को रोकने के लिए सरकार द्वारा नए कानूनी प्रावधान लागू किये गये हैं ,जिसके अनुसार बाल विवाह के लिए, उसमे शामिल सभी लोगों को दोषी की श्रेणी में रखा जाएगा ।सामाजिक कार्यकर्ता दिलबाग मोरवाल ने कहा कि युवाओं में नशे की लत बढ़ती जा रही है, नशे की हालत में वह दूसरों को अहित करने से भी पीछे नही हटते । शाम के समय महिलाओं के साथ छेड़छाड़ से मामले भी सामने आए हैं । सभा मे उपस्थित सदस्यों ने एक सहमति से माना कि अपने राजनैतिक स्वार्थ के लिए जो घोषणाएं राजनैतिक दलों द्वारा चुनाव के समय में जो मुफ्त की रेवड़ी बाटने के दावे किये जाते है , उनसे सामाज में असमानता को बढ़ावा मिलता हैं ।सत्ता में आने पर जब इनको पूरा किया जाता है तब आम जनता के लिए किए जाने वाले कार्यों पर इनका प्रभाव पड़ता हैं । सभा में सौरभ सचदेवा , बनी सिंह बल्हारा ,रणसिंह राणा, सत्यवीर आर्य , नीलम सांगवान , सुनील लोचब ,विकास जैन , संजय सिंह , मेहन्द्र भनवाला ,पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त बिजेंद्र दहिया, पूर्व ए सी पी जगबीर मलिक, पूर्व बैंक मैनेजर प्रकाश , उपाध्यक्ष अर्बन कॉपरेटिव बैंक दिनेश कुच्छल सहित अन्य उपस्थित रहें ।

### संत आशाराम आश्रम में शरद पूर्णिमा कार्यक्रम संपन्न

**पानीपत/कमाल हुसैन**



**संत आशाराम** बापू आश्रम, गांव डाढोला में बापू आशारामजी की शिक्षा साध्वी रेखा बहन के सानिध्य में शरद पूर्णिमा के निमित्त दो दिवसीय सत्संग का आयोजन किया गया । साध्वी रेखा बहन ने बताया कि शरद पूर्णिमा साल की अन्य पूर्णिमा से अलग और विशेष मानी जाती है इसदिन चंद्रमा की किरणें अन्य दिनों की अपेक्षा सबसे तेज प्रकाश वाली होती हैं और इन किरणों से अमृत बरसता है । इस पूर्णिमा पर चांद 16 कलाओं से पूर्ण होता है । इस दिन चांद को अर्ध्य देने से आरोग्यता की प्राप्ति होती है शरद पूर्णिमा की चांदनी का न सिर्फ धार्मिक अपितु वैज्ञानिक महत्व भी है इससे रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है । इस रात चावल और दूध की खीर चांदी के बर्तन में रखकर खाने का विशेष महत्व है उपरोक्त सत्संग का बड़ी संख्या में साधक एवं अन्य भक्तों ने लाभ लिया इस अवसर पर श्री योग वेदांत सेवा समिति के अध्यक्ष श्यामलाल गर्ग, महासचिव राम मेहर व वेद **प्रकाश उपस्थित रहे । कार्यक्रम के अंत में सभी को भोजन-भण्डारा व खीर प्रसादी दी गई ।**

### जोगी समाज धर्मशाला के अध्यक्ष बने ओमप्रकाश, सर्वसम्मति से कार्यकारिणी घोषित

**गन्नौरः** जोगी समाज धर्मशाला गढ़ी झंझारा रोड में रविवार को जोगी समाज गन्नौर की बैठक हुई। बैठक में जोगी समाज धर्मशाला की कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन हुआ। जिसमें खेड़ी गुज्जर गांव के ओमप्रकाश को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष रामचन्द्र जोगी, उपाध्यक्ष हरिओम जोगी, अुर्जन जोगी, महासचिव बलबीर जोगी, सचिव कैप्टन कृष्ण जोगी, खजांची रामऋर्षि, उप खजांची मोनू, मुख्य सलाहकार दुलीचंद जोगी, सलाहकार प्रेमान्नद, मुकेश को सर्वसम्मति से चुना गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेंदारी मिली है। उसका वे ईमानदारी से निवर्हन करेंगे और समाज के उत्थान के लिए बेहतर कार्य करेंगे।

# प्यासे को पानी पिलाना भूखे को रोटी खिलाना सच्ची सेवा: प्रधान दीपू मदन

**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत/कमाल हुसैन**



**जिंदगी** जीने का असली मकसद जरूरतमंद, लाचार बेसहारा लोगों की मदद करना है अगर हम ऐसा करते हैं तो हमें मन से भी शांति मिलती है और भगवान भी खुश होते हैं ऐसा ही प्रण लेकर पिछले कई सालों से दीन दुखियों की मदद में लगी हुई है संकट मोचन सेवा समिति संस्था। संकट मोचन सेवा समिति संस्था हर महीने की तरह इस महीने भी तहसील कैंप के जटू राम धर्मशाला में110 परिवारों को राशन वितरित किया। संस्था के प्रधान अमित मदान ने बताया कि संस्था के टीम के सदस्य बंसीलाल तनेजा के परिवार ने आज राशन वितरित में अपना अहम योगदान दिया है उन्होंने बताया कि बेसहारा की मदद करना जरूरतमंद लोगों की मदद करना ही सच्ची सेवा है अगर हम प्यासे को पानी भुखे को अनाज और बीमार को दवाइयां उपलब्ध करवाते हैं तो इससे बड़ा कोई दान नहीं हो सकता।

इस मौके पर वेद प्रकाश गोस्वामी, बंसीलाल तनेजा, प्रेम गोस्वामी, अमित मदान, धर्मवीर, संजय सिंगला, श्यामलाल, अशोक कपूर, सन्नी बोगरा संस्था के सभी सदस्य मौजूद रहे।

## कलाकारों के लिए प्रेरणास्त्रोत है रामसिंह का जीवन



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

**महेंद्रगढ़।** श्री आदर्श रामलीला कमेटी के सर्वेसर्वा स्वर्गीय श्री राम सिंह जी यादव की द्वितीय पुण्यतिथि पर रामलीला के प्रांगण में प्रार्थना सभा आयोजित की गई। जिसमें उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई रामलीला कमेटी के प्रधान एडवोकेट सुरेंद्र कुमार उर्फ बंटी ने बताया कि श्री राम सिंह जी यादव लंबे समय से श्री आदर्श रामलीला कमेटी से जुड़े हुए थे और अपना सारा जीवन भगवान राम की सेवा के लिए रामलीला में अर्पित कर दिया। उन्होंने बताया की हमे भी गुरु जी के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके आदर्शो पर चलना चाहिए। गुरु जी की तीसरी पीढ़ी भी रामलीला से जुड़ी हुई है । श्रद्धांजलि सभा में लक्ष्मी नारायण सैनी, प्रोफेसर हरि सिंह, नाथूराम शर्मा, सुरेश गोस्वामी,संजय अग्रवाल पाली,गिरधर शर्मा, डॉ विष्णु शर्मा, प्रकाश सैनी, गोविंद राम सैनी, भगवान दास सैनी, केशव अग्रवाल, शुभम तिवारी, लीलू शर्मा, सुरेंद्र दहिया, मोई गुर्जर, राहुल यादव, रवि यादव, रोहित ,आशी पार्षद,धर्मवीर यादव सहित सभी कलाकारों व सदस्यो ने गुरु जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## वाल्मीकि जयंती पर तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**



**राष्ट्र हित** मंच की सोनीपत ईकाई द्वारा महर्षि वाल्मीकि जयन्ती के अवसर पर तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राष्ट्र हित मंच द्वारा किए गए इस आयोजन में मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी खेल प्रकोष्ठ जिला संयोजक पं परशुराम गौङ रहे । आज प्रतियोगिता का फाइनल मैच श्याम ग्रूप ओर शिव शक्ति कल्ब के बिच खेला गया जिसमें शिव शक्ति कल्ब विजेता रहा। शिव दिक्षित प्रतियोगीता में मैन ऑफ दी सीरीज रहे। पं परशुराम गौङ ने राष्ट्र हित मंच की ओर से समय समय पर कराई गई प्रतियोगिताओं के लिए मंच को बधाई दी । महर्षि वाल्मीकि के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने संस्कृत मे रामायण की रचना की ।महर्षि वाल्मीकि द्वारा रची रामायण वाल्मीकि रामायण कहलाई। इस अवसर पर मंच के जिलाध्यक्ष जगदीश चहल, मनोज कुमार , श्रीभगवान लठवाल, मोनू गामडी अनेक गणमानय लोग मौजूद थे।

## नवी सिंह ने थाईलैंड में जीती बॉडी बिल्डिंग की प्रतियोगिता

**टीम एक्शन इंडिया/संतोष कुमारी**

**नारनौल।** नवनीत सिंह उर्फ नवी सिंह ने थाईलैंड में बॉडी बिल्डिंग स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से आयोजित मिस्टर यूनिवर्स प्रतियोगिता का खिताब जीतकर क्षेत्र और प्रदेश का नाम रोशन किया है। नवी सिंह ने इससे पूर्व नई दिल्ली में आयोजित मिस्टर इंडिया प्रतियोगिता जीती थी। नवी सिंह की इस उपलब्धि पर अनेक लोगों ने उनको बधाई दी है। नवी सिंह नारनौल शहर की ही जिम में प्रैक्टिस करते हैं। मोहल्ला दशमेश नगर के रहने वाले 26 वर्षीय नवनीत सिंह नई सराय स्थित हेल्थ मंत्रा जिम में 2 घंटे सुबह तथा 2 घंटे शाम को प्रैक्टिस करते हैं। 2 अक्टूबर को नई दिल्ली के मयूर विहार में बॉडीबिल्डिंग स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से मिस्टर इंडिया प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।

# विधायक सुरेंद्र पंवार ने महाराजा अजमीढ जयंती पर शोभा यात्रा का किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत।**



**विधायक सुरेंद्र** पंवार ने महाराजा अजमीढ जयंती के उपलक्ष्य में महाराजा अजमीढ स्वर्णकार सेवा सोसाइटी के तत्वावधान में निकाली गई शोभा यात्रा का पुरानी तहसील में पहुंचकर शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कलश यात्रा का भी शुभारंभ किया। सोसाइटी ने विधायक सुरेंद्र पंवार का फूलमालाओं व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इससे पहले विधायक सुरेंद्र पंवार ने महाराजा अजमीढ के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। विधायक सुरेंद्र पंवार ने महाराजा अजमीढ जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जैसा कि पुराणों और धार्मिक ग्रंथों में उल्लेख है कि महाराजा अजमीढ़ का जन्म त्रेतायुग के अन्त में हुआ था। हस्तिनापुर को बसाने वाले महाराजा श्रीहस्ति महाराजा अजमीढ़ के दादा थे और महाराजा विकुंठन उनके पिता थे। राजकुमारी महारानी सुदेवा के गर्भ से महाराजा अजमीढ़ का जन्म हुआ था। उन्होंने कहा कि महाराज को खिलौने व आभूषण बनाने का बेहद शौक था, अपने इसी शौक के चलते वे अनेकों प्रकार के आभूषण, खिलौने व बर्तन बनाकर अपने प्रियजनों को भेंट करते थे। उनके इसी शौक को उनके वंशजों ने आगे बढा़कर व्यावसाय का रूप दिया, तभी से वे स्वर्णकार के रूप में जाने लगे। ऐसे महान गुरू को शत-शत नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि आज सोसाइटी द्वारा जयंती समारोह के उपलक्ष्य में जो कार्यक्रम रखा गया है यह बहुत ही सरहानीय कदम है। एकजुट समाज ही तरक्की की पहली सीढी है।

## मेले में पूजा अर्चना करने गए युवक की मोटरसाईकिल चोरी, मामला दर्ज

**गन्नौर। मोई** गांव में बाबा जिन्दा पर लगे मेले में पूजा अर्चना करने गए युवक की मोटरसाईकिल चोरी हो गई। मोटरसाईकिल मालिक चांद गांधी नगर निवासी ने मोटरसाईकिल चोरी का पुलिस में मामला दर्ज करवाया। शिकायत में बताया कि 28 अक्तुबर को मोई गांव में करीब 4 बजे बाबा जिंदा मेले में अपने पिता कंवरभान के साथ ज्योत लगाने के लिए गया था। उसने अपनी हीरो स्पेंलेण्डर को गांव मोई में पार्किंग में खड़ा कर दिया। जब वापिस आया तो उसकी मोटरसाईकिल नही मिली। शिकायत में बताया कि उसने आसपास मोटरसाईकिल की तलाश की लेकिन कोई पता नही चला। उसके बाद पुलिस में चोरी का मामला दर्ज करवाया है।

## रोड़वेज बस की ट्रक में टक्कर से परिचालक व सवारियां घायल, मामला दर्ज

**गन्नौर।** जी टी रोड पर गन्नौर फ्लाईओवर के निकट राजस्थान रोड़वेज बस की ट्रक में टक्कर से बस की सवारियां घायल होने के साथ कंडेक्टर का करीब 16 हजार रुपएं गिर गए। बस के चालक ने पुलिस को दी शिकायत में ट्रक चालक के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज करवाया। पुलिस को दी शिकायत में आन्नद नगर भरतपुर राजस्थान निवासी मनोज ने बताया कि वह राजस्थान रोडवेज बस पर चालक है। 25 अक्तुबर की रात करीब 10 बजे चण्डीगढ से भरतपुर के लिए बस को लेकर चला था। रात को करीब 2 बजे गन्नौर फ्लाई ओवर से उतरते ही रोड पर एक ट्रक खड़ा था। जिसमे मेरी बस की टक्कर हो गई। हादसे में परिचालक समुन्द्र गांव गघेड़ा राजस्थान घायल होने के साथ उसका करीब 16 हजार रुपएं कैश गिर गया इसके अलावा अन्य सवारियों को चोट लगी। शिकायत में आरोप है कि ट्रक चालक ने लापरवाही की है। पुलिस ने चालक की शिकायत पर ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## पबसरा गांव में लगे निशुल्क नेत्र जांच शिविर में 434 की जांच हुई, निशुल्क चशमे दिए गए

**राई।** राई हलके के गांव पबसरा में राजकुमार शर्मा फाउंडेशन के संस्थापक प्रतीकराजकुमार शर्मा माखन भोग वाले ने नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का शुभारम्भ किया। शिविर में गांव के 434 लोगों ने अपनी आंखें की जांच करवाई व 200 लोगों को फाउंडेशन की तरफ से निशुल्क चशमे वितरित किए गए। शिविर में जांच के बाद 59 लोग मोतियाबिंद के आप्रेशन योग्य पाए गए। शिविर में डॉ धीरेंद्र सिंह और उनकी टीम में सोनिया ने आंखों की जांच की। प्रतीक शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि शिविर में जो लोग आप्रेशन के योग्य मिले है। उनकी संस्था द्वारा निशुल्क आप्रेशन दिल्ली में करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि संस्था इसके अलावा सामाजिक कार्य करने में लगी है। ऐसे बहुत कार्य है तो हलके के लोगों के जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए किए जा रहे है। शिविर के मौके पर गांव से प्रेम सैनी, पंकज सैनी, करतार, कर्ण, गोविंद, नीरज, जय भगवान, संजीव चौहान, विजयपाल आदि मौजूद थे।

# 'यज्ञ के माध्यम से विश्व में शांति स्थापित कर सकते हैं'

## विशिष्ट अतिथि समाजसेवी हरीश वधवा व पूर्व पार्षद अंकित मल्होत्रा ने

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**



**आर्य समाज** मंदिर गन्नौर शहर का तीन दिवसीय 66 वां वार्षिकोत्सव सम्पन्न हुआ। समारोह में बतौर मुख्यातिथि मन्नत ग्रुप आफ होटल्स के निदेशक एवं समाजसेवी विरेन्द्र कादियान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी हरीश वधवा व पूर्व पार्षद अंकित मल्होत्रा ने शिरकत की।

समारोह की अध्यक्षता भारत भूषण भूटानी ने की। समाजसेवी विरेन्द्र कादियान ने कहा कि यज्ञ के माध्यम से हम अपने जीवन को सफल बना सकते हे। यज्ञ के माध्यम से र्प्यावरण को शुद्ध करने के साथ विश्व में शांति स्थापित कर सकते है। समाजसेवी हरीश वधवा ने कहा कि परमात्मा सर्व व्यापक है, कर्मफल आवश्य मिलता है। सभी को अच्छे कर्म करने चाहिए। पूर्व पार्षद अंकित मल्होत्रा ने कहा कि यज्ञ हमारे जीवन का सर्व श्रेष्ठ कर्म है। इसलिए हवन यज्ञ करते रहना चाहिए। यज्ञोपरान्त सहारनपुर से आमन्त्रित संगीतरत्न प्रताप आर्य ने आध्यात्मिक,पारिवारिक और देश भक्ति के गीत प्रस्तुत करके श्रद्धालु भक्तों को भाव विभोर किया। सत्य किरण दीवान ने प्रभु भक्ति के गीत प्रस्तुत करके मंत्र मुग्ध किया। आर्य तपस्वी सुखदेव महाराज ने बताया कि परमेश्वर ने मानव जीवन प्रदान करके हम पर उपकार किया है। यज्ञ के ब्रह्मा और वैदिक प्रवक्ता आचार्य शिव नारायण शास्त्री ने वेदमन्त्र के साथ संबोधन करते हुए बताया कि परमेश्वर कण कण में विद्यमान हैं,जो कर्म हम कर रहे हैं वह उनका ज्ञाता है, इसलिए विपरीत कार्य करनें का प्रयास मत करो।

परमात्मा को किसी की दलील, वकील,अपील, साक्षी की आवश्यकता नहीं है।

## फौजी करतार मलिक ने किया रक्तदान शिविर का उद्घाटन



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**जनहित** अभियान फाउंडेशन के द्वारा गांव तिहाड़ मलिक में लगाया रक्तदान शिविर इस अवसर पर मुख्य अथिति फौजी करतार मलिक ने किया शिविर का उदघाटन फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने बताया की आज के रक्तदान शिविर में 35 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर समाजसेवी संस्था सेवा ट्रस्ट यू–के (इंडिया) से प्रवीन वत्स ने अपनी को–स्पॉन्सर डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ से सभी को इम्यूनिटी बूस्टर किट भेंट की इस अवसर पर जिला पार्षद स्वीटी मलिक,स्टेट अवॉर्डी प्रवक्ता दिलबाग सिंह,समाज सेवी पहलवान हवा सिंह अंतिल,पूर्व प्रशिक्षण जिला रेडक्रॉस सोसाइटी धर्मवीर दहिया,कोच राजेश मलिक, सुखबीर मलिक, कोकन गुहना, रवि भैंसवाल,साहिल मोहाना, टोनी पिनाना,सोमबीर तिहाड़ मलिक,पुलकित,अश्वनी, विकी, विनोद, राजू उपस्थित रहे।

# प्रदूषण: दिल्ली में हवा 'बहुत खराब', सुबह रही दमघोंटू

दिल्ली में (रविवार) समग्र वायु गुणवत्ता 309 एक्यूआई के साथ 'बहुत खराब' श्रेणी में दर्ज किया गया, सफर इंडिया के अनुसार नोएडा में भी हवा की गुणवत्ता 372 एक्यूआई के साथ 'बहुत खराब' श्रेणी में रही

**बहुत खराब**

**8 सफर इंडिया के अनुसार नोएडा में भी हवा की गुणवत्ता 372 एक्यूआई के साथ 'बहुत खराब' श्रेणी में है।**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्र** सरकार की वायु गुणवत्ता, मौसम पूर्वानुमान और अनुसंधान प्रणाली (सफर इंडिया) के ताजा आंकड़ों के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु प्रदूषण बढ़ रहा है। दिल्ली में (रविवार) समग्र वायु गुणवत्ता 309 एक्यूआई के साथ 'बहुत खराब' श्रेणी में दर्ज किया गया है। सफर इंडिया के अनुसार नोएडा में भी हवा की गुणवत्ता 372 एक्यूआई के साथ 'बहुत खराब' श्रेणी में है। गुरुग्राम में हवा की गुणवत्ता 221 एक्यूआई के साथ 'खराब' श्रेणी में है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में समग्र वायु गुणवत्ता 139 एक्यूआई के साथ 'मध्यम' श्रेणी में है। दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद और गुरुग्राम में सुबह आसमान में स्मॉग और धुंध छायी रही। दूषित हवा से बचने के लिए मॉर्निंग वॉक कर रहे लोग मास्क लगाए नजर आए। दिल्ली सरकार ने इसके मद्देनजर वाहन प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए गुरुवार से 'रेड लाइट ऑन इंजन ऑफ' अभियान शुरू किया है।
**मंगलवार तक बेहद खराब श्रेणी में** रविवार को हवा विभिन्न दिशाओं से चलने का अनुमान है। इस दौरान हवा की गति चार से आठ किलोमीटर प्रतिघंटे से चलेगी। वहीं, सुबह के समय हल्की धुंध छाए रहने की आशंका है। सोमवार को हवा पूर्वी दिशा की ओर से चलेगी। हवा की चाल आठ किलोमीटर प्रतिघंटे रहने का अनुमान है। सफर इंडिया के मुताबिक शनिवार को दिल्ली में पीएम 2.5 की मात्रा लगभग 131 दर्ज की गई, जो खराब श्रेणी में है। वहीं, पीएम 10 की मात्रा करीब 288 दर्ज की गई, जो बेहद खराब स्तर है।




## नो पार्किंग जोन के तहत भी चालान

**इस** दौरान 3,922 गाड़ियां ऐसी मिलीं, जिनके पीयूसी प्रमाण निरस्त हो चुके थे।
इन सभी गाड़ियों के 10-10 हजार रुपये के चालान काटे गए हैं। वहीं, धुआं छोड़ने वाली पांच गाड़ियां जब्त की गई हैं। नो पार्किंग जोन के तहत 6,640 चालान काटे गए।



**रहेगी हवा:** भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक, शनिवार को हवा उत्तर-पश्चिम व उत्तर-पूर्वी दिशा की ओर से चली। इस दौरान हवा की गति चार से आठ किलोमीटर प्रतिघंटा रही।



## छह पीयूसी केंद्र निलंबित

**दिल्ली** में कुल 949 पीयूसी जांच केंद्र चल रहे हैं, जहां गाड़ियों के प्रदूषण की जांच होती है और प्रदूषण नियंत्रण (पीयूसी) प्रमाणपत्र दिया जाता है। लोग पीयूसी नियमों का सख्ती से पालन करें, यह सुनिश्चित करने के लिए परिवहन विभाग लगातार लोगों को जागरुक कर रहा है।
पीयूसी केंद्रों का औचक निरीक्षण
इस साल एक जनवरी से 22 अक्टूबर के बीच प्रदूषण जांच केंद्रों से 38 लाख 62 हजार 694 गाड़ियों को पीयूसी प्रमाणपत्र जारी किए गए है। जांच में कहीं कोई गड़बड़ी तो नहीं हो रही है, इसकी जांच के लिए इस दौरान अफसरों ने 407 पीयूसी जांच केंद्रों का औचक निरीक्षण किया है।
57 केंद्रों को कारण बताओ नोटिस: जांच में कुछ सेंटरों के कामकाज में गड़बड़ियां पाई गई हैं।
ऐसे 57 केंदों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, जबकि छह केंद्रों को निलंबित कर दिया गया है। यहां से किसी को पीयूसी जारी नहीं किए जाएंगे।

## 21 करोड़ से अधिक का लगा जुर्माना पीयूसी केंद्रों पर भी कार्रवाई



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजधानी** दिल्ली में वायु की गुणवत्ता खराब होने पर सरकार ने प्रदूषण फैलानेवाले वाहनों पर सख्ती बढ़ा दी है। इसके तहत दिल्ली परिवहन विभाग ने ऐसे वाहनों पर 21 करोड़ 16 लाख 50 हजार का जुर्माना लगाया है। वहीं, गड़बड़ी करने वाले 57 पीयूसी केंद्रों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। परिवहन विभाग ने इस प्रक्रिया के तहत प्रदूषण फैलाने के आरोप में 21 हजार 165 वाहनों के 10-10 हजार रुपये के चालान काटे हैं, जिनका कुल जुमार्ना 21 करोड़ से अधिक बैठता है। वाहन प्रदूषण नियंत्रण उपायों के तहत की गई कार्रवाई में गत एक जनवरी से गत 22 अक्टूबर तक ओवरलोडेड के आरोप में 2370 चालान काटे गए हैं। इस दौरान प्रदूषण को लेकर कुल छह लाख 79 हजार 905 वाहनों की जांच की गई है। बगैर पीयूसीसी वाले 21 हजार 165 के चालान काटे गए हैं। 49 वाहनों के धुआं फैलाने के आरोप में चालान काटे गए हैं। डीजल की 10 साल और पेट्रोल की 15 साल पुरानी गाड़ियों के खिलाफ भी लगातार कार्रवाई हो रही है इस साल अभी तक ऐसी 14,483 गाड़ियां जब्त की जा चुकी हैं।
नो पार्किंग के एक लाख तीन हजार 639 चालान काटे गए हैं। एक अक्टूबर से लागू किए गए विंटर एक्शन प्लान के तहत परिवहन विभाग की निगरानी टीमें लगातार कार्रवाई कर रही हैं। इन टीमों ने 1 से 22 अक्टूबर के बीच ओवरलोडिंग के 246 चालान काटे और 36,270 गाड़ियों के पीयूसी प्रमापत्र की जांच की है।

# दिल्ली में हिगाशी ऑटिज्म स्कूल का उद्घाटन



**पहल**

**8 उपराष्ट्रपति धनखड़ बोले- ऐसे बच्चे के लिए हर सुख-सुविधा छोड़ देती है मां**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**ऑटिज्म से** पीड़ित बच्चों के लिए यह दिल्ली का पहला और दुनिया का तीसरा ऐसा स्कूल है। इसे जापान के हिगाशी ऑटिज्म ट्रस्ट द्वारा संचालित किया जा रहा है। बता दें कि टोक्यो और बोस्टन में पहले से हिगाशी ऑटिज्म स्कूल चलाया जा रहा है।
**"ऐसे बच्चे के लिए हर सुख-सुविधा छोड़ देती है मां"** इस दौरान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि मां ही है जो अपने ऑटिस्टिक बच्चे के विकास को सुनिश्चित करने के लिए हर सुख-सुविधा को छोड़कर सारी जिम्मेदारी अपने कंधों पर लेती है। इस विशेष श्रेणी के बच्चों के लिए गरिमापूर्ण जीवन सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास एक साथ होने चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस परिवार में ऑटिज्म से पीड़ित बच्चा होता है, उसे चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उनकी सबसे बड़ी चिंताओं में से एक है, 'अगर मैं वहां नहीं रहूंगी तो बच्चे का क्या होगा?' यह भावना अपने आप में एक अस्तित्वगत चुनौती है। मुझे यकीन है कि हिगाशी ऑटिज्म स्कूल जैसी संस्था उस अंतर को पाटने में मदद कर सकती है। दिल्ली में हिगाशी ऑटिज्म स्कूल टोक्यो और बोस्टन के बाद तीसरा स्कूल है। मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि इन तीनों में से यह बहुत ही कम समय में नंबर वन स्कूल बन जाएगा। ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों की शिक्षा और विकास के लिए आयोजित इस उद्घाटन कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। इसके अलावा इस कार्यक्रम में आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले भी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

## क्या है हिगाशी ऑटिज्म स्कूल?

**ऑटिस्टिक** बच्चों के लिए इस स्कूल को जापान के हिगाशी ऑटिज्म ट्रस्ट द्वारा स्थापित किया गया है। हिगाशी ऑटिज्म स्कूल एक कैंपस बेस्ड डे-बोर्डिंग विशेषज्ञ स्कूल है और इसमें कई विभाग हैं। यह मुख्य रूप से ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों या छात्रों के लिए है। टोक्यो और बोस्टन के बाद अब दिल्ली में भी ऐसा स्कूल खोला गया है। स्कूल का लक्ष्य ऑटिस्टिक छात्रों को व्यक्तिगत शिक्षा के साथ-साथ प्रत्येक छह छात्रों का छोटा समूह बनाकर शिक्षा प्रदान करना है।

# महंगाई की मार: प्याज के दाम निकाल रहे आंसू

राजधानी में भाव 80 रुपये, केंद्र राजधानी समेत एनसीआर में बेच रहा 25 रुपये किलो

**जेब पर चपत**

**8 प्याज के दाम 65 से 80 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गए हैं। आम आदमी की थाली से प्याज गायब होता दिख रहा**




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**त्योहारी** सीजन में एक तरफ दिल्ली में आलू की कीमतों में गिरावट आई है, तो वहीं प्याज के भाव ने रुलाना शुरू कर दिया है। प्याज के दाम 65 से 80 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गए हैं। इसकी वजह से आम आदमी की थाली से प्याज गायब होता दिख रहा है। दिल्ली-एनसीआर में मदर डेयरी के लगभग 400 सफल रिटेल स्टोर हैं, जहां 67 रुपये प्रति किलोग्राम पर खुला प्याज बेच रही है। ई-कॉमर्स पोर्टल बिगबास्केट 67 रुपये प्रति किलो, जबकि ओटिपी 70 रुपये प्रति किलो पर बेच रहा है। वहीं आम फेरी वाले 80 रुपये किलो बेच रहे हैं।
**25 रुपये किलो प्याज बेच रही सरकार:** मदर डेयरी पर जहां 54 से 56 रुपये किलो प्याज मिल रहा था वहीं आज यह दाम 67 रुपये तक जा पहुंचा है। कीमतों में तेजी के बाद शुक्रवार को केंद्र ने ग्राहकों को राहत देने के लिए बफर स्टॉक से रियायती दर पर ज्यादा प्याज बेचने का फैसला लिया है। सरकार फिलहाल 25 रुपये किलो प्याज बेच रही है।
**22 राज्यों में 1.7 लाख टन प्याज भेजा:** उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के सचिव रोहित कुमार सिंह ने कहा कि हम अगस्त के मध्य से बफर से प्याज को छोड़ रहे हैं। कीमतों में और वृद्धि को रोकने के लिए हम खुदरा बाजार में ज्यादा प्याज बेच रहे हैं। उन्होंने कहा, जिन राज्यों में कीमतों में तेज वृद्धि हो रही है, वहां थोक और खुदरा दोनों बाजारों में बफर स्टॉक से प्याज भेजा जा रहा है। अगस्त के मध्य से अब तक 22 राज्यों में विभिन्न स्थानों पर लगभग 1.7 लाख टन प्याज बफर स्टॉक से भेजा गया है।

## बुआई में देरी से महंगा हुआ प्याज

**खुदरा** बाजारों में, बफर प्याज को दो सहकारी निकायों एनसीसीएफ और एनएएफईडी आउटलेट और वाहनों के माध्यम से 25 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर बेचा जा रहा है। दिल्ली में भी बफर प्याज इसी रियायती दर पर बेचा जा रहा है। सचिव ने कहा, मौसम संबंधी कारणों से खरीफ प्याज की बुआई में देरी हुई है। इससे फसल की आवक में भी देरी हुई है। खरीफ प्याज की आवक अब तक शुरू हो जानी चाहिए थी, लेकिन नहीं हुई है। रबी सीजन की प्याज का भंडार खत्म होने से आपूर्ति कम हो रही है, जिससे कीमतें बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा, सरकार ने चालू वर्ष के लिए बफर प्याज स्टॉक को दोगुना कर दिया है। इससे घरेलू उपलब्धता में सुधार होगा और आने वाले दिनों में कीमतों पर अंकुश लगेगा।

# डॉक्टरों ने राजघाट तक किया पैदल मार्च

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजधानी** दिल्ली में डॉक्टरों ने रविवार को स्वास्थ्य सेवा ठप कर दी है। इसी के साथ सभी डॉक्टर सड़कों पर उतर आए हैं। ये डॉक्टर सरकार से सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। इसके अलावा पहले से चली अन्य मांगों को भी इसके साथ जोड़ा गया है।
इन मांगों को लेकर रविवार सुबह डॉक्टरों ने मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज से लेकर राजघाट तक पैदल मार्च किया। मार्च कर रहे डॉक्टरों का कहना है कि दिल्ली में डॉक्टर और हेल्थ प्रोफेशनल्स के खिलाफ लगातार हिंसक घटनाएं हो रही हैं। इस संबंध में पुलिस में लगातार शिकायतें भी दी जा रही हैं, बावजूद इसके अभी तक इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए कोई ठोस उपाय नहीं किए गए हैं। इस संबंध में राज्य और केंद्र सरकार को पहले ही अल्टीमेटम दे दिया था, बावजूद इसके जब सरकार की ओर से भी कोई पहल नहीं हुई। ऐसे अब दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन ने सड़क पर उतर कर हक की लड़ाई लड़ने का ऐलान किया है। डीएमए के बैनर तले सड़क पर उतरे डॉक्टरों ने अपने मांग पत्र में अस्पतालों के लिए हाउस टैक्स समायोजन और डॉक्टरों के लिए बेहतर कामकाजी परिस्थिति बनाने की मांग की। इसके अलावा मांग पत्र में कुछ और मांगों को भी रखा गया है

**मांग की**

**8 हाउस टैक्स समायोजन और डॉक्टरों के लिए बेहतर कामकाजी परिस्थिति बनाने की मांग की**

## अलीपुर में हनुमानजी की मूर्ति खंडित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अलीपुर** के जिंदपुर में हनुमानजी की मूर्ति खंडित करने का मामला सामने आया है। घटना से गांव और आसपास के लोगों में रोष है। आरोपी की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस ने शिकायत पर धार्मिक भावना को आहत करने का मामला दर्ज किया है। आरोपी की पहचान की जा रही है। घटना बुधवार की है। तड़के पुलिस को सूचना मिली कि जिंदपुर गांव के श्मशान घाट के पास स्थित हनुमानजी की मूर्ति को किसी ने तोड़ दिया है। पुलिस मौके पर पहुंची, वहां काफी लोग जमा थे। मूर्ति खंडित मिली और उसके कपड़े पास में ही जले पड़े मिले।

# केरल ब्लास्ट के बाद दिल्ली में हाई अलर्ट जारी, चर्च की सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केरल** ब्लास्ट में बाद दिल्ली में हाई अलर्ट जारी किया गया है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल सेंट्रल एजेंसियों के संपर्क में है। दिल्ली में सभी चर्च की सुरक्षा बढ़ाने के लिए निर्देश दिए गए हैं। दिल्ली पुलिस मुख्यालय के सूत्रों से यह जानकारी मिली है। जानकारी के मुताबिक, केरल के कलामस्सेरी स्थित कन्वेंशन सेंटर में हुए धमाके के बाद दिल्ली पुलिस हाई अलर्ट पर है और भीड़-भाड़ वाली जगहों पर खास नजर रखी जा रही है। स्पेशल सेल लगातार खुफिया एजेंसियों के संपर्क में है और किसी भी इनपुट को हल्के में नहीं लिया जाएगा। भीड़भाड़ वाली जगह पर सुरक्षा के इंतजाम किये जा रहे हैं।




**एनार्कुलम में प्रार्थना सभा के दौरान एक के बाद एक धमाके:** केरल के एनार्कुलम में रविवार सुबह एक कन्वेंशन सेंटर में भीषण ब्लास्ट हुआ। इसमें कम से कम एक व्यक्ति की मौत की खबर है। वहीं, कई लोग घायल हैं। कलामसेरी पुलिस के मुताबिक, यह धमाका उस वक्त हुआ, जब कई लोग कन्वेंशन सेंटर में प्रार्थना सभा के लिए जुटे थे। पुलिस के मुताबिक, पहला धमाका सुबह नौ बजे के करीब हुआ। अगले कुछ मिनटों में एक के बाद एक ब्लास्ट हुए।
**प्रारंभिक जांच में सामने आई आईईडी के इस्तेमाल की बात:** केरल के डीजीपी डॉ. शेख दरवेश साहब ने कहा, "आज सुबह लगभग 9:40 बजे जमरा इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एग्जीबिशन सेंटर में विस्फोट हुआ जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और 36 लोगों का इलाज चल रहा है। कन्वेंशन सेंटर में यहोवा के साक्षियों का क्षेत्रीय सम्मेलन हो रहा था हमने देखा कि एक क्षेत्रीय सम्मेलन हो रहा था। हमारे सभी वरिष्ठ अधिकारी मौके पर हैं। हमारे एडिशनल डीजीपी भी रास्ते में हैं। मैं भी शीघ्र ही मौके पर पहुंचूंगा। हम पूरी जांच कर रहे हैं, पता लगाएंगे कि इसके पीछे कौन है और सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि यह एक कए्ऊ उपकरण है और हम इसकी जांच कर रहे हैं।" जानकारी के मुताबिक, रविवार को इस तीन दिवसीय प्रार्थना सभा का आखिरी दिन था।
अधिकारियों के मुताबिक, जिस वक्त यह धमाके हुए उस दौरान प्रार्थना सभा में करीब दो हजार लोग जुटे थे। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीणा जॉर्ज के ने कहा कि कालामसेरी धमाके को लेकर उन्होंने सभी अस्पतालों को अलर्ट कर दिया है। साथ ही छुट्टी पर गए सभी स्वास्थ्यकर्मियों को तुरंत काम पर लौटने के लिए कहा है।

# झपटमारों से सावधान: सुबह सैर पर निकली थी महिलाएं, बदमाशों ने लूटा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**द्वारका** साउथ इलाके में पार्क में सुबह की सैर करने गई महिलाओं से लूटपाट करने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इनके निशानदेही पर एक खरीदार को भी गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से पुलिस ने दो कान की बाली और वारदात में इस्तेमाल बाइक बरामद की है। बदमाशों ने बताया कि उनपर काफी कर्ज है, जिसको खत्म करने के लिए उनलोगों ने वारदात को अंजाम दिया। गिरफ्तार एक बदमाश पर 8 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस को सेक्टर 6 द्वारका के डीडीए पार्क में लूटपाट की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस को सेक्टर 6 द्वारका निवासी प्रेम शर्मा (69) मिली। इन्होंने बताया कि वह रोज सुबह की सैर करने के लिए पार्क में आती है। घटना वाली सुबह में वह अन्य महिलाओं के साथ सैर कर रही थी। इसी दौरान तीन बदमाश उनके साथ चल रही महिला से उनकी कान की बाली लूटने लगे। यह देखकर उन्होंने शोर मचाया। बदमाशों ने महिला से लूटपाट करने के बाद उन्हें धक्का देकर गिरा दिया और उनकी भी कान से सोने की बाली लूटकर फरार हो गए। पुलिस लूटपाट का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। द्वारका साउथ थाने में तैनात हवलदार प्रवीण यादव के नेतृत्व में टीम ने मामले की जांच शुरू की। पुलिस टीम ने घटनास्थल और उसके आस पास के सीसीटीवी कैमरे की जांच शुरू की। पुलिस ने 45 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे के फुटेज की जांच कर बदमाशों के रास्तों का विश्लेषण किया। सीसीटीवी कैमरे में कैद बदमाशों की पहचान के लिए मुखबिरों की मदद ली गई।
9 अक्तूबर को पुलिस ने गुप्त सूचना पर हिमांशु गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने बताया कि अमित इस लूट का मास्टरमाइंड है। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने अमित और यश को भी टीम ने गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि उन पर कई लोगों का कर्ज था। कर्ज से उबरने के लिए उनलोगों ने द्वारका के एक होटल में बैठकर लूट की योजना बनाई। उनलोगों ने पार्क में महिलाओं को देखकर उनसे लूटपाट की। घटना के बाद वह भाग कर गाजियाबाद में रहने वाले योगेश के रिश्तेदार मनीष के घर पहुंचे। उन्होंने मनीष को सोने का सामान सौंप दिया। पुलिस ने इनके निशानदेही पर मनीष को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि अमित और हिमांशु डाबड़ी, योगेश पालम और मनीष सिहानी गेट गाजियाबाद का रहने वाला है। पुलिस इनसे पूछताछ कर आपराधिक वारदातों के बारे में पूछताछ कर रही है।



**आरोपी अरेस्ट**

**8 पुलिस ने निशानदेही पर एक खरीदार को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दो कान की बाली और वारदात में इस्तेमाल बाइक बरामद की है**

# दिल्ली पुलिस का आतिशबाजी पर शिकंजा

बोरी खोलते ही निकले 108 किलो बम, अनार और रॉकेट, आरोपी दुकानदार गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रतिबंधित** पटाखों को चोरी छिपे बेचने वाले दुकानदारों के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी है। पूर्वी जिला पुलिस ने पटपड़गंज में एक किराना दुकानदार को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के मुताबिक, वह किराने के सामान की आड़ में पटाखे बेच रहा था। दुकान से पुलिस ने 108 किलोग्राम पटाखे बरामद किए हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि सूचना मिली कि दुकानदार अमित कुमार ने अपनी किराना दुकान में भारी मात्रा में अवैध पटाखों को जमा कर रखा है। एएसआई प्रमोद कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापेमारी की। दुकान में दूसरे कमरे से 8 प्लास्टिक बोरियों में रखे विभिन्न ब्रांडों के भारी मात्रा में प्रतिबंधित पटाखे मिले।



## न्यूज फ्लैश

### 2 ब्रह्मकुमारियों ने किया शिव को समर्पण

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**प्रजापिता ब्रह्माकुमारी** ईश्वरीय विश्वविद्यालय के थिराना रोड़ स्थित ज्ञान मानसरोवर में आज पानीपत सर्कल की 2 बीके बहनों का समर्पण समारोह मनाया गया। इस दौरान समर्पित होने वाली बीके बहनों ने सुनहरे पीले रंग की चुन्नी ओढ़ रखी थी, बहनों ने पूरी सभा के बीच मे ब्रह्माकुमारीज की धारणाओं को जीवन मे अपनाने का प्रतिज्ञा पत्र भी पढा। साथ मे उनके मात-पिता ने खुद अपनी कन्या का हाथ ब्रह्माकुमारी सुदेश बहन के हाथों में सौंप दिया। फिर सभी कन्याओं ने मंच पर बने पंडाल में सुशोभित शिवलिंग को माला पहनाई। सुदेश बहन ने परमात्मा पिता शिव के प्रतीक चिन्ह वाली अगूंठी सभी बहनों को पहनाई। इस मौके पर मुख्य रूप से ब्रह्माकुमारीज संस्था की वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका सुदेश बहन (जर्मनी से), सबजोन इंचार्ज बीके सरला बहन, जी.आर.सी. के निदेशक बीके भारत भूषण और समर्पित होने वाली कन्याओं के साथ उनके मात-पिता भी उपस्थित रहे। ब्रह्माकुमारीज से जुड़े हजारों ब्रह्मा वत्सो के बीच इस कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन से हुआ। साथ में केक भी काटा गया। राजयोगिनी सुदेश बहन ने अपने आशीर्वचन देते हुए कहा कि जीवन वही श्रेष्ठ है जो प्रभु के नाम समर्पित हो जाये। बहनजी ने आगे कहा कि विश्व कल्याण के लिए इन कन्याओं ने जो अपना सर्वस्व आज समर्पित किया है इससे महान कार्य और कुछ भी नही हो सकता। समर्पित होने वाली बहनो प्रति विशेष शुभ राय देते हुए बहन ने कहा कि जीवन भर ट्रस्टी होकर रहना है। बुद्धि में यही रहे कि हमारा कुछ भी नही, सब उस परमात्मा पिता का है। मैंपन या मेरापन यह दोनों शब्द अभिमान के प्रतीक हैं। मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों का बीके मोनिका बहन, अनुरेखा बहन व पायल बहन ने फूलों व गुलदस्तों से स्वागत किया। कैम्पस के निदेशक बीके भारत भूषण ने कहा कि मुझे खुशी होती ये देखकर कि आज के मॉडर्न युग मे भी ये बहने दुनिया की चकाचौंध को छोड़ आध्यात्मिकता में अपनी रुचि रखे हुए हैं। इस मौके पर ब्रह्माकुमारीज की सर्कल इंचार्ज सरला बहन ने भी अपने आशीर्वचन रखे। और साथ-साथ सभी मेहमानो का शब्दों के माध्यम से आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा अगर हम अपने समय व शक्ति को मानव की भलाई के कार्य मे लगाएं तो हमारा जीवन आनन्द से भरपूर हो सकता है। कार्यक्रम में मंच संचालन बीके सुनीता बहन, हुड्डा सेक्टर- 12 सेवाकेंद्र संचालिका ने किया। इस दौरान छोटे बच्चों द्वारा अनेकानेक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए और साथ ही बीके गुलशन ने प्रभु की स्मृति का बहुत सुंदर भजन प्रस्तुत किया।

### बच्चों की छुपी हुई प्रतिभा को उभारने की जरूरत : डॉ. ममता सचदेवा

**कुरुक्षेत्रः बच्चों में** कोई न कोई छुपी हुई प्रतिभा होती है, जरूरत है उसे उभारने की। रत्नावली समारोह ऐसा मंच है जोकि युवा कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका देता है। आज का फैशन शो बहुत अच्छा एवं रंगारंग था। उभरते हुए युवा कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। यह विचार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा की धर्मपत्नी डॉ. ममता सचदेवा ने रविवार सायंकाल सत्र में रत्नावली समारोह में आयोजित हरियाणवी फैशन शो में बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए।
इस अवसर पर बतौर विशिष्ट अतिथि कुवि कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा की धर्मपत्नी डॉ. सुमिता शर्मा ने भाग लिया। डॉ. ममता सचदेवा ने कहा कि आने वाला समय इन प्रतिभावान बच्चों का है, उनकी प्रतिभा उन्हें उंचाईयों पर ले जाएगी। रत्नावली में इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करना बहुत बड़ी उपलब्धि है क्योंकि यह कार्यक्रम बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करते हैं। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल में पहली बार प्रतियोगिता के रूप में आयोजित हरियाणवी फैशन शो में रैम्प पर खूब जलवे बिखेरे। डॉ. सुमिता शर्मा ने कहा कि बच्चे बहुत ज्यादा प्रतिभावान है। बच्चों को देखकर एक बार भी नहीं लगा कि वे पहली बार रैंप पर कैटवॉक कर रहे हैं। लग रहा था कि प्रोफेशनल कलाकार रैम्प पर हो। हरियाणा के छोरे एवं छोरियों ने लोक पारंपरिक परिधानों को नये स्वरूप में ढालकर रत्नावली के मंच पर हरियाणवी परिधानों के जलवे बिखेरे। उल्लेखनीय है कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा हरियाणवी फैशन शो को पहली बार प्रतियोगिता के रूप में शामिल किया गया है। यहां पर घाघरे का नवीन स्वरूप देखने को मिला। फैशन प्रतियोगिता में लडकों के मुकाबले लड़कियों की संख्या ज्यादा रही। हरियाणवी फैशन शो में 35 से अधिक प्रतिभागियों ने मंच के माध्यम से हरियाणा के लोक परिधानों को नवीन स्वरूप में प्रस्तुत किया।

# नौल्था ने पुरखास की टीम को 30-27 अंकों से किया पराजित

## दूर-दराज से करीब 300 खिलाड़ियों ने अपना प्रदर्शन दिखाकर दर्शकों से जमकर तालियां बटोरी

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

**उपमंडल के** गांव पुरखास में रविवार को ग्रामीणों की ओर से खेल मेला का आयोजन किया गया। कुश्ती व कबड्डी खेल में आसपास व दूर-दराज से करीब 300 खिलाड़ियों ने अपना प्रदर्शन दिखाकर दर्शकों से जमकर तालियां बटोरी। टूनार्मेंट में बतौर मुख्यातिथि देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी के संस्थापक एवं प्रमुख समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर खेलों का शुभारंभ कराया। कुश्ती में 11 से 17 साल तक के छोटे पहलवानों ने जोर आजमाइश की। 26 केजी में कुश प्रथम, भास्कर द्वितीय, 28 केजी में मयंक प्रथम, लव द्वितीय, 85 केजी में सिद्धांत व करण ने बाजी मारी। इसके अलावा कबड्डी का फाइनल मुकाबल बेहद रोचक रहा। नौल्था ने पुरखास की टीम को 30-27 अंकों से पराजित किया। मुख्यातिथि कादियान ने विजेता खिलाड़ी व टीम को सम्मानित किया और कहा कि खेल प्रतिभाओं को आगे लेकर आने को लेकर ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह की स्पधाओं का आयोजन कराना सराहनीय कदम है। ग्रामीण आंचल में प्रतिभा की कमी नहीं है, सिर्फ उनमें निखार लाने की आवश्यकता है। ग्रामीण क्षेत्र में अच्छे-अच्छे खिलाड़ी खेल में बेहतर प्रदर्शन कर रहे है। अपने गांव, जिला व प्रदेश का नाम रोशन कर रहे है। उन्होंने कहा कि उनकी देवा वेलफेयर सोसायटी ने शिक्षा व खेल में क्षेत्र का नाम चमकाने वालों को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ा रही है। जिससे की उनसे प्रेरित होकर दूसरे युवा भी खेलों से खुद को जोड़े। उन्होंने युवाओं से नशे की लत की दूर होकर समाज हित में कार्य करने का आह्वान किया। इस दौरान समाजसेवी देवेंद्र कादियान को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया है। इस अवसर पर जिला पार्षद सीता, सरपंच प्रतिनिधि सुनील, बहादुर पहलवान सरपंच, पूर्व सरपंच यशपाल बाबा, बिजेंद्र, रामेहर, अनिल मास्टर, संजय पहलवान, सुमित आदि मौजूद रहे।



## केयू यूटीडी टीम ने पगड़ी में मारी बाजी

**टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र**

**कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय** के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा आयोजित रत्नावली समारोह में हरियाणवी भाषण, हरियाणवी पुरुष नृत्य, हरियाणा की पगड़ी बंधाई एवं रीति-रिवाज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें भाषण में गवर्नमेंट कॉलेज जीन्द, नृत्य एवं रिचुअल में आर्य कॉलेज पानीपत, पगड़ी में यूटीडी ने मारी बाजी।
रत्नावली उत्सव में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गर्वनमेंट कॉलेज जीन्द, दूसरा स्थान भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां सोनीपत, तीसरा स्थान आरकेएसडी कॉलेज कैथल, चौथा स्थान एसडी महिला महाविद्यालय नरवाना एवं पांचवा स्थान कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कैंपस की टीम ने हासिल किया।
वहीं पर सोलो हरियाणवी डांस पुरुष प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आर्य पीजी कॉलेज पानीपत, दूसरा स्थान आर.के.एस.डी. कॉलेज कैथल तथा तीसरा स्थान कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कैंपस की टीम ने हासिल किया। हरियाणवी पगड़ी बंधाई प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कैंपस टीम, दूसरा स्थान एस.डी. महिला महाविद्यालय नरवाना, तीसरा स्थान आर.के.एस.डी. कॉलेज कैथल तथा चौथा स्थान आर्य पी.जी. कॉलेज पानीपत ने हासिल किया।
रिचुअल में प्रथम स्थान आर्य पीजी कॉलेज पानीपत, दूसरा स्थान गवर्नमेंट कॉलेज जींद, तीसरा स्थान दयाल सिंह कॉलेज करनाल ने हासिल किया। रागनी प्रतियोगिता में एसडी कॉलेज अम्बाला ने प्रथम, आर्य पीजी कॉलेज पानीपत ने दूसरा, शहीद दलबीर सिंह गवर्नमेंट कॉलेज खरखोदा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। हरियाणवी लूर नृत्य में आर्य पीजी कॉलेज पानीपत ने पहला, केयू कैम्पस टीम ने दूसरा व आरके एसडी कॉलेज कैथल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## 'मन ही मानवता की सच्ची सेवा कर सकता है'

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर ।**

**ईश्वर के** प्रति समर्पित मन ही मानवता की सच्ची सेवा कर सकता है और एक सही मनुष्य बनकर पूरे विश्व के लिए कल्याणकारी जीवन जी सकता है। यह उद्गार निरंकारी सत्गुरु माता सुदीक्षा महाराज ने 28 अक्तूबर को 76वें वार्षिक निरंकारी संत समागम के पहले दिन के मुख्य सत्र में उपस्थित विशाल मानव परिवार को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। तीन दिवसीय निरंकारी सन्त समागम का भव्य शुभारम्भ कल निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा-गन्नौर हल्दाना बोर्डर स्थित मैदानों में हुआ है जिसमें देश-विदेश से लाखों-लाखों की संख्या में श्रद्धालु भक्त एवं प्रभूप्रेमी सज्जन शामिल हुए। समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों का समावेश होने से अनेकता में एकता का सुंदर नजारा यहां देखने को मिल रहा है। सत्गुरु माता ने फरमाया कि जीवन में सेवा एवं समर्पण का भाव अपनाने से ही सुकून आ सकता है। संसार में जब मनुष्य किसी व्यवसाय के साथ जुड़ा होता है तब वहां का समर्पण किसी भय अथवा अन्य कारण से हो सकता है जिससे सुकून प्राप्त नहीं हो सकता। भक्त के जीवन का वास्तविक समर्पण तो प्रेमाभाव में स्वयं को अर्पण कर इस परमात्मा का होकर ही हो सकता है। वास्तविक रूप में ऐसा समर्पण ही मुबारक होता है। सत्गुरु माता जी ने कहा कि किसी वस्तु विशेष, मान-सम्मान या उपाधि के प्रति जब हमारी आसक्ति जुड़ जाती है तब हमारे अंदर समर्पण भाव नहीं आ पाता है। संत समागम के दूसरे दिन से सेवादल रैली में सेवा दल के भाई बहनों ने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से सेवा के स्वरूपों को व्यावहारिक रूप में जागृत किया। ध्वज फहराने करने के बाद मंच पर माता सुदीक्षा जी महाराज साथ में निरंकारी राज पिता जी गद्दी आसीन हुए। मंच के ठीक ऊपर लिखा था कि सतगुरु के ज्ञान से हर पल में सुकून। सेवा दल के जवानों ने प्रार्थना की, पीटी परेड की, शारीरिक करतब दिखाएं ज्ञान वर्धक संदेश दिया कि सेवा में मर्यादा की शक्ति, सेवा का श्रंगार मयार्दा से हो।



## ओवरलोड वाहनों की आवाजाही से परेशान ग्रामीणों ने किया रोड़ जाम

**टीम एक्शन इंडिय/दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** गांव कुरहावटा में बने बिजली प्लांट में आने वाले ओवरलोड वाहनों से परेशान ग्रामीणों ने रविवार की सुबह मांडोला जैरपुर जाने मार्ग पर जाम लगा दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे अधिकरियों से मिले आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने कई घंटों बाद जाम खोला। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में काफी वर्षो से एक बिजली प्लांट लगाया गया हैं। गांव में बने बिजली प्लांट में प्रतिदिन करीब 40-50 ओवरलोड वाहन गांव की गलियों से होकर गुजरते हैं। ओवरलोड़ वाहनों के कारण गांव की सड़क बिल्कुल क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। जिसके कारण बरसात के मौसम में ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। उन्होंने बताया कि गांव की गलियां काफी छोटी है तथा बिजली प्लांट में जाने वाले क्षमता से अधिक वजन लेकर गलियों से गुजरते हैं। जिस कारण ग्रामीणों कुछ ना कुछ नुकसान उठाना पड़ता हैं। शनिवार की देर रात को एक पराली से भरे ट्रैक्टर ने गांव के घर में घुस गया। जिसके बाद मकान क्षतिग्रस्त हो गया। सुबह करीब आठ गुस्साए ग्रामीणों ने जाम लगा दिया। जाम की सूचना के बाद सिटी थाना व सदर थाना एसएचओ पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।



## 'श्री नामदेव महाराज ने प्रेम से जीवन जीने की कला के प्रति जागरूक किया'

### नामदेव जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में कलश यात्रा का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**

**नारनौल । हरियाणा** के नारनौल में नामदेव महाराज ट्रस्ट मंदिर मोहल्ला प्राणपुर के तत्वाधान में रविवार को श्री नामदेव जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के संरक्षक सुभाष चंद्र लखमरा ठेकेदार ने श्री नामदेव धर्मशाला पुरानी सराय से कलश यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसमें सैकड़ों की तादाद में महिलाएं अपने सिर पर कलश लिए हुई थी। वहीं पुरुष हाथों में ध्वज लेकर चल रहे थे। कलश यात्रा पुल बाजार,पानी की टंकी, सिलाई सेंटर, अग्रसेन चौक होते हुए मोहल्ला प्राणपुरा के प्राचीन हनुमान मंदिर पर जाकर संपन्न हुई। जहां रमेश चंद्र शास्त्री के सानिध्य में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। तथा मंत्र उच्चारण से आहुति डाली गई। कार्यक्रम से पूर्व श्री नामदेव धर्मशाला में समाज के लोगों को संबोधित करते हुए समाज के संरक्षक सुभाष चंद्र ठेकेदार ने कहा कि संत श्री नामदेव महाराज भक्ति कालीन संत थे जिन्होने मराठी भाषा में काफी संख्या मे कविता, पद तथा अभंगों की रचना की। उनके द्वारा रचित एवं गाए जाने वाले अभंग सिखों के पवित्र ग्रंथ गुरु ग्रंथ साहिब में भी पढ़े जा सकते हैं। नामदेव एक महान भारतीय संत थे। विभिन्न संतों की संगति में रहकर आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त किया और विल भगवान की भक्ति में लीन हो गए। उन्होंने भगवत भक्ति के माध्यम से आम जनता को ईश्वरीय प्रेम, सेवा और सही जीवन जीने की कला के प्रति जागरूक किया था।



**जागरूक**

8 भगवत भक्ति के माध्यम से आम जनता को ईश्वरीय प्रेम, सेवा और सही जीवन जीने की कला के प्रति जागरूक किया

## गठबंधन सरकार ने जनता को बहुत लूट लिया: अनुराग

**कैथलः आम** आदमी पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने रविवार को कलायत में प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति जनता के बोलने पर कटाक्ष करे, जनता के बोलने पर गिरफ्तार करवाए और जनता के बोलने पर उसके ऊपर अत्याचार करवाए, हर वो व्यक्ति राजनीति का रावण है। यहां रावण का मतलब किसी विशेष व्यक्ति से नहीं होता, रावण का मतलब उनकी प्रवृति से है जो वो कर रहे हैं। रावण ने सीता माता का अपहरण कर सारी मयार्दाएं तोड़ दी थी और आज की सरकार भी यही कर रही है। जिस मंत्री संदीप सिंह ने हमारी बहन बेटियों के मान सम्मान पर बुरी नजर डाली उसको मंत्री बनाकर बैठाया हुआ है। उन्होंने कहा कि अहंकार जब सिर पर चढ़ जाता है तो सत्ता में बैठे लोगों को लगता है कि विधानसभा में भी वही भेज रहे हैं। पंजाब में बादल परिवार को भी यही लगता था, लेकिन आज विधानसभा में बादल परिवार का एक भी सदस्य नहीं है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी को केवल चुनाव निशान होता है, चुनाव तो आम जनता लड़ती है। जब आम लोग चुनाव लड़ेंगे तो ये सभी विधानसभा से बाहर होंगे। उन्होंने पत्रकार के सवाल के जवाब में कहा कि गठबंधन सरकार ने जनता को बहुत लूट लिया। अब भाजपा और जजपा विधानसभा से बाहर बैठकर फैसला कर लें कि वो किस को मुख्यमंत्री बनाएंगे। फिर जब वो मैदान में आएंगे तो प्रदेश की जनता उन्हें बताएगी कि 2024 में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने जा रही है। उसके बाद ऐसे लोगों के लिए आम आदमी पार्टी विधानसभा के दरवाजे हमेशा के लिए बंद करने वाली है जो काम नहीं करते और जनता की पीड़ा को नहीं समझते।

## झूलन जां गी मां मेरी बागा में री....

**टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र**

**केयू हरियाणा** राज्य रत्नावली समारोह के दूसरे दिन डॉ. आरके सदन में हरियाणवी लोकगीत प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने लोकगीतों से समां बांध दिया। सभागार में बैठे दर्शक लोक गीतों पर झूम उठे व खूब तालियां बजाई। लोकगीत प्रतियोगिता में पहली प्रस्तुति केएम गवर्नमेंट कॉलेज नरवाना ने झूलन जां गी हे मां मेरी बागा में री मधुर लोकगीत की प्रस्तुति दी जिस पर दर्शक झूम उठे। वहीं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की टीम ने अलाप करते ही जाने वाली छोरी तेरा रूप दिल में खटके से द्वारा गांव की लड़की के रंग रूप का वर्णन करते हुए प्रशंसा की। प्रतियोगिता के दौरान कलाकारों की आवाज को सुर देती हारमोनियम, ढोलक, मटके और अन्य वाद्य यंत्रों ने श्रोताओं के कानो में सुरों के राग घोल दिए। आरकेएसडी कॉलेज कैथल की टीम ने हरियाणा के पर्व तीज पर लोकगीत के माध्यम से हरियाणा की लोक संस्कृति को रखा।

## मन की बात: 'पीएम ने स्वदेशी उत्पादों को दिया बढ़ावा'

**टीम एक्शन इंडिया/इन्द्रजीत सिंह**

**नारनौल। रेवाड़ी** रोड स्थित कैलाश नगर में प्रातः 11 बजे टीवी पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 106वां मन की बात कार्यक्रम सुना व देखा गया। इस कार्यक्रम को देखने उपरांत नगर परिषद की पूर्व चेयरपर्सन एवं भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष भारती सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 106वां मन की बात कार्यक्रम पिछले कार्यक्रमों की तरह ही बेहद प्रेरक एवं प्रशंसनीय रहा है। उन्होंने इस एपिसोड में महान देशभक्तों, महापुरुषों के साथ-साथ देश की प्रतिभाओं से प्रेरणा लेकर आगे बढने.को प्रेरित किया, वहीं उन्होंने स्वदेशी अपनाने का भी आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह कहना कि इस बार हम त्योहारों पर ऐसे ही उत्पाद खरीदें, जिसमें देशवासियों के पसीने की महक को, देश के युवा का टेलेंट हो, यह अपने आपमें स्वदेशी आंदोलन को बढ़ावा देने वाला कदम है। उन्होंने कहा कि अब दीपावली महापर्व आ रहा है तथा हमें घर एवं कार्यालयों की सजावट से लेकर पूजा सामग्री तक खरीदते हैं। नए कपड़े, जूते, आभूषण, बर्तन से लेकर नया उपयोगी सामान खरीदते हैं। इसलिए हमें स्वदेशी उत्पादों को खरीदने पर बल देना चाहिए। इससे हमारे देशवासियों को रोजगार मिलेगा और देश का पैसा देश में लगेगा। दीपावली पर मिट्टी के दीये से लेकर लेकर अन्य उत्पाद अपने हमने देशवासियों के हाथों निर्मित खरीदने चाहिए, ताकि यहां की प्रतिभाओं को भरपूर सम्मान मिल सके।



## करनाल में श्रीराम लाइफ ने अपने एपेक्स चैनल के कार्यालय का किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**

**सबसे अधिक** 149 करोड़ रुपए के पॉलिसीधारक बोनस की घोषणा और 3.29 लाख पालिसीधारकों और उनके परिवारों को लाभ देने के वादे के साथ अपैक्स चैनल के पूरे देश में कार्यलय खोले जा रहे है। इसी श्रंख्ला में श्रीराम लाइफ ने अपना अपैक्स चैनल का कार्यलय का शुभारम्भ हरियाणा के कर्नल में किया। इस उद्घाटन कार्यक्रम में श्रीराम लाइफ के बिजनेस हेड टॉप सिटीज उत्कर्ष चौधरी, जोनल हेड मनीष छाबड़ा, ब्रांच हेड अवतार सिंह व ब्रांच मैनेजर अंशुल भाटिया सहित 70 सेल्स ऑफिसर्स भी उपस्थित रहे। इस दौरान उत्कर्ष चौधरी और मनीष छाबड़ा ने बताया कि श्रीराम ग्रुप इस साल अपनी स्थापना की गोल्डन जुबली मना रहा है व व वित्तीय क्षेत्र में 50 वर्षों से बनी विश्वसनीयता को घर-घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से अपैक्स चैनल इस साल 50 नए कार्यालय खोलने जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि ये चैनल के जरिए सभी उम्र के वर्गों के लिए बिमा सुरक्षा में फायदे से जुड़े नए प्लान्स लॉन्च किए है। कंपनी अपने स्वर्ण जयंती उत्पाद के लिए शुद्ध इक्विटी, डेट और हाइब्रिड फंड सहित कई तरह के फंड की पेशकश कर रही है। इस कार्यक्रम के मौके पर गोल्डन जुबली यूनिट लिंक्ड प्लान भी लॉन्च किया गया है। इस से न सिर्फ.रोजगार के बहुत सारे नए अवसर बनेंगे बल्कि वित्तीय योजनाओं का लाभ भी अधिक लोगों तक पहुंच पाएगा।



## दिल्ली में होने वाले कार्यक्रम के तहत टीम अमृत कलश लेकर हुई रवाना

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**आजादी का अमृत** महोत्सव के समापन अवसर पर जिला में मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत निकाली गई कलश यात्रा के तहत सभी गांवों से इक्ट्ठी की गई मिट्ट्ठी को लेकर जिला की टीम रविवार को दिल्ली के कर्तव्य पथ पर होने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए रवाना हुई। इस दौरान एसडीएम अमित कुमार ने हरी झण्डी दिखाकर नेहरू युवा केन्द्र के स्वयंसेवकों को अमृत कलशों के साथ रवाना किया।
एसडीएम अमित कुमार ने कहा कि उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार के निर्देशन में मेरी माटी मेरा देश अभियान को जन आंदोलन बनाने के लिए चली अमृत कलश यात्रा के तहत प्रत्येक गांव व घर से मिट्ट्ठी इक्ट्ठा की गई।
उन्होंने कहा कि वीरों को वंदन, मिट्टी को नमन के भाव के साथ शुरू किये गए इस अभियान ने पुरे देश की एकता को सशक्त किया है और अमर बलिदानियों के इतिहास को युवा पीढ़ियों तक पहुँचाया है। यह अभियान आजादी के लिए बलिदान देने वाले वीरों एवं वीरांगनाओं के प्रति देश की भावनाओं का प्रतीक है।



# वजीरपुर गांव में धूमधाम से मनाई गई महर्षि वाल्मीकि जयंती









**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के अशोक विहार स्थित वजीरपुर गांव के चौक पर महर्षि वाल्मीकि जयंती बड़ी ही धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में आये हुए सभी गणमान्य लोगों का आयोजको ने भव्य रूप में फूल माला, पगड़ी और फटके से स्वागत किया।

इस मौके पर दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन संजय गहलोत, वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश गुप्ता, पूर्व विधायक डॉ. महेंद्र नागपाल, निगम पार्षद चित्रा विद्यार्थी, निगम पार्षद योगेश वर्मा, पूर्व निगम पार्षद सुरेश भारद्वाज, पूर्व निगम पार्षद विकास गोयल, भाजपा नेता अशोक भारद्वाज, पूर्व जिला अध्यक्ष राज सिंह चौहान, फेडरेशन के अध्यक्ष रणधीर गागट, महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार, रणधीर सिंह आजाद, कर्मवीर बिड़लान, मीना सालवान, सुरेंद्र महार, ओम प्रकाश साड़िल्य, भरत वातवानी, पवन टांक, सतीश मुंडका, नरेश चौधरी, आकाश ढिल्लों, आम आदमी पार्टी से अनिल कुमार, सचिन बहोत, अशोक विहार मंडल अध्यक्ष शशि इस्सर, संयोग अरोड़ा, सतीश अरोड़ा, वजीरपुर विधानसभा अध्यक्ष आप पार्टी अमित गुप्ता, उमेश खारी, जोगिंदर खारी, मनोज माल्यान, दीपक वैद्य सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

इस मौके पर श्री महर्षि वाल्मीकि विकास संस्था दिल्ली प्रदेश के महासचिव और अखिल भारतीय वाल्मीकि महापंचायत के दिल्ली प्रदेश युवा अध्यक्ष भारत महार ने कहा कि हम सभी को भगवान महर्षि वाल्मीकि के बताये हुए मार्ग पर चलना चाहिए और हमेशा ही सत्य का साथ देना चाहिए। जो व्यक्ति सत्य की राह पर चलता है, उसे एकदिन सफलता अवश्य ही प्राप्त होती है। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने भी विचार रखें।



शालीमार गांव में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 106वां मन की बात कार्यक्रम को सुनते हुए पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर, वीरेन्द्र सिंह पिंटू, बलिंदर साहनी, रवि, अंजनी, विनोद व अन्य।

## महर्षि वाल्मीकि के आदर्श और शिक्षाएं आज भी प्रासंगिकः वत्स

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने संघ के मुख्यालय बरवाला में आदि कवि महर्षि वाल्मीकि जयंती पर उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए।



इस अवसर पर अपने संबोधन में वत्स ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने रामायण में मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम राम के विराट व्यक्तित्व का जो वर्णन किया है वह अद्वितीय है। वत्स ने सबको उनके दिखाए गए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

वत्स ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि के आदर्श और शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं। सामाजिक समरसता आज समय की मांग है। समूचा विश्व युद्ध के कगार पर खड़ा है। मानवता मर रही है। ऐसे में समाज को भगवान महर्षि वाल्मीकि के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि सभी सामाजिक कुरीतियों से दूर रहें। भाईचारा और सौहार्द बनाकर रखें।



वजीरपुर जेजे कॉलोनी के ए ब्लॉक में वाल्मीकि जयंती के अवसर पर आयोजित महर्षि वाल्मीकि जागरण के दौरान भगवान वाल्मीकि का आशीर्वाद लेते हुए वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी, प्रेम कुमार विद्यार्थी व अन्य।

# भजनपुरा : बूथ सशक्तिकरण से होती है संगठन की जड़े मजबूत : पूनम चौहान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
उत्तर पूर्वी जिला दिल्ली प्रदेश की बूथ सशक्तिकरण की बैठक जिला अध्यक्षा पूनम चौहान की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में दिल्ली प्रदेश से बूथ संयोजक तिलक राज कटारिया उपस्थित रहे। पूनम चौहान ने कहा बूथ जीता तो चुनाव जीता। नए वोट बनाने के कार्य को भी गति बूथ के माध्यम से दी जा रही है। हर बूथ पर 150 से अधिक वोट को बनाना और हर घर संपर्क अभियान चलाकर अप्रैल माह तक जो भी 18 वर्ष का होगा वो अपने वोट के लिए आवेदन कर सकता है। हर का सत्यापन हो गया है और पंच परमेश्वर त्रिदेव के अलावा 21 सदस्यीय टोली का भी गठन किया जाएगा। तिलक राज कटारिया ने कहा कल करे सो आज कर, आज करे सो अब, यानी बूथ सशक्तिकरण का काम कल पर नहीं छोड़ना है आज से ही अपने बूथ हर मतदाता से संपर्क करना है और उनके साथ मिलकर भाजपा को मजबूत करना है। दिल्ली में 25 साल का सूखा तभी मिटेगा जब बूथ मजबूत होगा। बैठक में जिला के बूथ संयोजक ठाकुर अवधेश सिंह, जिला महामंत्री गुलाब सिंह राठौर, दिनेश धामा, मीडिया प्रभारी दीपक चौहान, बृजेश सिंह, सचिन मावी, सत्यदेव चौधरी, रेखा सिन्हा, सुशील चौधरी, वीसी वशिष्ठ, ललित चौधरी व समस्त मंडल अध्यक्ष व निगम पार्षद के साथ कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।






## 'अखिल भारतीय सैनी संगठन सभा कर रही हैं समाज को जागरूक'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अखिल** भारतीय सैनी संगठन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमेर सिंह सैनी ने कहा कि संगठन के द्वारा समाज को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। हमारी टीम घर-घर जाकर समाज के लोगों को जागरूक कर रही है।



राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमेर सिंह सैनी ने समाज के लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपने बच्चों को सैनी समाज के इतिहास और सैनी समाज के महापुरूषों के बारें में अवश्य ही बताये। उन्होंने यह भी कहा कि एक रोटी कम खाओं मगर बच्चों को शिक्षा अवश्य ही दिलवाओं, जिससे की बच्चे पढ़-लिखकर समाज का नाम रोशन करें। उन्होंने आगे बताया कि सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की सहायता करनी चाहिए। जिससे की सभी वर्ग के लोगों का कल्याण हो सके।

## नांगलोईः हम सभी को पेड़-पौधों की रक्षा परिवार की तरह करनी चाहिए : संगीता चौधरी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़-पौधे जरूरी हैं। ये हमें जीवन के लिए आक्सीजन, खाने के लिए फल और गर्मी में छांव देते हैं। धरा को हरा-भरा करने एवं जीवन को बचाने के लिए सबको पौधारोपण का संकल्प लेने की जरूरत है।



जियो खुशहाल ह्यूमन राइट्स संस्था की प्रेसिडेंट संगीता चौधरी ने कहा कि पौधारोपण सबकी जिम्मेदारी है। हम सबको अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। पर्यावरण स्वच्छ है तभी जीवन स्वस्थ्य है। पौधे जब बड़े होते हैं तो यह हमें फल, फूल व छाया सहित जीवन जीने के लिए आक्सीजन देते हैं।

**पर्यावरण और जीवन का अटूट संबंधः** पर्यावरण संरक्षण का दायित्व प्रत्येक व्यक्ति का है। हमारे पूर्वजों द्वारा लगाए गए वृक्षों का लाभ हमें मिल रहा है। हमारे आस-पास हरियाली दिख रही है। इस कर्तव्य को पूरा करने का दायित्व प्रत्येक व्यक्ति का है।

**पर्यावरण को बचाना सबकी जिम्मेदारीः** प्रत्येक व्यक्ति अपने आस-पास ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं। इससे हमें स्वच्छ हवा मिलेगी। हम कई तरह की बीमारी से बच सकते हैं। कई तरह की गंभीर बीमारियां पर्यावरण के दूषित होने से बढ़ रही हैं। इसे गंभीरता से समझना होगा और हर व्यक्ति को जनहित व देशहित में पौधारोपण करने का संकल्प लेना होगा

**पेड़-पौधे की करें देख-रेखः** प्रत्येक व्यक्ति को पौधा लगाने और इसकी देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए। पौधारोपण से पर्यावरण साफ, स्वच्छ और स्वास्थ्यवर्धक होने के साथ-साथ यह हमारे लिए कई प्रकार से लाभकारी सिद्ध हो रहा है।

**पौधों से मिलती है कई प्रकार की औषधियांः** पेड़-पौधे जहां एक ओर हमें फल और फूल देते है वहीं इनसें में कई प्रकार की औषाधियां भी मिलती है।

## त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र में सुविधाओं का टोटा, नहीं है एक भी सरकारी अस्पतालः मुकेश गांधी

**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**
**जहां** एक ओर तो केजरीवाल सरकार बड़ी-बड़ी डींगे हांकने में कोई कसर नहीं छोड़ती है, कि हम शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाए हैं, हमने स्वास्थ्य सेवाओं को लोगों तक पहुंचाया है, आप के राज में दिल्ली मे विकास की क्रांति आई है। वहीं दूसरी ओर त्रीनगर विधानसभा सभा के लोग बुनियादी सुविधाओं को लेकर सालों से त्रस्त हैं।



वहीं त्रीनगर के वार्ड-63 के भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश गांधी ने कहा है कि जब से प्रीति तोमर विधायक बनी है तभी से वह क्षेत्र से गायब है, उनको कभी-कभी उद्घाटन व किसी समारोह में फीता काटते हुए ही देखा जा सकता है। मुकेश गांधी ने यह भी कहा है कि त्रीनगर वार्ड में जो दिल्ली सरकार का मोहल्ला क्लिनिक बनाया गया है, वो भी बस नाम मात्र के लिए ही है, क्योंकि मोहल्ला क्लिनिक में न तो मरीजों का टेस्ट हो पाता है और न ही दवाइयां मिलती है, जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है।

**नहीं है एक भी अस्पतालः** पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश गांधी ने बताया कि त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र में सरकारी अस्पताल नहीं होने से लाखों लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा के लिए निजी अस्पताल या दूर-दराज के सरकारी अस्पतालों में जाना पड़ता है।

**कॉलोनी में आ रहा है गंदा पानीः** कॉलोनी में काफी लंबे समय से गंदे पानी की आपूर्ति की जा रही है, जिससे लोग बीमारियों के डर से बाजार से खरीदकर पानी पीने को मजबूर हैं और केजरीवाल सरकार कहती है कि हम दिल्ली की जनता को मुफ्त पानी दे रहे है।

**पार्क बन रहे है पार्किंग स्थलः** मुकेश ने बताया कि अधिकांश डीडीए के पार्क पार्किंग स्थल में तब्दील हो चुके हैं, पार्कों की हरियाली नदारद है। पार्क में लगी स्ट्रीट व हाईमास्ट लाइट भी खराब है। फुटपाथ टूटा हुआ है। असुविधाओं की वजह से लोग अब पार्क में जाने से कतराते हैं।

## छत्रपति शिवाजी महाराज का जीवन सभी के लिए अनुकरणीयः वीरेन्द्र भारद्वाज

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
शिवाजी कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय छत्रपति शिवाजी के राज्यारोहण "हिंदवी स्वराज" के 350वें स्थापना वर्ष को पूरे वर्ष मनाने जा रहा है। कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर वीरेंद्र भारद्वाज ने बताया की छत्रपति शिवाजी महाराज का जीवन हम सभी भारत वासियों के लिए अनुकरणीय है और छात्रों तक उनके किये गए महान कार्यों को पहुंचने के उद्देश्य से हिंदवी स्वराज के स्थापना वर्ष को "शिवराज 350"के रूप में मनाया जाएगा। इसमें विभिन्न सांस्कृतिक समिति एवं विभागों द्वारा वर्ष भर छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन को केंद्र मानकर कार्यक्रम करेगा। इसकी औपचारिक शुरूआत 28 अक्टूबर 2023 से हो गई है। जिसमें कॉलेज की तर्क- वितर्क समिति द्वारा "शिवाजी भोसले संसदीय वाद-विवाद" प्रतियोगिता का आयोजन होगा। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि प्रोफेसर प्रकाश सिंह (डायरेक्टर साउथ कैंपस दिल्ली विश्विद्यालय) होंगे। इस कार्यक्रम में शिवाजी महाराज की कांस्य रोलिंग ट्रॉफी (चल वैजयंती) का अनावरण किया जायेगा। इस कार्यक्रम में पूरे देश भर से 50 टीमें शिरकत करेंगी। त्रिदिवसीय इस कार्यक्रम के अंतिम दिन विजेताओं को चल वैजयंती ट्रॉफी प्रदान की जायेगी। 30 अक्टूबर को पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि उदय माहुरकर जी ( लेखक, इतिहासकार एवं केंद्रीय सूचना आयुक्त) होंगे। इसी कड़ी में नवंबर में सांस्कतिक समिति द्वारा शिवाजी महाराज के जीवन पर एक स्टेज प्ले, डांस, मराठी लोकगीत एवं मराठा संस्कृति को प्रदर्शित करने के लिए फैशन शो का आयोजन करेगा। कॉलेज के राजनीति विज्ञान, इतिहास, हिंदी, वाणिज्य एवं अर्थशास्त्र विभागों द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज के युद्ध कौशल,समरसता, अर्थ एवं कर प्रणाली आदि विषयों पर कार्यक्रम का आयोजन होगा।







शालीमार गांव के समाजसेवी डॉ. आईडी सैनी का सम्मान करते हुए समाजसेविका ज्योति सैनी व अन्य।

# 'गौरवशाली भारत बनाने के लिए कमल का बटन दबाने का संकल्प लें पन्ना प्रमुख'

## एनआईटी विधानसभा पन्ना प्रमुख सम्मेलन में बोले धनखड़ - सेवादार की तरह केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं पन्ना प्रमुख

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि भारत का गौरव हम सभी का गौरव है, भारत का सम्मान हम सभी का सम्मान है और भारत का विकास हम सभी का विकास है। मिशन-2024 को जीतने के लिए सभी पन्ना प्रमुख सेवादार व चौकीदार की तरह राज्य की योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने का काम करें। उन्होंने कहा कि पन्ना प्रमुख भारत माता की जय व गौरवशाली भारत के लिए कमल का बटन दबाने का संकल्प का लेकर घर-घर जाएं और लोगों को भाजपा से जोड़ें। श्री धनखड़ रविवार को फरीदाबाद एनआईटी विधानसभा पन्ना प्रमुख सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले श्री धनखड़ ने पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ फरीदाबाद विधानसभा के सीही बूथ नंबर 166 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात को सुना। उन्होंने कहा कि मोदी जी की ह्यमन की बातह्न सुन कर हमेशा नए विचार, नई दिशा व नई ऊर्जा मिलती है। सम्मेलन को केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने भी संबोधित किया और मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनवाई। इस मौके पर जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, जिला प्रभारी मनीष यादव, जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल व आरएन सिंह, पूर्व विधायक नगेन्द्र भड़ाना, नीरा तोमर, यशवीर डागर, प्रदेश प्रवक्ता बिजेंद्र नेहरा, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष भगवान सिंह, मंडल अध्यक्ष संजीव सोम, कवीन्द्र सिंह, संदीप भड़ाना, लक्ष्यवर्धन सिंह, पार्षद मनवीर भड़काना, महेंद्र सरपंच, दिगपाल रावत, मनोज बालयान व भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि मोदी सरकार के साढ़े 9 सालों में हमने आस-पास बहुत कुछ बदलते हुए देखा है। हाइवे, एक्सप्रेस-वे और सड़कों का जाल बिछते देखा। हर घर शौचालय, गरीबों के घरों में उज्जवला योजना के तहत गैस और हर घर नल से पानी आते हुए हम देख रहे हैं। केंद्र की आयुष्मान योजना और हरियाणा की चिरायु कार्ड योजना से



गरीबों का मुफ्त इलाज हो रहा है। श्री धनखड़ ने कहा कि आजादी का अमृतमहोत्सव 31 अक्टूबर को पूरा हो रहा है। पूरे देश से शहीदों के घरों, गांवों की पवित्र मिट्टी मंगाई गई है। देश से 15 हजार मंडल अध्यक्ष दिल्ली पहुंचेंगे। हरियाणा से भी 311 मंडल अध्यक्ष पवित्र मिट्टी लेकर दिल्ली पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि इस मिट्टी से शहीदों की याद में शानदार वाटिका बनेगी। श्री धनखड़ ने कहा कि भाजपा ने शहीदों का सम्मान बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भाजपा सरकार ने ग्राम गौरवपट्ट लगवाए थे, और अब मोदी जी ने पूरे देश में शहीदों की याद में शिलापट्ट लगाने की घोषणा करके शहीदों को सम्मान दे रहे हैं। ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि आप लोगों ने

**चिंतन**

8 मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत श्रेष्ठ भारत के रूप में आगे बढ़ रहा है भारत : गुर्जर

8 मन की बात सुन कर हमेशा नए विचार, नई दिशा व नई ऊर्जा मिलती है

2014 और 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार दी। इसी का परिणाम है कि सबका साथ, सबका विकास और सबके प्रयास से मोदी जी ने देश के गौरव को बढ़ाया है। मोदी जी के नेतृत्व में दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 उतरते हुए हम देख रहे हैं। आदित्य एल-1 की उड़ान को हम सभी ने देखा। जी-20 की सफलता से भारत का सम्मान और प्रभुत्व दुनिया में बढ़ा। श्री धनखड़ ने कहा कि पहले अमेरिका में स्वामी विवेकानंद (नरेंद्र) के लिए तालिया बजते हमने सुना था और अब नरेंद्र मोदी के लिए अमेरिका की सीनेट में मोदी-मोदी के नारे लगते हुए हम देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर से धारा-370 को टूटते और अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर का निर्माण होते देख रहे हैं, यही बदलता हुआ भारत है। राष्ट्रीय सचिव धनखड़ ने कहा कि मोदी की दूरदर्शी सोच और सशक्त नेतृत्व का लोहा आज पूरी दुनिया मान रही है। विश्व भर में भारत का मान और सम्मान बढ़ा है। मोदी सरकार में मूलभूत सुविधाओं की होम डिलवरी हो रही है। उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि ये लोग बड़े मायावी होते हैं। हमें धारा-370 को लगाने वाली पार्टी को ध्यान में रखना है उसे भूलना नहीं है। राम मंदिर निर्माण के खिलाफ 21-21 वकीलों को खड़ा करने वाली पार्टी को भी नहीं भूलना है। राम लला को बाबरी मस्जिद में किसने रखा और उसके बाद किसने टेंट में बैठाया यह भी याद रखने वाली बात है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सोच और उसकी झूठ को जनता अब भली भांति समझ चुकी है।

## संक्षिप्त खबरें

### सांस्कृतिक अहीरवाल एक लाख परिवारों में अहीरवाल की गौरव गाथा को पहुंचाएगा

**नारनौल।** सांस्कृतिक अहीरवाल संस्था संपूर्ण अहीरवाल क्षेत्र में 100000 परिवारों में अहीरवाल की गौरव गाथा से संबंधित साहित्य पहुंचाएगा। इस आशय की जानकारी देते हुए सांस्कृतिक अहीरवाल के निदेशक सत्यव्रत शास्त्री ने बताया कि संपूर्ण अहीरवाल को सात जिलों में बांटा गया है जिसमें तीन हरियाणा तीन राजस्थान और एक दिल्ली क्षेत्र में है इस परीक्षा के लिए हर जिले में एक जिला संयोजक नियुक्त किया गया है और हर जिले में संपर्क परिवारों का लक्ष्य भी तय किया गया है आज की बैठक में नांगल चौधरी, नारनौल, निजामपुर ,सीहमा अटेली और नारनौल नगर इकाई के संयोजक और सहसंयोजक सम्मिलित हुए। बैठक में सर्व समिति से ओम प्रकाश यादव सेवानिवृत्ति प्राध्यापक को इस परीक्षा का जिला संयोजक तथा राजकुमार यादव और सतीश यादव खेड़ा को सहसंयोजक नियुक्त किया गया है। आज की बैठक के बाद जिला संयोजक ओम प्रकाश यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा महेंद्रगढ़ जिले में 30000 परिवारों में अहीरवाल के संबंध में बनाई गई प्रश्नोत्तरी पुस्तिका पहुंचाई जाएगी। इस पुस्तिका में संपूर्ण अहीरवाल से सांस्कृतिक, ऐतिहासिक सामाजिक और राजनैतिक महत्व की 350 जानकारियां सम्मिलित की गई है इन महत्वपूर्ण जानकारी का अहीरवाल के सभी लोगों को विशेष कर युवा पीढ़ी को इसकी जानकारी मिलेगी तो वह अपने पूर्वजों पर गर्व अनुभव करेंगे और अपने पूर्वजों के द्वारा किए गए संघर्ष को याद रखने के लिए इन विशेष जानकारी को जन-जन तक पहुंचने में सहयोग करेंगे ।पुस्तक वितरण के अनेक पहलुओं पर गंभीर मंथन किया गया और तय किया गया जिले की प्रत्येक शिक्षण संस्था में और गांव में रहने वाले सभी प्रबुद्ध लोगों तक इस पुस्तक को पहुंचाया जाएगा और उन सभी से भी आग्रह किया जाएगा यदि इस संबंध में और किन्हीं चीजों को जोड़ना हो तो अवश्य ही संस्था को अवगत कराया जाए आज की बैठक में जिला संयोजक ओम प्रकाश यादव ने सभी इकाई प्रमुखों को निवेदन किया है कि अपनी अपनी इकाई में अधिक से अधिक लोगों तक यह जानकारी पहुंचे ऐसा हर गांव की टीम के सहयोग से गांव के अधिकतम प्रबुद्ध लोगों तक पहुंचाया जाए। शिक्षण संस्थानों में इस प्रश्नोत्तरी पुस्तिका के माध्यम से क्विज कार्यक्रम या लिखित परीक्षा दोनों में से कुछ भी करवाया जा सकता है इसी प्रकार जिन गांवों में बड़े विद्यालय नहीं है वहां गांव में कार्यरत किसी न किसी संस्था का या प्रबुद्ध लोगों का सहयोग लेकर उसे गांव के युवाओं के बीच भी इस प्रकार की प्रतियोगिता परीक्षाएं आयोजित की जायेगी ।आज की बैठक में ओमप्रकाश रावत, शीशपाल यादव, आशीष सैणी, मनजीत यादव भीलवाड़ा , ओमप्रकाश अध्यापक छापडा, कैप्टन रामकिशन यादव,सांवत सिंह यादव गोद ,सत्यवीर थानेदार, रामसिह मधुर आदि उपस्थित रहे।

### नवनियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सांसद नायब सैनी को भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी बधाई: प्रवीन सैनी

**हरियाणा/हिसार :** हरियाणा भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सांसद नायब सैनी को चंडीगढ़ में भाजपा कार्यकर्ता प्रवीन सैनी, (इछअ-1 बरवाला विधानसभा) व अनेक भाजपा कार्यकत्ताओं ने बधाई देते हुए उनकी नई राजनितिक पारी के लिए ग शुभकामनायें दी। भाजपा कार्यकर्ता ने कहा की भाजपा में



सभी वर्गों को पूरा -मान सम्मान मिल रहा है। ओबीसी वर्ग ने केंद्र व प्रदेश में भाजपा सरकार बनाने में अपनी अहम् भूमिका निभाई।इसलिए ओबीसी वर्ग के नेताओं को सरकार व संगठन में अहम् जिम्मेदारी मिल रही है। प्रवीन सैनी ने सांसद नायाब सैनी को प्रदेश अध्यक्ष की कमान मिलने पर इसे समाज के लिए गर्व की बात बताया। प्रवीन सैनी ने कहा कि भाजपा ने समाज को पूरा मान-सम्मान दिया है। हरियाणा का समाज कर्मयोगी यशस्वी माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय जगतप्रकास नड्डा जी देश के ग्रह मंत्री माननीय अमित शाह जी और हरियाणा के तपस्वी यशस्वी कर्मशील मुख्यमंत्री माननीय मनोहर लाल जी एवं शीर्ष नेतृत्व का ह्रदय से आभार जताते है प्रवीन सैनी ने कहा की नायब सैनी जी को अध्यक्ष बनाना संगठन की दृष्टिकोण से यह सराहनीय फैसला है। सांसद नायब सैनी कर्मठ, मेहनती, व सबको साथ लेकर चलने वाले नेता है। उनके प्रदेश अध्यक्ष बनने से निश्चित तौर पर पार्टी को मजबूती मिलेगी। भाजपा कार्यकर्त्ता ने कहा कि जल्द ही नवनियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सांसद नायब सैनी का बरवाला, हांसी, हिसार में भव्य स्वागत समारोह समाज के नेतृत्व में किया जायेगा।

### अमृत वाटिका के लिए जिला के गांवों की माटी लेकर सदस्य हुए रवाना

**कैथल।** दिल्ली में अमृत वाटिका बनाने के लिए देश के प्रत्येक गांव और वार्ड से कलशों के माध्यम से मिट्टी और चावल पहुंच रहे हैं। इसी तरह जिला से भी रविवार को बीडीपीओ अनु टांक व नरेंद्र कुमार ने अमृत कलश यात्रा को लघु सचिवालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अमृत कलश यात्रा में 7 ब्लॉक और 6 यूएलबी से कलशों के माध्यम से प्रत्येक गांव और वार्ड की मिट्टी दिल्ली के लिए भेजी गई। डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों से 29 अक्टूबर को सायं तक कुल 231 कलश दिल्ली पहुंचने हैं। जिनमें 143 ब्लॉक और 88 शहरी स्थानीय निकायों से होंगे।

## 'वाल्मीकि ने रामायण की रचना कर विश्व में हासिल की अमिट पहचान'

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव सीही के वाल्मीकि में महर्षि वाल्मीकि जी का प्रकटोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उदयभान ने शिरकत की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लखन कुमार सिंगला ने किया। आयोजन समिति में सूरजमान सहित वाल्मीकि समाज के गणमान्य लोग मौजूद थे। इस अवसर पर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान ने सर्वप्रथम भगवान वाल्मीकि जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि भगवान वाल्मीकि ने रामायण जैसे धार्मिक ग्रंथ की रचना



करके न केवल देश बल्कि पूरे विश्व में एक अमिट पहचान स्थापित की। इस धार्मिक ग्रंथ को आज भी लोग पूरी श्रद्धा और भावनाओं के साथ देखते है। उन्होंने कहा कि भगवान वाल्मीकि जी ने महाकाव्य रामायण में आध्यात्मिक, सामाजिक एवं राजनीतिक ज्ञान देकर समस्त मानव जाति पर किया उपकार। उनकी शिक्षाएं मनुष्य का मार्गदर्शन करने में हमेशा सार्थक सिद्ध हुई है, भगवान वाल्मीकि ने रामायण में अश्वमेघ यज्ञ

**धूमधाम से**

8 गांव सीही के वाल्मीकि में महर्षि वाल्मीकि जी का प्रकटोत्सव धूमधाम से मनाया गया

का घोड़ा लव ओर कुश द्वारा पकड़े जाने की घटना लिखकर मानव जाति को शिक्षा, संघर्ष और अन्याय के सामने कभी न झुकने का संदेश भी दिया है। उदयभान ने कहा कि आज उनके प्रकटोत्सव पर हमें उनके बताए आदर्शो पर चलने का संकल्प लेना चहिए। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लखन कुमार सिंगला के संयोजन में वाल्मीकि समाज के गणमान्य लोगों ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष का शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। लखन कुमार सिंगला ने कहा कि भगवान वाल्मीकि ने समाज को एकता का संदेश दिया था, उस संदेश को कांग्रेस पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता आम जन में पहुंचाने का कार्य कर रहा है और भाईचारे की भावना को बढ़ावा दे रहा है। इस अवसर पर इस अवसर पर कुंवर बालू सिंह एडवोकेट, विरेंद्र वशिष्ठ, अंश वत्स, विजय कुमार, गिरीश भारद्वाज, अब्दुल गफ्फार कुरैशी, सुधीर चौधरी, कर्मबीर खटाना, तेवतिया साहब, एसके त्यागी, बच्चू सिंह तेवतिया, राजबीर हुड्डा, बिल्लू पहलवान, मन्नू तेवतिया सहित गांव के गणमान्य लोग मौजूद थे।

## दुकानदार पर फायरिंग करने के मामले में तीसरे आरोपी को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 प्रभारी शीशपाल की टीम ने 12 जून 2023 को मुजेसर एरिया में 5 आरोपियों द्वारा शराब के ठेके के विवाद में दुकानदार अनिल कुमार का अपहरण करके उसके पैर में गोली मारने तथा धमकाने के मामले में आगे कार्रवाई करते हुए तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच द्वारा इस मामले में शामिल दो आरोपी विकास तथा हर्ष को वारदात के दो दिन के अंदर ही



गिरफ्तार कर लिया गया था। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम जगदीप उर्फ जग्गा (35) है जो पलवल के चांदहट का रहने वाला है। दिनांक 12 जून को आरोपी व उसके चार अन्य साथियों सोनू, विनोद उर्फ बिन्नी, विकास तथा हर्ष का मुजेसर एरिया में शराब के ठेके की बाबत विवाद हुआ।

### नशा तस्कर को 1 किलो 600 ग्राम अफीम सहित पकड़ा

**यमुनानगर।** अपराध शाखा-1 की टीम ने एक किलो 400 ग्राम अफीम के साथ उत्तराखंड के जिला टिहरी गढ़वाल के गांव खयारसी निवासी नरेंद्र कुमार को गिरफ्तार किया। आरोपित को पांवटा साहिब रोड पर ताजेवाला के पास से पकड़ा गया। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया और रविवार को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया। पकड़ी गई अफीम की कीमत लगभग 6 लाख रुपये आंकी गई है। अपराध शाखा-1 के इंचार्ज केवल सिंह ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली थी कि नरेंद्र कुमार मादक पदार्थों की तस्करी करता है।

## 'भाजपा राज में ग्रामीण क्षेत्रों का भी हो रहा तेज विकास'



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)।** विधायक राजेश नागर ने आज गांव लालपुर में फिरनी के निर्माण का कार्य शुरू करवाया। इस अवसर पर स्थानीय बुजुर्गों के हाथ नारियल फुड़वाया गया। इसके निर्माण पर करीब 22 लाख रुपये की लागत आएगी। इस अवसर पर विधायक राजेश नागर ने बताया कि ग्रामीणों की मांग पर विकास कार्य हो रहे हैं। आज तिगांव विधानसभा क्षेत्र के गांवों में भी तेज गति से विकास हो रहे हैं। जहां देखिए वहां विकास कार्य चल रहे हैं। जिससे तेजी से लोगों को सडकें, नालियां, खडंजे मिल रहे हैं। इस क्षेत्र में भी कई गलियां सडकें बन चुकी हैं। आज दो और सडकों के निर्माण का काम शुरू करवाया है। जिनको बनाने पर करीब 22 लाख रुपये की लागत आएगी। यह निर्माण कार्य करीब एक महीने में पूरा हो जाएगा। विधायक राजेश नागर ने बताया कि हरियाणा की मनोहर सरकार ने जिस प्रकार विकास को गति दी है। उससे सभी बहुत प्रसन्न हैं। उन्होंने बताया कि दो दिन पहले ही हरियाणा की सरकार ने अपने सुशासन के नौ वर्ष पूरे किए हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने नौ वर्षों का लेखा जोखा रखा है जिसके सामने पूर्व की सरकारें कहीं नहीं ठहरती हैं। नागर ने सेवा का अवसर दिए जाने पर स्थानीय जनता का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आशीर्वाद से विकास में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। आप लोग अपनी स्थानीय समस्याओं के लिए मुझसे कभी भी मिल सकते हैं। उन्होंने बताया कि गांव किडावली में स्कूल की मांग को शिक्षा मंत्री के समक्ष रख दिया है। वहीं इनकी बस चलाने की मांग को पूर्व में ही पूरा किया जा चुका है। यहां विधायक के पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। उनको पगड़ी बांधकर फूलमाओं के साथ सम्मान दिया गया। वहीं सपेरा पार्टी ने मधुर धुनों के साथ पद संचालन किया। इस अवसर पर लालपुर सरपंच ललित चौहान, किडावली सरपंच केहर सिंह, ददसिया सरपंच धर्मपाल, चन्दा सरपंच, विशेष सरपंच, पवन त्यागी, ओमप्रकाश चौहान, विजय सिंह चौहान, हीरा सिंह, कैलाश सरपंच, सुभाष नम्बरदार, मास्टर धर्मसिंह, दरबारा सिंह, नीरज चौहान, केसी बडगुर्जर आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## अपहरण तथा लूट के मुकदमे में दो आरोपी अरेस्ट

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)।** डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 85 प्रभारी जोगिंद्र सिंह व उनकी टीम ने अपहरण तथा लूट के मुकदमे में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए विष्णु आरोपियों में विष्णु तथा मोहन श्याम उर्फ छोटू का नाम शामिल है दोनों आरोपी यूपी के मथुरा के निवासी हैं जिसमें आरोपी विष्णु अब फरीदाबाद के सारण एरिया में रहने लगा था और प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता था। इस मामले में आरोपियों के दो अन्य साथी मथुरा के रहने वाले सियाराम तथा जगदीश की धरपकड़ जारी है



जिन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। आरोपी सियाराम इस वारदात का मुख्य आरोपी है जिसने लूट की यह योजना बनाई थी। 23 अक्टूबर 2023 को फरीदाबाद के सिटी बल्लभगढ़ थाने में अपहरण तथा लूट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपियों

**काबू किया**

8 फरीदाबाद के सिटी बल्लभगढ़ थाने में अपहरण तथा लूट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था

ने एक राह चलते व्यक्ति के साथ अपहरण तथा लूट की वारदात को अंजाम दिया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह 22 अक्टूबर की शाम करीब 6:00 बजे पत्थवारी मंदिर रोड पर से शनि मंदिर तक पैदल घूम रहा था कि जब वह स्कूल के पास पहुंचा तो उसके पास मोटरसाइकिल पर सवार दो लड़के आए जो उससे रास्ता पूछने लगे। बातों बातों में पीछे बैठे लड़के ने उसे अपना गमछा सुंघाया और दोनों आरोपी उसे मोटरसाइकिल पर बैठाकर सेक्टर 62 एरिया में सुनसान जगह पर ले गए और उसके साथ मारपीट की तथा उसके मोबाइल का लॉक खुलवाकर उसके खाते से जबरदस्ती ?17000 अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिए। इसके पश्चात आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके उनकी तलाश शुरू की गई। क्राइम ब्रांच की टीम ने मामले में आगे कार्रवाई करते हुए 26 अक्टूबर को तकनीकी सहायता तथा गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर उक्त दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

## पुलिस ने साइबर अपराध, नशा मुक्ति को लेकर किया जागरूक

**बल्लभगढ़/फरीदाबाद, 29 अक्टूबर (हरपाल सिंह यादव )।** पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के दिशा निर्देश में चलाए जा रहे जागरूकता अभियान में आज दिनांक 29 अक्टूबर को पुलिस उपायुक्त बल्लभगढ़ राजेश दुग्गल के नेतृत्व में इंचार्ज सीनियर सिटीजन सेल निरीक्षक माया ने आदर्श नगर थाना बल्लबगढ़ में वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और नौजवानों को साइबर सुरक्षा, आपातकालीन सेवा डायल 112 , महिला विरुद्ध अपराध के बारे में आमजन को जागरूक किया। इस मौके पर एसीपी बल्लभगढ़ श्री विष्णु प्रसाद, थाना आदर्श नगर प्रभारी जोगिंदर सिंह तथा नागरिकों में भरतपाल, राम



अवतार,लख्मीचंद,महेंद्र सिंह,नंदराम शर्मा,राधेश्याम ,जितेंद्र भाटी और महिलाओं में कमला देवी, शांति देवी, प्रीति, दयावती, स्नेहलता सहित अन्य नागरिक मीटिंग में मौजूद रहे। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि डीसीपी बल्लबगढ़ राजेश दुग्गल ने नागरिकों को डायल 112 प्रोजेक्ट के बारे में अवगत कराते हुए बताया कि कैसे डायल 112 प्रोजेक्ट काम करता है। जैसे ही डायल 112 की कॉल पुलिस तक पहुंचती है। पुलिस की गाड़ी 10 से 15 मिनट के अंदर शिकायतकर्ता के पास पहुंचती है और शिकायतकर्ता की समस्या का निवारण करती है। इसके साथ ही यदि कोई व्यक्ति दुर्घटना या घटना में घायल हुआ है। उसके प्राथमिक उपचार के लिए गाड़ी में फर्स्ट एड किट भी उपलब्ध होती है जिसे तुरंत उपचार देकर घायल को अस्पताल पहुंचाया जाता है। साथ ही सीनियर सिटीजन सेल इंचार्ज निरीक्षक माया ने बताया कि रात्रि के समय असुरक्षित महसूस करने पर महिलाएं तुरंत 112 नंबर पर कॉल करके पुलिस टीम को बुला सकती हैं। डायल 112 की गाड़ी महिलाओं को सुरक्षित उनके घर पर छोड़ेगी। इस मौके पर डीसीपी बल्लबगढ़ और सीनियर सिटीजन सेल इंचार्ज ने लोगों को साइबर से संबंधित होने वाले अपराधों के बारे में जागरूक किया और उन्हें बतलाया कि वह किस तरह से इस प्रकार के अपराधों से बच सकते हैं। सीनियर सिटीजन सेल इंचार्ज माया ने महिलाओं को महिला विरुद्ध अपराधों के बारे में विस्तार से बतलाया और महिलाओं के साथ होने वाले विभिन्न प्रकार के अपराधों के बारे में जागरूक किया। आज के समय में बढ़ रहे साइबर क्राइम के संबंध मे लोगों को जागरूक किया और डीसीपी बल्लबगढ़ वरिष्ठ नागरिकों उसको उनके साथ होने वाले अपराधों के बारे में बताया और उन्हें समझाया कि वह किस प्रकार से अपनी हर समस्या का समाधान पुलिस की मदद से निकाल सकते हैं और उन्हें उनके अधिकारों के बारे में अवगत कराया बताया कि वह किस तरीके से अपने साथ होने वाली साइबर ठगी से बच सकते हैं।

## मां द्वारा पढ़ाई का दबाव बनाने के कारण नाराज होकर घर से निकली, सकुशल परिजनों को सौंपा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सरजीत सिंह व उनकी टीम ने घर से नाराज होकर निकली 18 वर्षीय लड़की को सकुशल बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि 18 अक्टूबर को सेक्टर 58 थाने में लड़की की गुमशुदगी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें लड़की के परिजनों ने बताया कि उनकी बेटी किसी बात से नाराज होकर घर से चली गई है और उसका कहीं भी पता नहीं



चल पा रहा। उनके परिजनों ने बताया कि उन्होंने लड़की की हर जगह तलाश करने की कोशिश की परंतु उन्हें इसका कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों की शिकायत के आधार पर थाने में मुकदमा दर्ज करके उसकी तलाश की गई। क्राइम ब्रांच की टीम ने लड़की की तलाश के लिए काफी प्रयास किया और गुप्त सूत्रों व तकनीकी के आधार पर लड़की के अपने मामा के घर होने का पता लगाया और वहां जाकर उसे सकुशल बरामद कर लिया।

हरियाणा सरकार

G20 भारत 2023 INDIA

आज़ादी का अमृत महोत्सव

# सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास



"'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र से प्रेरित होकर हमारी सरकार ने लोक-समर्थक शासन को बढ़ावा देने के लिए कई प्रयास किए हैं, जो गरीबों, युवाओं, किसानों, महिलाओं और वंचित समुदाय की मदद करते हैं।"

**- नरेन्द्र मोदी**

हरियाणा एक-हरियाणवी एक
पढ़ी-लिखी पंचायतें आधुनिक राजस्व रिकॉर्ड रूम
खिलाड़ियों को सर्वाधिक पुरस्कार राशि अंतर जिला परिषद्
वन टाइम रजिस्ट्रेशन पोर्टल सूक्ष्म सिंचाई तालाबों का जीर्णोद्धार
हर खेत स्वस्थ खेत बागवानी MSP पर सबसे ज्यादा फसलों की खरीद ग्राम दर्शन पोर्टल
ई-ऑफिस 15 कि.मी. में महिला कॉलेज हरियाणा रोजगार कौशल निगम प्ले वे स्कूल



नागरिक संसाधन सूचना विभाग
कॉमन पात्रता परीक्षा सक्षम युवा योजना
ऑक्सीजन खेती हर टेल में पानी
अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव
मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना
स्वामित्व योजना
ऑनलाइन ट्रांसफर प्रणाली
म्हारा गांव जगमग गांव
मेरिट पर नौकरी ई-गवर्नेंस
मेरा पानी मेरी विरासत
भावांतर भरपाई योजना
हर खेत स्वस्थ खेत हरियाणा-112
अंत्योदय सरल पोर्टल
संस्कृति मॉडल स्कूल
छात्रों को टैबलेट
ऑपरेशन संवेदना
किसान मित्र योजना
हर-हित स्टोर
सुपर-100 कार्यक्रम

HEPC एक ही परिसर में के.जी. से पी.जी.
ऑक्सीवन प्राणवायु देवता पेंशन
छात्रा परिवहन सुरक्षा योजना
मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना
परिवार पहचान-पत्र
ऑटो अपील प्रणाली
सीएम विंडो दुर्गा शक्ति ऐप
बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ
ईज ऑफ डूईंग बिजनेस
मेरी फसल-मेरा ब्योरा
पशुधन क्रेडिट कार्ड योजना
प्रगतिशील किसान सम्मान
ऑनलाइन CLU
खेल नर्सरी ई-संजीवनी OPD
स्किल यूनिवर्सिटी
उत्कृष्ट खेल नीति
खेलो इंडिया 2021
पौधगिरी योजना

सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana